


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-28 अंक : 182 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.3 2080 सोमवार, 18 सितंबर-2023

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

# यशोभूमि के पहले फेज का उद्घाटन

## यह एशिया का सबसे बड़ा कन्वेंशन और एक्सपो सेंटर, मोदी मेट्रो से पहुंचे, कामगारों से मिले



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 17 सितंबर को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन और एक्सपो सेंटर यशोभूमि (आईआईसीसी) के पहले पार्ट का इनॉगरेशन किया। दिल्ली के द्वारका में बना यह दुनिया का सबसे बड़ा एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन) सेंटर है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने द्वारका सेक्टर-21 से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 तक बने एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन (मेट्रो लाइन) के एक्सटेंशन का उद्घाटन किया। नया यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 अंडर ग्राउंड स्टेशन है, जो सीधे शहर की जरूरी जगहों जैसे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जुड़ा होगा। प्रधानमंत्री इसी मेट्रो में सवार होकर कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने पारंपरिक काम करने वाले कामगारों से मुलाकात की। यह कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम से भी बड़ा है, जहां 9 और 10 सितंबर को जी-20 की मीटिंग हुई थी। यशोभूमि 219 एकड़ में करीब 5400 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। वहीं, प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम 123 एकड़ में तैयार किया गया है।

## मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना लॉन्च की

**13 हजार करोड़ का फंड, 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा होगा**

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। आज (17 सितंबर) विश्वकर्मा जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना लॉन्च की हैं। इस योजना से 18 व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा होगा। इसके लिए 13 हजार करोड़ का आउटले (फंड) बनाया जाएगा।

**मोदी के भाषण की प्रमुख बातें...**

हमारे यहां कहा गया है, जो समस्त संसार की रचना और उससे जुड़े निर्माण कार्य करता है, उसे विश्वकर्मा कहते हैं। हजारों साल से जो साथी बनाने के मूल रहे हैं, वे विश्वकर्मा हैं। समाज के विकास में विश्वकर्मा साथियों का बड़ा योगदान है। इनके बिना रोजमर्रा की कल्पना भी मुश्किल है।

हमारी जिंदगी में लोहार, दर्जी, जूते वालों की अहमियत कभी खत्म नहीं हो सकती है। आज भी हम मटके और सुराही का पानी पीना पसंद करते हैं। टेक्नोलॉजी कहीं भी पहुंच जाए, इनकी अहमियत हमेशा रहेगी। हमारी सरकार विश्वकर्मा भाइयों का सम्मान और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए सहयोगी बनकर सामने आई है।

शायद ही कोई गांव होगा, जहां 18 प्रकार के काम करने वाले लोग नहीं होंगे। इस योजना में इस सभी लोगों को शामिल किया गया है। सरकार योजना के लिए 13 हजार करोड़ रुपये खर्च करने वाली है। मैं 30-35 साल पहले ब्रसेल्स गया था। मुझे एक मित्र ज्वेलरी मार्केट ले गए। उन्होंने बताया कि यहां मशीन से बनी ज्वेलरी की मांग कम और हाथ से बनी ज्वेलरी की मांग ज्यादा होती है। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां आपके दरवाजे पर खड़ी हों, हम ये सामर्थ्य पैदा करना चाहते हैं।

>14



गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

स्वतंत्र वार्ता के सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं।

– प्रधान संपादक

**अवकाश सूचना**

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में 18 सितंबर को स्वतंत्र वार्ता कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 20 सितंबर को प्रकाशित होगा

–प्रबंधक

# 'हैदराबाद लिबरेशन डे' कार्यक्रम में शामिल हुए अमित शाह

## बोले- पुरानी सरकारों ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते इसका जश्न नहीं मनाया

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमित शाह रविवार को 'हैदराबाद लिबरेशन डे' कार्यक्रम में शामिल हुए। हैदराबाद के परेड ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में गृह मंत्री शाह ने लिबरेशन डे नहीं मनाने के लिए पुरानी सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले 75 सालों में किसी सरकार ने 'हैदराबाद लिबरेशन डे' नहीं मनाया। तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति के चलते पुरानी सरकारें इसका जश्न मनाने से डरती रहीं। इतिहास से मुंह मोड़ने वालों से देश की जनता भी मुंह मोड़ लेगी।

**शाह बोले- सरदार पटेल और केएम मुंशी ने आजादी दिलाई**

अमित शाह ने कहा, सरदार पटेल और केएम मुंशी जैसे नेता हैदराबाद की आजादी के लिए जिम्मेदार हैं। अंग्रेजों से आजादी



मिलने के बाद 399 दिनों तक हैदराबाद पर क्रूर निजाम ने राज किया। ये दिन लोगों के लिए परेशानियों से भरे थे। सरदार पटेल ने 400वें दिन राज्य को आजादी दिलाने में मदद की। इसके लिए कई संगठनों ने भी संघर्ष किया। तेलंगाना, मराठवाड़ और कर्नाटक के लोगों को शहीदों के बलिदान को याद रखना चाहिए।

>14




## जवान की सर्विस राइफल से गोली लगने से एक साथी की मौत, दूसरा घायल

बांदीपोरा, 17 सितंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में रविवार यानी 17 सितंबर को सेना के एक जवान की सर्विस राइफल से गलती से फायरिंग हो गई। इससे एक जवान की मौत हो गई, जबकि एक अन्य साथी घायल हो गया। बांदीपोरा जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर मामले की जानकारी दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मामला 14 राष्ट्रीय राइफल्स के कैंप का है। रविवार को कैंप में एक जवान की राइफल गलती से जमीन पर गिर गई। जिससे राइफल से फायरिंग हो गई। गोलियां दो जवानों को लगीं। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे का अभी इलाज चल रहा है।

घटना के बाद आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया गया है। प्रोटोकॉल के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, कैंप में मौजूद अन्य जवानों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि समझा जा सके कि घटना कैसे हुई।

## 2024 में भाजपा को हराना होगा : खड़गे

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने रविवार को आगे की चुनौतियों पर जोर दिया और कहा कि ये लोकतंत्र के अस्तित्व की चिंता हैं और हमारा लक्ष्य 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना होना चाहिए जब महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को सबसे उचित श्रद्धांजलि 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करना होगा। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की यहां हो रही बैठक के दूसरे दिन खड़गे ने कहा, हम सभी आगे आने वाली चुनौतियों से अवगत हैं। ये चुनौतियां सिर्फ कांग्रेस की नहीं हैं, बल्कि ये भारतीय लोकतंत्र के अस्तित्व और भारतीय संविधान के संरक्षण की चिंता को लेकर हैं। केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के मुंबई में इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक के दौरान सरकार ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक समिति बनाई।

उन्होंने आरोप लगाया, अपने एजेंडे के लिए, उन्होंने सभी परंपराएं तोड़ दीं और पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सरकार ऐसे कदम उठाने के लिए जानी जाती है जिसका कोई मतलब नहीं होता। कांग्रेस नेता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कांग्रेस ने ही संविधान की नींव रखी थी, और इस प्रकार संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और हमें अपनी आखिरी सांस तक लड़ना होगा।

हमारा लक्ष्य 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराना और देश में एक वैकल्पिक सरकार बनाने के लिए परिश्रमपूर्वक काम करना होना चाहिए। अगले साल कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में महात्मा गांधी के चुने जाने की शताब्दी भी है और 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करना महात्मा गांधी को सबसे उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी।

## पूर्व ईडी को मिल सकती है नई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व प्रमुख संजय मिश्रा को नई जिम्मेदारी मिल सकती है। सूत्रों के अनुसार, मिश्रा को सेंट्रल इकोनॉमिक इंटेलिजेंस ब्यूरो में लिए जाने की संभावना है। यह राजस्व विभाग के तहत काम करता है। इसका काम इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), राजस्व गुप्तचर निदेशालय, सीबीआई, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रा) और दूसरी एजेंसियों के बीच कॉर्डिनेशन बनाए रखना है।

सीईआईबी CEIB आर्थिक और वित्तीय अपराधों की सूचनाएं जमा कर उन पर निगरानी करता है। संजय मिश्रा के यहां आने से उनके अनुभव का लाभ ब्यूरो को मिल सकेगा।

पहले चर्चाएं थीं कि ईडी और सीबीआई की एक संयुक्त एजेंसी बनाकर उसमें मिश्रा को कोई अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार इसमें कानूनी बाधाएं तो थीं ही, सीबीआई के भीतर भी सहमति नहीं बन पा रही थी। सीबीआई दिल्ली पुलिस विशेष एक्ट के तहत काम करती है, नया पद बनाने के लिए संसद में बिल पास कराना पड़ता।

## कर्नाटक में अब होंगे तीन डिप्टी सीएम?

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में प्रचंड बहुमत के साथ जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, सत्ता में हिस्सेदारी को लेकर कई मौकों पर विवाद देखने को मिला है। अब सियासी गलियारों में चर्चा है कि राज्य में तीन डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं। अभी तक वोकलिंगा समाज से आने वाले डीके शिवकुमार को ही सिर्फ डिप्टी सीएम का पद दिया गया है, लेकिन दो और बनाने पर अब बात होने लगी है। असल में कुछ दिन पहले राज्य सरकार में मंत्री के एन रज्जना ने कहा था कि 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए तीन डिप्टी सीएम होने चाहिए। उन्होंने ये जरूर बोला था कि ये उनका निजी विचार और अंतिम फैसला हाई कमान को लेकर चाहिए। वैसे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अभी इस पर भी कुछ बोलना ठीक नहीं समझा है। उनकी तरफ से जोर देकर कहा गया है कि ये फैसला उनका नहीं है, हाईकमान को ये सब देखना होता है। सिद्धारमैया ने ये भी कहा कि उन्हें पहले सिर्फ एक डिप्टी सीएम के लिए बोला गया था। ऐसे में वर्तमान में एक डिप्टी सीएम नियुक्त किया गया है। अब अगर दो और डिप्टी सीएम चाहिए तो ये फैसला हाईकमान को ही लेना होगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस वोकलिंगा के साथ-साथ लिंगायत और वीरेशिवा जाति से भी डिप्टी सीएम बना सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जातीय समीकरण साधने पर फोकस दिया जा रहा है। वैसे इस समय कई ऐसे नेता हैं जो डिप्टी सीएम बनने के सपने देख रहे हैं। जिस समय सीएम का ऐलान होना था, जी परमेश्वरा भी रेस में बताए जा रहे थे। ऐसे में अब जब तीन डिप्टी सीएम की बात हुई है, वे इस आइडिया से सहमत नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव को देखते हुए सभी जातियों को विश्वास में लेना भी जरूरी है।



### खराब मौसम के बीच दिल्ली से नहीं आ पाई इंडिगो की फ्लाइट, यात्री हुए परेशान

धर्मशाला, 17 सितंबर (एजेंसियां)। खराब मौसम होने के कारण दिल्ली से गगल हवाई अड्डे के लिए रविवार सुबह इंडिगो का विमान नहीं आया। इंडिगो की फ्लाइट न आने से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ यात्री एयरलाइंस के विमान में दिल्ली गए ओर कुछ यात्री टेक्सी से चंडीगढ़ रवाना हुए। जानकारी के अनुसार इंडिगो का विमान सुबह सवा आठ बजे गगल हुंचता है लेकिन रविवार को विमान नहीं आया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण विल हवाई अड्डा गगल के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इंडिगो का विमान दिल्ली से गगल हवाई अड्डे के लिए नहीं आया है। सूत्रों से पता चला है कि लगभग 50 यात्री इस विमान से गगल हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए जाने थे। यह यात्री टैक्सी व अन्य वाहनों से अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए।

# नई संसद में फहराया गया तिरंगा

## खरगे ने बनाई दूरी तो समारोह में पहुंचे ये विपक्षी नेता





नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई संसद के गज द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कल से आरंभ होने वाले संसद के आगामी सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन के गज द्वार के शीर्ष पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, जगदीप धनखड़ और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद ड्यूटी समूह द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस मौके पर राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के नए भवन में संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन, पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी और प्रमोद तिवारी से ध्वजारोहण समारोह में मुलाकात की। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस मौके को ऐतिहासिक बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा, यह एक ऐतिहासिक क्षण है। भारत युग परिवर्तन का गवाह बन रहा है। दुनिया भारत की शक्ति और योगदान को पूरी तरह से पहचान रही है। हम ऐसे समय में रह रहे हैं, जहां हम विकास, उपलब्धियां देख रहे हैं। हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ध्वजारोहण समारोह में बातचीत करते हुए कहा, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी को लंबी आयु और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करें। गरीबों को बिना भ्रष्टाचार के सीधे योजनाओं का लाभ प्रधानमंत्री मोदी ने पहुंचाया है। लोगों की सेवा ऐसे ही आगे करने के लिए भगवान उन्हें बल दे। मैं उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। नए संसद भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, मैं देश के प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, "। वह इस जन्मदिन को प्रधानमंत्री के रूप में मना सकते हैं, मैं उनके स्वास्थ्य और खुशी की कामना करता हूं। लेकिन अगला जन्मदिन वह पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में मनाएंगे।

### अंकिता भंडारी के नाम पर होगा राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ का नाम, मुख्यमंत्री धामी ने की घोषणा

देहरादून, 17 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंकिता भंडारी के नाम पर डोभ(श्रीकोट) स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज का नाम रखने की घोषणा की है। रविवार को अंकिता हत्याकांड को एक साल हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटी अंकिता के परिजनों के साथ खड़ी है। प्रदेश की हर बेटी का सम्मान और उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है। पौड़ी जिले के गंगा भोगपुर के वनंतरा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के पद पर काम करने वाली अंकिता भंडारी की 18 सितंबर, 2022 को हत्या कर दी गई थी। 24 सितंबर, 2022 को पुलिस ने उसका शव चीला नहर से बरामद किया था। इस हत्याकांड की जांच एसआईटी ने की और करीब 500 पेज की चार्जशीट अदालत में पेश की।

## बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर किसान के वेश में हथियार तस्कर को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को कहा कि उन्होंने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय किसान के वेश में एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो भारत से बांग्लादेश में हथियारों की तस्करी करने का प्रयास कर रहा था। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपी की पहचान अली मंडल के रूप में हुई है, जिसे पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी ललिम मंडल भागने में सफल रहा। उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल, दो मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस जब्त किये गये। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार को बीएसएफ जवानों को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संभावित हथियार तस्करी की सूचना मिली। नतीजतन, संदिग्धों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। अधिकारी ने कहा, बीएसएफ जवानों ने केले के बागान में नकली किसानों के वेश में दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। गिरफ्तारी के लिए उनके पास जाने पर, उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान, अली ने सीमा पार तस्करी गतिविधियों में शामिल होने की बात कबूल की।

## जेट एयरवेज के निवेशक फ्लोरियन फ्रिट्च की संदिग्ध धोखाधड़ी के लिए जांच



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। लिकटेंस्टीन अदालत के एक आदेश ने भारत के जेट एयरवेज को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से निवेशकों में से एक से जुड़े धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कर रहे अभियोजकों द्वारा जब्त की गई वस्तुओं में लक्जरी कारों और घड़ियों की एक बड़ी संख्या का खुलासा किया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित जून के फैसले के अनुसार, लिकटेंस्टीन में सर्वोच्च न्यायालय ने संपत्ति को मुक्त करने की अपील को खारिज कर दिया, इसमें सात पोर्श कारें, पांच रोलेक्स बॉक्स और 214,000 डॉलर मूल्य की क्लासिक कार सिम्युलेटर शामिल है। ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड के बीच स्थित छोटी सी रियासत में अभियोजकों द्वारा संदिग्ध धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फ्लोरियन फ्रिट्च की जांच की जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने ईमेल और संदेश का जवाब नहीं दिया। मीडिया आउटलेट ने बताया, फ्रिट्च और उनकी निवेश कंपनी कालरॉक कैपिटल जेट एयरवेज को पुनर्जीवित करने के लिए चुने गए कंसोर्टियम का हिस्सा हैं, जो कभी भारत की शीर्ष निजी वाहक थी, जिसने 2019 में दिवालियापन के लिए दायर किया था। निवेशकों ने सितंबर के अंत तक 1 बिलियन डॉलर का निवेश करने का वादा किया है। मुख्य अभियोजक रॉबर्ट वॉलनर ने कहा, लिकटेंस्टीन जांच आगे बढ़ गई है, लेकिन इसे पूरा होने में और समय लगेगा। वह फ्रिट्च की जांच के बारे में सवालों का जवाब दे रहे थे लेकिन ब्लूमबर्ग को दिए अपने जवाब में उन्होंने उनका नाम नहीं लिया। वॉलनर ने ईमेल द्वारा कहा कि संदिग्धों की कई अपीलों के कारण बड़ी संख्या में जब्त किए गए दस्तावेज़ अभियोजकों के लिए पहुंच से बाहर हैं।

## डेयरी संचालक ने कमरे में फंदा लगाकर दी जान

### 21 साल की उम्र में खौफनाक कदम उठाने से सब हैरान



चरखी दादरी, 17 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के चरखी दादरी जिले के भैरवी में पशु डेयरी चलाने वाले ढाणी फौगाट निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगा लिया। उसका शव कमरे में पंखे से फंदे पर लटकता मिला। मामले की सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और सदर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार ढाणी फौगाट निवासी साहिल (21) पुत्र जयबीर भैरवी के समीप पशु डेयरी चलाता था। शनिवार शाम वो डेयरी में ही था। रविवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। मामले की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंचे और इसके बाद उन्होंने डायल 112 को सूचित किया। सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही डायल 112 टीम अस्पताल पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर सदर थाना पुलिस को सूचित कर दिया। इस संबंध में आगामी कार्रवाई सदर थाना पुलिस की ओर से की जाएगी।

## केसीआर की अगुवाई में बनेगा तीसरा मोर्चा

### इंडिया गठबंधन में न्योता न मिलने पर एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने दिए संकेत



नई दिल्ली, 17 सितंबर एजेंसियां)। एआईएमआईएमप्रमुख असदुद्दीन ओवैसी इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं हुए। जब उनसे इसपर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे आमंत्रित नहीं किए जाने की कोई परवाह नहीं है। बसपा प्रमुख मायावती, तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव और पूर्वोत्तर और महाराष्ट्र की कई पार्टियां भी इस गठबंधन की सदस्य नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, । हमने तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर से आगे बढ़ने और तीसरा मोर्चा बनाने और इसमें कई दलों को शामिल करने के लिए कहा है। एक राजनीतिक शून्य है इस गठबंधन में जो केसीआर के नेतृत्व करने पर भर जाएगा। भारतीय गठबंधन इस शून्य को भरने में सक्षम नहीं है।"आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की गिरफ़्तारी पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन औवेसी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान कहा, वे मुख्यमंत्री थे, वे इतना परेशान क्यों हो रहे हैं? उन्होंने जगन मोहन रेड्डी को जेल में डाला था, तब वे मुख्यमंत्री भी नहीं थे लेकिन आप तो मुख्यमंत्री थे तो आपको जवाब देना होगा। आप इसका सामना कीजिए और जवाब दीजिए।

**संसद के चलने से है उसकी खूबसूरती- ओवैसी**


एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नए संसद भवन पर कहा, देश को नए संसद भवन की ज़रूरत थी लेकिन नया संसद भवन बनाने से लोकतंत्र मजबूत होगा या संसद चलने से होगा। संसद भवन की खूबसूरती उसके इमारत में नहीं बल्कि संसद चलने में हैं।

### कांग्रेस के पोस्ट में भारतीय नक्शे से गायब दिखा पूर्वोत्तर, सरमा बोले- ये पार्टी ही देश विरोधी

गुवाहाटी, 17 सितंबर (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज कांग्रेस के एक पोस्ट पर जमकर हमला बोला है। पीएम मोदी को निशाना बनाते हुए कांग्रेस के एक पोस्ट पर सरमा ने हमला बोला है। सरमा ने कहा कि आपने पीएम का ही नहीं पूर्वोत्तर भारत के खिलाफ अपनी सोच भी दिखाई है। दरअसल, कांग्रेस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने आधिकारिक हैंडल पर पीएम मोदी के खिलाफ जारी किए एक वीडियो में कथित तौर पर भारत का एक गलत नक्शा दिखाया, जिसमें पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र गायब है। कांग्रेस के पोस्ट पर हमला बोलते हुए सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाते हुए कांग्रेस ने पूर्वोत्तर और उसके लोगों के प्रति अपनी उदासीनता का प्रदर्शन किया है।

## 'असली सनातनी तो गांधी जी थे जो', अमित शाह के बयान पर कपिल सिब्बल की सलाह

# जनता को सनातनी होने का एक गुण बता दीजिए



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन की ओर से सनातन धर्म पर दिया गया विवादित बयान तूल पकड़ते जा रहा है। एक तरफ बीजेपी इसको लेकर विपक्ष पर हमलावर है तो वहीं, कांग्रेस, टीएमसी समेत कई इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने इससे किनारा करना शुरू कर दिया है। बिहार के मिथिलांचल में एक रैली के दौरान शनिवार को अमित शाह सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर इंडिया गठबंधन पर खूब बरसे थे। वहीं, शाह के बयान पर पलटवार करते हुए राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बीजेपी को चुनौती देते हुए कहा कि इस देश के लोगों को बताएं कि आपके पास 'सनातनी' का कौन सा गुण है? कपिल सिब्बल ने रविवार (17 सितंबर) को एएनआई एजेंसी से बात करते हुए कहा कि बीजेपी न तो 'सनातन धर्म' की समर्थक है और न ही संरक्षक है। सनातन धर्म' के गुण ईमानदारी, जीवित प्राणियों को चोट न पहुंचाना, पवित्रता, दान और धैर्य है। सिब्बल ने पूछा क्या उनमें इनमें से एक भी गुण है? यही नहीं राज्यसभा सांसद ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आपने राम मंदिर बना दिया तो आप राम नहीं बन गए है।

**'सनातन धर्म के लोग इमारतें नहीं गिराते हैं'**

कपिल सिब्बल ने राम मंदिर को लेकर बीजेपी को फटकार लगाते हुए कहा कि राम भक्त तो वही है जो भगवान राम के रास्ते पर चले। उन्होंने कहा, 'क्या आप राम मंदिर बनाकर राम भक्त बन सकते हैं? राम मंदिर बनाना क्या राजनीतिक राम भक्त बनना है पवित्रता है।' यह कहने से कि आप सनातन धर्म के खिलाफ हैं इससे भी आप सनातनी नहीं बन जाते हैं। आप सिर्फ एक गुण सनातनी के बता दीजिए। सनातनी हिंसा, भेदभाव की बात नहीं करता। उन्होंने कहा कि ये खुद ही सनातन नहीं है और जो खुद सनातनी नहीं है वे सनातन धर्म की रक्षा कैसे करेगा? सिब्बल ने कहा कि असली सनातनी गांधी जी थे जो सच्चाई के आधार पर चलते थे न कि सूट-बूट और कॉर्बेट पार्क जाते थे। उन्होंने बीजेपी को सलाह देते हुए कहा कि सनातन धर्म के लोग इमारतें नहीं गिराते हैं, सनातनी किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बचाते हैं जिस पर महिला पहलवानों से छेड़छाड़ का आरोप हो? राम मंदिर का उद्घाटन लोकसभा चुनाव 2024 से दो तीन महीने पहले जनवरी में किया जाना है। बता दे कि केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि डीएमके और कांग्रेस के नेता सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म को खत्म करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो सनातन धर्म की कई सारे रोग से इसका तुलना करते हैं, ये सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं।

**उदयनिधि स्टालिन ने क्या बयान दिया था?**

गठबंधन 'इंडिया' में शामिल डीएमके नेता और तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म उन्मूलन नामक कार्यक्रम में सनातन धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। इतना ही नहीं उन्होंने यहां तक कह दिया कि इसका उन्मूलन यानी खत्म कर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, ए राजा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे ने भी सनातन धर्म पर टिप्पणी की थी।

# 24 से ज्यादा लूट

## हत्या और वसूली के मास्टरमाइंड को पुलिस ने एनकाउंटर में किया ढेर

कांचीपुरम, 17 सितंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के कांचीपुरम में 24 से ज्यादा हत्या, लूट, और जबरन वसूली के मामले में नामजद अपराधी को पुलिस ने एक एनकाउंटर में मार गिराया। 35 साल का चर्चित अपराधी विश्वनाथन को पुलिस ए ग्रेड क्रिमिनल की श्रेणी में रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक विश्वनाथन के खिलाफ श्रीपेरंबुदूर, पुझल, ओरागदम और मणिमंगलम पुलिस स्टेशनों में तीन हत्याओं, स्क्रैप उद्योग मालिकों का अपहरण, जबरन वसूली, और उनसे पैसे मांगने सहित 24 मामले दर्ज थे। पुलिस ने दावा किया कि एक टीम ने विश्वनाथन को घेर लिया और जैसे ही उन्होंने उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की उसने चाकू निकाला और दो पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिसके बाद वो बुरी तरह घायल हो गया। विश्वनाथन को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घायल पुलिसकर्मी राजेश और वासु को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात करने पहुंचे एडीजीपी अरुण ने कहा कि राज्य में गुंडागर्दी पर अंकुश लगाने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वनाथन ए+ श्रेणी का बदमाश था। जब एक टीम ने हत्या की जांच के लिए उसे पकड़ने की कोशिश की, तो उसने उन पर हमला कर दिया, जवाब में पुलिस को भी गोलियां चलानी पड़ीं।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर सुगबुगाहट तेज

### कांग्रेस ने विशेष सत्र में पारित करने की उठाई मांग



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने मांग की है कि महिला आरक्षण विधेयक संसद के विशेष सत्र के दौरान पारित किया जाना चाहिए। हैदराबाद में दो दिवसीय बैठक के पहले दिन सीडब्ल्यूसी ने अपने प्रस्ताव में 18 से 22 सितंबर तक होने वाले विशेष सत्र में विधेयक को पारित कराने का जिक्र किया है। एक्स (ट्विटर) पर एक ट्वीट में जयराम रमेश ने कहा, 'कांग्रेस कार्य समिति ने मांग की है कि महिला आरक्षण विधेयक संसद के विशेष सत्र के दौरान पारित किया जाना चाहिए।' उन्होंने इस मुद्दे पर कुछ तथ्यों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि राजीव गांधी ने पहली बार मई 1989 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया था। यह लोकसभा में पारित हो गया, लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में विफल हो गया। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पी।वी। नरसिम्हा राव ने अप्रैल 1993 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। उन्होंने कहा, 'अब पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। यह लगभग 40 प्रतिशत है।' जयराम रमेश ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च, 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ, लेकिन इसे लोकसभा में नहीं लिया गया। राज्यसभा में पेश या पारित विधेयक समाप्त नहीं होते हैं इसलिए महिला आरक्षण विधेयक अभी भी सक्रिय है।' जयराम रमेश ने आगे कहा, 'कांग्रेस पार्टी नौ साल से मांग कर रही है कि महिला आरक्षण विधेयक पहले ही राज्यसभा में पारित हो चुका है और अब लोकसभा में भी पारित हो जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने 2008 में इस कानून को फिर से पेश किया, जिसे आधिकारिक तौर पर संविधान (एक सौ आठवां संशोधन) विधेयक के रूप में जाना जाता है। जयराम रमेश ने कहा कि यह कानून 2010 में राज्यसभा द्वारा पारित किया गया था, लेकिन यह लोकसभा में पारित नहीं हो सका और 2014 में इसके विघटन के बाद यह समाप्त हो गया।

# एलआरएसएएमः 1 टारगेट के लिए 2 मिसाइल, 400 किमी अटैक रेंज, ये है डीआरडीओ का अभेद्य 'आसमानी रक्षक'



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। भारत में ऐसा कवच तैयार हो रहा है जो चीन और पाकिस्तान की मिसाइलों को आसमान में ही बेअसर कर देगा। अगर भविष्य में युद्ध हुआ तो हिंदुस्तान पर हमला करने के दुश्मन के मंसूबे कामयाब नहीं हो पाएंगे। देश में रूस के ए-400 मिसाइल सिस्टम का इंडियन वर्जन बन रहा है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ ) तैयार कर रहा है। इसका नाम लॉन्ग रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल यानी एलआरएसएएम है। अभी हिंदुस्तान के पास रूस से खरीदे 5 एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम हैं। एस-400 दुनिया का ये सबसे आधुनिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम है। एस-400 पठानकोट में पाकिस्तान की सीमा के पास और सिलीगुड़ी में चीन की सीमा के पास तैनात है। एस-400 एलएसी या एलओसी पार करके पाकिस्तान या चीन की तरफ से आने वाली किसी भी मिसाइल, किसी भी फाइटर जेट या अटैक हेलिकॉप्टर को आसमान में ही मार सकता है।

**अब सिर्फ एस-400 पर निर्भर नहीं रहेगा भारत**

बड़ी बात यह है कि अब हिंदुस्तान एयर डिफेंस के लिए सिर्फ एस-400 पर निर्भर नहीं रहेगा, क्योंकि डीआरडीओ अपनी डिफेंस फैक्ट्री में रूस के एस-400 से भी तेज, सटीक और सबसे आधुनिक स्वदेशी 'लॉन्ग रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल' सिस्टम बनने जा रहा है। ये रक्षाकवच अब स्वदेशी होगा। डीआरडीओ बिल्कुल एस-400 की तरह लंबी दूरी तक मार करने वाला स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम विकसित कर रहा है।

**एलआरएसएएम की ताकत जानिए**

इस स्वदेशी एस-400 मिसाइल सिस्टम को फिलहाल एलआरएसएएम नाम दिया गया है।

स्वदेशी एलआरएसएएम दुश्मन के विमानों और मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम होगा।

भारत का स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम बिल्कुल रूसी एस-400 मिसाइल सिस्टम की तरह काम करेगा।

स्वदेशी एलआरएसएएम की रेंज एस-400 के जैसे ही 400 किलोमीटर तक होगी।

एस-400 की ही तरह स्वदेशी एलआरएसएएम भी दुश्मन के फाइटर जेट्स, बैलिस्टिक मिसाइलों और अटैक ड्रोन को हवा में ही मार गिराने में सक्षम होगा।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारत का लॉन्ग रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल यानी एलआरएसएएम सिस्टम 3 लेयर वाला होगा। यानी इससें सतह से हवा में मार करने वाली तीन अलग-अलग रेंज की मिसाइलें फिट होंगी, जो अलग-अलग दूरियों पर हिंदुस्तान की ओर आते हवाई दुश्मन को आसमान में ही भेद देंगी। इससे एक टारगेट पर दो मिसाइलें दागी जा सकेंगी।

**दो देश मिलकर बना रहे 'आसमानी रक्षक'**

भारत के स्वदेशी लॉन्ग रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम को विकसित करने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में एडवांस स्टेज में है। भारत का एयर डिफेंस सिस्टम दुनिया में अब तक के सबसे एडवांस मिसाइल डिफेंस सिस्टम की टक्कर का होगा, क्योंकि इसे वो दो देश मिलकर बना रहे हैं, जिनमें से एक देश यानी हिदुस्तान मिसाइल टेक्नोनॉजी में सबसे आगे है और दूसरा देश है इजरायल है, जो रक्षा कवच बनाने में सबसे आगे है।

**एस-400 से बहुत कम होगी कीमत**

एस-400 का रडार 600 किलोमीटर तक की रेंज में करीब 300 टारगेट को एक साथ ट्रैक कर सकता है। भारत के नए स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम के रडार की क्षमता भी इतनी ही होगी। रूस का एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम 400 किलोमीटर दूर तक की मिसाइल, एयरक्राफ्ट या फिर ड्रोन से हुए किसी भी तरह के हवाई हमले से निपटने में सक्षम है।

हिंदुस्तान के नए स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम में भी ऐसी ही ताकत होगी, लेकिन उसकी कीमत रूस के महाबली एस-400 से बहुत कम होगी। अक्टूबर 2019 में भारत ने रूस से 5.43 अरब डॉलर यानी करीब 40 हजार करोड़ रुपये में 5 एस-400 खरीदने का समझौता किया था,

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सोमवार, 18 सितंबर, 2023 

सुविचार

जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप ईश्वर पर विश्वास नहीं कर सकते।

## मिशन–2030 के उद्देश्य को पूरा करने का लक्ष्य : अशोक गहलोत

**राजस्थान सीएम ने हैदराबाद के प्रवासी राजस्थानी समुदाय से की बातचीत ❋ राजस्थान को नंबर 1 प्रदेश बनाने के लिए सुझाव मांगे**



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार शाम को यहां 'मिशन 2030' पर राजस्थानी समुदाय के सदस्यों और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत की। शहर के एक सितारा होटल में शुरू हुई सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक में भाग लेने के बाद, श्री गहलोत मिशन 2030–एक दृष्टिकोण पर राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित परामर्श शिविर के दौरान राजस्थानी समुदाय के साथ बातचीत की। अपने संबोधन में उन्होंने 2030 तक राजस्थान को सभी भारतीय राज्यों में प्रथम स्थान पर लाने का आह्वान किया तथा कहा कि कांग्रेस सरकार ही यह काम कर सकती है। इसी दिशा में वर्तमान सरकार ने अपनी कार्ययोजना शुरू कर दी है। उन्होंने इसके लिए सभी प्रवासी राजस्थानी बंधुओं से समर्थन की अपील की। उन्होंने बताया कि इसे दृष्टि में रखते हुए अगस्त में 'मिशन: 2030' अभियान शुरू किया गया है।

"मिशन 2030" के उद्देश्य को पूरा करने के लिए अर्थशास्त्रियों, लेखकों, पत्रकारों, छात्रों, सरकारी कर्मचारियों, वकीलों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों और एथलीटों सहित समाज के विभिन्न वर्गों से कुल मिलाकर लगभग दस करोड़ निवासियों से सुझाव एकत्र किए जाएंगे। इन सभी सुझावों को बाद में मिशन 2030 के लिए विज़न दस्तावेज़ का मसौदा तैयार करने के लिए समेकित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2030 तक हमारा लक्ष्य इसे 30 लाख करोड रुपये के ऊपर ले जाने का है। 25 साल पहले तक राजस्थान में महज 6 यूनिवर्सिटी थीं। आज 92 यूनिवर्सिटी और आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी, एआईआईएमएस, एनआईएफटी, एफडीडीआई जैसे शिक्षण संस्थान छात्रों के लिए हैं उपलब्ध।

2030 तक हमारा लक्ष्य बाकी के विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है, ताकि राजस्थान के छात्रों को हर तरह की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के 5 सालों में स्टेट जीडीपी करीब 6 लाख करोड रुपये बढकर वित्त वर्ष 2023–24 के अंत तक 15 लाख करोड रुपये हो जाएगी।

## कई चुनौतियों के बावजूद काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है अग्रसेन को–ऑपरेटिव अर्बन बैंक : प्रमोद केडिया

### अग्रसेन को–ऑपरेटिव अर्बन बैंक की 25वीं वार्षिक आमसभा आयोजित




हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दि अग्रसेन को–ऑपरेटिव अर्बन बैंक की 25वीं वार्षिक सभा आयोजित की गई। सर्वप्रथम बैंक के चेयरमैन प्रमोद केडिया ने सभी उपस्थितों का स्वागत करते हुए बताया कि मुझे वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिए बैंक की 25वीं वार्षिक आमसभा की बैठक में बोर्ड के सदस्यों, प्रबंधन मंडल की ओर से और अपनी व्यक्तिगत ओर से आप सभी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। इस महत्वपूर्ण दिन पर आपके सामने खड़े होकर, मुझे अत्यधिक उत्साह और भावना का अनुभव हो रहा है। बैंक ने पिछले 25 वर्षों में प्रगति और समृद्धि का मार्ग अपनाया है और बिजनेस ग्रोथ में कई मील के पत्थर हासिल किए हैं।

मैं आपके निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए सभी सम्मानित शेयरधारकों का आभारी हूं। आप सभी ने हम पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बैंक की वित्तीय स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी, 2020 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोविड–19 महामारी को अधिसूचित किए जाने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था को चुनौतियों का एक अनोखा सामना करना पड़ रहा है। यह पहली चुनौती थी। बाद में, फरवरी 2022 में रूस–यूक्रेन संघर्ष छिड़ गया। यह दूसरा था। तीसरी चुनौती तब उभरी जब देशों ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए मौद्रिक सख्ती का सहारा लिया। मंदी की आशंकाओं ने कई सरकारों को "संरक्षणवाद" अपनाने के लिए मजबूर किया और इससे सीमा पार व्यापार और पूंजी प्रवाह धीमा हो गया। इन सभी घटनाक्रमों ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को जुलाई, 2023 के अपने वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण में वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 3% तक कम करने के लिए प्रेरित किया।

दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, भारत भी इन चुनौतियों से जूझता रहा, लेकिन अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में इन पर सफलतापूर्वक काबू पाया। इस सफलता का श्रेय क्रमशः राजकोषीय नीतियों और मौद्रिक नीतियों के माध्यम से सरकार और आरबीआई द्वारा चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपटने को दिया जा सकता है। सरकार ने 2047 तक "विकसित देश" बनने के लिए अगले पच्चीस वर्षों के लिए एक रोड मैप तैयार किया।

हमारा बैंक नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसाइटीज लिमिटेड (एनएएफसीयूबी) का सदस्य है। यह देश में सभी यूसीबीएस का एक शीर्ष निकाय है और यह भारतीय रिजर्व बैंक के शीर्ष अधिकारियों और सहकारिता मंत्रालय के अधिकारियों के साथ उत्कृष्ट संपर्क और समन्वय बनाए रखकर सदस्यों की उत्कृष्ट सेवा कर रहा है। हमारा बैंक ने घरेलू कारोबारी माहौल में कई चुनौतियों के बावजूद काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, बैंक का कुल कारोबार 31 मार्च तक 954.27 करोड़ हो गया है। कुल जमा 547,41 करोड़ से बढ़कर 568,41 करोड़ हो गया। ऋण और अग्रिम 371.61 करोड़ से बढ़कर 385.86 करोड़ हो गये। बैंक की शेयर पूंजी 22.40 करोड़ है, जबकि यह 31 मार्च 2022 तक यह 22.32 करोड़ थी। बैंक का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 10.08 करोड़ है। बैंक की प्राथमिकता क्षेत्र की अग्रिम राशि 234.87 करोड़ रही, जो समायोजित नेट बैंक क्रेडिट का 63.207 है।

इस अवसर पर बैंक के वाइस चेयरमैन सीए नवीन कुमार अग्रवाल, निदेशक विजय कुमार पित्ती, नरसिंग राव, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, गोपालचंद अग्रवाल, नारायण दत्त, मोहन अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती अंजू केडिया, श्रीमती अपूर्वा केडिया आदि के अलावा बैंक के सभी अंशधारक, प्रशंसक उपस्थित रहे।

## श्री बाबा रामदेव भक्त मंडल का विशाल भंडारा संपन्न



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजेंद्रनगर के शिवरमपल्ली में स्थित बाबा रामदेव दरबार में आज बाबा रामदेव के जन्मोत्सव एवं विशाल मेला महोत्सव के अवसर पर श्री बाबा रामदेव भक्त मंडल कांटेदान के तत्वावधान में हैदराबाद के अलावा मेदक, मेडचल, लिंगमपल्ली, उप्पल शाहित अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में बसे गांव से आने वाले हजारों श्री रामदेव भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल बल्दवा एवं मंजू बल्दवा का श्री बाबा रामदेव भक्त मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया। इसके अलावा श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर गिलड़ा द्वारा आने वाले भक्तों की सभी तरह की व्यवस्थाएं की गई थी तथा बाबा रामदेव के मंदिर को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। दिन भर मंदिर में दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। भक्त लोग घंटों लाइन में ठहरकर बाबा की जयकार लगाते हुए बाबा के दर्शन किये। मंदिर में आने वाले अतिथियों का मंदिर ट्रस्ट एवं देवस्थान विभाग के अधिकारी वी. मोहन राव द्वारा स्वागत किया गया। उनके अलावा स्वागत में जगदीश जालान, गुरुस्वामी अरविंद शर्मा, कमल जाजू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा अत्तापुर पुलिस इंस्पेक्टर पी. यादगिरी ने मेले में पधारे सभी भक्तों के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात कर अच्छी सुरक्षा व्यवस्था की।

## रैगिंग के आरोप में 7 डॉक्टरों पर मामला दर्ज

वारंगल, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मतवाड़ा पुलिस ने दूसरे वर्ष के छात्र के साथ रैगिंग करने के आरोप में काकतीय मेडिकल कॉलेज (केएमसी) के सात एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्रों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294/बी, 323 और 340 और रैगिंग निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

यह मामला तब सामने आया जब कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दिववेला मोहन दास ने 14 सितंबर को हुई घटना पर 15 वरिष्ठ छात्रों की जांच की। हालांकि, डॉ. दास ने कहा कि यह घटना रैगिंग नहीं था, उन्होंने दावा किया कि यह आपसी हमलों का मामला था। वारंगल एसीपी बोनाला किशन ने कहा कि मामले की फिलहाल जांच चल रही है और बताया गया है कि इस मामले में सात के अलावा अन्य लोग भी शामिल हैं. कथित तौर पर छात्र ने 15 सितंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि राजस्थान के रहने वाले दूसरे वर्ष के छात्र पर हमले में कुल 10 छात्र शामिल थे। इस बीच, कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी मंगलवार को बैठक कर इस मुद्दे पर चर्चा करेगी और छात्रों के निलंबन पर फैसला लेगी।इस बीच, एआईएसएफ ने पिछली घटना को याद करते हुए कॉलेज में रैगिंग की घटनाओं को रोकने में विफल रहने के लिए डॉ. दास को निलंबित करने की मांग की, जिसमें कॉलेज की पीजी प्रथम वर्ष की छात्रा डॉ. धारावत प्रीति (26) की फरवरी में आत्महत्या से मौत हो गई थी।

## दिल्ली शराब घोटाला मामले में ड्रामा कर रही हैं बीजेपी व बीआरएस : रेवंत

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने आज आरोप लगाया कि सीएम केसीआर और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी अलग–अलग व्यक्ति नहीं हैं और उन्होंने कहा कि किशन रेड्डी केसीआर के अनुयायी थे। उन्होंने पूछा कि क्या किशन रेड्डी को पता है कि भाजपा नेताओं ने उन्हें अध्यक्ष क्यों बनाया? रेवंत शहर के ताज कृष्णा होटल में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

## सीरवी समाज ट्रस्ट जवाहरनगर का भादवा सुदी बीज महोत्सव सम्पन्न

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जवाहरनगर बालाजी नगर तेलंगाना स्थित श्री आईमाताजी मंदिर में श्री आईमाँ के 608 वें अवतरण दिवस व सातवां वार्षिकोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी बीज महोत्सव भव्यरुप से आयोजित किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति मे समाज के अध्यक्ष किशनलाल पँवार व सचिव लालाराम काग ने बताया कि शनिवार 16 सितम्बर भादवा सुदी एकम् आईमाताजी के मंदिर को पुष्प माला व लाइटिंग से सजाकर श्री आईजी का विशेष श्रृंगार किया गया। सायं 4.15 बजे से महिला मंडल द्वारा विशेष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाज के नन्हे–मुन्हे बच्चों ने नाचते–गाते हुए समाज बन्धुओं का भरपूर मनोरंजन किया। अवसर पर ब्लड डोनेशन कैम्प का भी आयोजन किया गया। समाज बन्धुओं ने बढचढकर रक्तदान किया। रात्रि 9.15 बजे से पूजा–अर्चना, साँची ज्योत प्रज्वलितकर, महाआरती के पश्चात् जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे लोकेश नाथ रावल ने आई माँ के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किये। जागरण के मध्य बोलियों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार 17 सितम्बर भादवा सुदी बीज प्रात: वेला में समाज बन्धुओं ने श्री आईमाताजी के चरणों मे श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंट करते हुए दर्शन व प्रसाद का लाभ लिया। कार्यक्रम में पधारे सम्मानित अतिथियों व बोलियाँ लेने वाले समाज बन्धुओं का विशेष सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष घेवरचन्द चोयल ने आय–व्याय का लेखा– जोखा प्रस्तुत किया। पधारे समाज बन्धुओं के लिए भोजन–प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। जिसमें समाज बन्धुओं ने सपरिवार पधारकर लाभ लिया। अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयराम पंवार, पदाधिकारीयों व



कार्यकारिणी मेम्बरों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर वर्तमान पदाधिकारियों व कार्यकारिणी मेम्बरों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयराम पंवार ने समाज बन्धुओं को बीज महोत्सव की शुभकामनाएँ दी। अध्यक्ष किशनलाल पंवार ने पधारे सभी समाज बंधुओ को बीज महोत्सव की बधाई देते हुए तहदिल से आभार प्रकट किया। नवनिर्वाचित सचिव हीरालाल चोयल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।



**करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में बीज महोत्सव के पावन अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, सचिव पुखराज चोयल, कोषाध्यक्ष दौलतराम पंवार, पदाधिकारियों व कार्यकारिणी मेम्बरों को आगामी कार्यकाल के लिए पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, सचिव हिरालाल सैंणचा, कोषाध्यक्ष दीपाराम काग व समाज बन्धु।**

## श्याम बाबा मंदिर में गौ रक्षा आत्मीय सम्मेलन आयोजित




हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारत गौ सेवा फाउंडेशन द्वारा श्री बालकृष्ण गुरु स्वामी के नेतृत्व में गायों को बचाने के लिए काम करने वाले सभी संगठनों ने मिलकर श्याम बाबा मंदिर, काचीगुडा में गौ रक्षा आत्मीय सम्मेलन आयोजित किया। इस बैठक में सैकड़ों गौशाला प्रबंधकों और गौ आंदोलन से जुड़े संगठनों ने एकजुट होकर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना राज्य पशुसंवर्धन तलसानी श्रीनिवास यादव के पुत्र बीआरएस नेता तलसानी साई यादव, विशेष अतिथि के रूप में श्रीश्रीश्री त्रिदंडी श्रीनिवास रामानुज जीयर स्वामीजी, समता मूर्ति केंद्र के अध्यक्ष टी.रमेश गुप्ता, लव फॉर काउ फाउंडेशन के अध्यक्ष जसमत भाई पटेल व ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव श्री आचार्य कमलेश महाराज, श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के चंद्रकांत डकोटिया, इंद्रकरण संथालिया, रामदेव अग्रवाल, राजकुमार बिग, वेदप्रकाश अग्रवाल ने भाग लिया। सम्माननित अतिथि के रूप मे भारत प्राणी मित्र संघम के अध्यक्ष जसराज श्रीश्रीमाल, सर्वदलीय गो सेवा प्रभाग के संयोजक जयपाल सिंह नयाल, प्राकृतिक कृषि विशेषज्ञ विजयराम, भारत के सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार विजेता नागरत्नम नायडू, बी.आर.एस नेता गड्डम श्रीनिवास यादव, गुजराती वेलफेर सोसायटी के चेयरमैन जिग्नेश दोशी, श्री जैन कुशल सेव फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक रामपुरीया, दिलसुखनगर साईबाबा संस्थान के अध्यक्ष गुंडा मलैया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन राज्यों के गोरक्षक प्रमुख आकुथोटा रामा राव, पंच गव्य डॉ. मुरलीधर राव, भारत गाय प्रेमी सेना के संजय गुप्ता, सीडी चौहान, वीरादर्मजा स्वामीजी, वंडर्स बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के राष्ट्रीय सचिव श्री बिंगी नरेंद्र गौड़, कटकम नरसिंग राव, चिंतापल्ली साईबाबा गौशाला के अध्यक्ष श्री मांची कांति धनंजय,सुश्री देवी कनकला, मुस्लिम महिला सुश्री असमीन, ईसाई महिला स्वरूपा, सुश्री साम्भवी, मल्लेश, राघवेंद्र, रामुलु गौड़, सुश्री अवंतिका और सैकड़ों गाय कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुरुआत दुनिया की सबसे छोटी मिनीयेचर गायों की पूजा तथा दीप ज्योति प्रज्वला से हुई। बालकृष्ण गुरु स्वामी ने अपने साथ 800 किलोमीटर की पद यात्रा करने वाले सभी गौभक्तों का तथा सहयोगी दान दाताओं का भव्य स्वागत सम्मान किया । श्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट की ओर से सभी भक्तों को भोजन प्रसाद की व्यस्था की और कार्यक्रम के लिए भवन उपलब्ध करवाया गया।

## महिला ने अपने चार बच्चों को नहर में फेंक दिया

नगरकुर्नूल, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यहां बिजनापल्ली के पास एक मां ने अपने चार बच्चों को कलवाकुर्ती लिफ्ट सिंचाई नहर में फेंक दिया। तीन बच्चों के शव बरामद कर लिए गए हैं और चौथे बच्चे की तलाश जारी है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मंगनूरू गांव निवासी सरबंदा ने वासुराम थंडा निवासी ललिता से शादी की थी और उनके चार बच्चे थे। करीब दस दिन पहले दंपत्ति के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी।

शनिवार को, ललिता बिजनापल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराने गई थी, जिसके बाद काम पर जाने के बहाने वह अपने बच्चों महालक्ष्मी (5), चरिता (4), मंजुला (3) और सात महीने के मारू कोंडैया को नहर पर ले गई। पुलिस ने कहा कि वहां उसने कथित तौर पर बच्चों को एक के बाद एक पानी में फेंक दिया। स्थानीय निवासियों ने तीन बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं, जबकि मारू कोंडैया का शव अभी भी लापता है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## जन सेना हमारी गठबंधन सहयोगी : पुरंदरेश्वरी

विजयवाड़ा, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा की एपी अध्यक्ष दग्गुबाटी पुरंदरेश्वरी ने आज कहा कि अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण की जन सेना पार्टी उनकी पार्टी की गठबंधन सहयोगी है। विजयवाड़ा के कोमल विलास सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पुरंदरेश्वरी ने गरीबों को साड़ियां बांटीं। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि हम गठबंधन पर जन सेना प्रमुख पवन कल्याण की टिप्पणियों को गलत नहीं मानते हैं। पवन ने कहा कि वह बीजेपी आलाकमान को सारी बातें समझा देंगे। हम पार्टी के केंद्रीय नेताओं से चर्चा के बाद अपनी राय देंगे। भाजपा ने सबसे पहले चंद्रबाबू की गिरफ्तारी नीति को जिम्मेदार ठहराया था। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के भाजपा नेताओं ने गिरफ्तारी की निंदा की। यह झूठा प्रचार है कि चंद्रबाबू की गिरफ्तारी के पीछे भाजपा का हाथ है, उन्होंने यह स्पष्ट करते हुए कहा कि सीआईडी, जिसने नायडू को गिरफ्तार किया, एपी सरकार के नियंत्रण में काम करती है।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं



**ईशान सिंह**

माता : पूनम सिंह
पिता : करण सिंह

## 'फार फन' एप से मुस्लिम युवकों के संपर्क में आई पत्नी, पति ने दर्ज कराया 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा

कानपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। युवक ने अपनी पत्नी, आगरा निवासी दो युवकों और होटल संचालक समेत 12 लोगों पर मतांतरण का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पति की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी, आगरा के दो युवकों, होटल मालिक और कर्मचारियों समेत 12 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बर्रा-छह के केतन सर्राफ ने बताया कि उनकी पत्नी पूजा 'फार फन' एप के जरिए आगरा के लोहामंडी के दो मुस्लिम युवकों चांदबाबू व सोहेल के संपर्क में आई थी। इसके बाद से वह उनके और पांच वर्षीय बेटे पर लगातार मतांतरण का दबाव डालने लगे। गुरुवार को पूजा घर के सारे जेवर और रुपये लेकर घंटाघर के होटल गौरव पैराडाइज चली गई। वहां चांदबाबू और सोहेल मौजूद थे। केतन ने मामले की सूचना बजरंगदल के कृष्णा तिवारी और उनके पदाधिकारियों को दी तो सभी हरबंश मोहाल पुलिस के साथ मौके पर पहुंची।

# इंडिया गठबंधन से अलग रणनीति बना रही जेडीयू



पटना, 17 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र की सत्ता से दूर रखने के लिए बने इंडिया' गठबंधन की समन्वय समिति की एक बैठक के बाद न तो संयोजक पद के लिए नाम तय हो सके हैं और न ही सीट बंटवारे को लेकर कोई पुख्ता खाका तैयार हुआ है। इस बीच, विपक्षी दलों को एकजुट करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले नीतीश कुमार की पीएम के रूप में ब्रांडिंग करने की शुरुआत कर जेडीयू ने एकबार फिर दिल्ली की सियासत शुरू कर दी है। ऐसी स्थिति में कहा जा सकता है कि भले इंडिया में शामिल दल एक मंच पर जुट गए हों लेकिन अभी भी स्वहित उनकी प्राथमिकता है। दरअसल, जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और फिर नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल अशोक चौधरी ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के लिए योग्य बताया। मंत्री चौधरी ने तो यहां तक कह दिया कि बिहार को छोड़ दीजिए देश के कई राज्यों के लोग नीतीश कुमार को पीएम देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सर्वे कराया जाए तो बहुत लोग चाहेंगे कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें। चौधरी ने हालांकि यह भी कहा कि जो राजनीतिक परिदृश्य होगा उसके अनुसार आगे निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले आरजेडी के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने इशारों ही इशारों में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को 'दुल्हा ' बताकर नेता बताने की कोशिश कर चुके हैं। इधर, देश भर चुनावी रणनीतिकार के रूप में चर्चित प्रशांत किशोर कहते हैं कि नीतीश कुमार की इस गठबंधन में भी सीमित भूमिका है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अभी तक तीन बैठकें हो चुकी हैं, जबकि पहली मीटिंग पटना में हुई थी, तब यह माना जा रहा था कि नीतीश कुमार इसके सूत्रधार होंगे और उन्हें संयोजक बना दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

बेंगलुरु में भी नीतीश कुमार के संयोजक बनाने को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि तीसरी बैठक में नीतीश कुमार एजेंडा लेकर गए थे कि जातीय जनगणना को इंडिया। मुख्य मुद्दा बनाए, लेकिन गठबंधन के सहयोगी दलों ने इसे मुख्य मुद्दे के तौर पर नहीं स्वीकार किया। राजनीति के जानकार भी कहते हैं कि इंडिया गंठबंधन के भीतर मतभिन्नता को अभी नकारा नहीं जा सकता है। जी20 की बैठक के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बुलाए भोज में गठबंधन में शामिल दलों के कई राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचे, लेकिन कांग्रेस और आरजेडी इसको लेकर नाराज रही। इधर, आरजेडी के नेता और प्रदेश के शिक्षा मंत्री रामचरित मानस को लेकर विवादास्पद बयान दे रहे हैं। ये बात जेडीयू के गले नहीं उतर रही है।

सीट बंटवारे को लेकर भी बिहार में गठबंधन में शामिल दलों का अलग अलग दावा है। उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में आरजेडी ने एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकी थी, जबकि विधानसभा में वह सबसे बड़ा दल है। इधर, बिहार की राजनीति के जानकार अजय कुमार कहते हैं कि इंडिया गठबंधन में अभी बहुत पेंच है, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि अभी तक सीट बंटवारे को लेकर चर्चा तक नहीं हुई है, जबकि हर बैठक के पहले इसका दावा किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि सभी लोग भले चाह रहे हों कि भाजपा को सत्ता से हटाया जाए, लेकिन सभी दलों की अपनी मजबूरी है।

# जल्द होगा योगी मंत्रीमंडल का विस्तार

## दारा, ओपी राजभार समेत कुछ बीजेपी विधायक बन सकते हैं मंत्री




लखनऊ, 17 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विक्रम सम्पत द्वारा लिखित पुस्तक 'शौर्यगाथाएं' राज्यपाल को भेंट की। राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से मुख्यमंत्री की राज्यपाल से मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया, लेकिन इंटरनेट मीडिया पर इस मुलाकात को लेकर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है।

**दारा सिंह चौहान और ओपी राजभर शामिल हो सकते हैं मंत्रीमंडल में**

चर्चा है कि जल्द ही दारा सिंह चौहान और सुभासपा के मुखिया ओमप्रकाश राजभर सहित कुछ और विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। सपा से भाजपा में वापसी करने वाले दारा सिंह चौहान घोसी सीट से उपचुनाव तो हार चुके हैं, लेकिन उन्हें मंत्री बनाने के लिए अब विधान परिषद सदस्य बनाए जाने की चर्चा है। गौरतलब है कि राज्यसभा सदस्य बनाए जाने के बाद डा।दिनेश शर्मा के इस्तीफे से विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) का एक पद रिक्त चल रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वांचल में जातीय समीकरण साध अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए ही भाजपा ने जहां राजभर को एनडीए में शामिल किया है, वहीं दारा सिंह चौहान की सपा से वापसी कराई है। वैसे तो दोनों को पहले ही मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा थी, लेकिन घोसी उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी दारा सिंह की हार के बाद दोनों को मंत्री बनाए जाने को लेकर सवाल खड़े होने लगे। पिछले दिनों दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से दारा सिंह की मुलाकात और ओमप्रकाश राजभर के दावे के बाद दोनों के मंत्री बनने की नए सिरे से शुरू हुई चर्चा ने शनिवार को राज्यपाल और मुख्यमंत्री की भेंट से जोर पकड़ ली। सूत्रों का कहना है कि दोनों के साथ ही भाजपा के कुछ वरिष्ठ विधायकों को भी अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्रीय व जातीय संतुलन साधने के लिए मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

# 'सनातन धर्म कोई कपूर की पुड़िया नहीं है

## 'इंडिया' पर जमकर बरसीं साध्वी निरंजन ज्योति



मुजफ्फरपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। जिले में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंची भारत सरकार की खाद्य प्रसंस्करण व उद्योग राज्य विभाग की मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग जानबूझकर सनातन धर्म को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। सनातन धर्म यह कोई कपूर की पुड़िया नहीं है जो कोई उड़ा दे। संतानत धर्म पर टिप्पणी करने वाले और बोलने वाले खुद उड़ गए हैं। यह पहले से प्रमाणित है। सनातन धर्म को मिटाने जो आया वो खुद मिट गया। पीएम मोदी के कार्य और दुनिया भर में बढ़ता हुआ कद को लेकर ये लोग डरे हुए हैं। सीएम नीतीश कुमार और बिहार के शिक्षा मंत्री पर निशाना साधते हुए साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि शिक्षा मंत्री के द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ जो बयान दिया गया है वह गलत है। नीतीश बाबू यह मिथिला की धरती है जनता को जवाब देना होगा। ऐसे में नीतीश कुमार चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। सनातन धर्म पर टिप्पणी और बयान करने वाले मिट गए। इंडिया गठबंधन के लोग ऐसी ही मानसिकता को लेकर चल रहे हैं।

**इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन पीएम मोदी के कामों से जीत नहीं सकते हैं तो सनातन धर्म पर कुठाराघात कर रहे हैं। वहीं, पटना में उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिस तरह से सनातन धर्म को लेकर इंडिया गठबंधन के लोग बयान दे रहे हैं उस से ऐसा लगता है कि मुंबई की बैठक के बाद इन लोगों ने एक लक्ष्य ही बना लिया है कि सनातन धर्म पर चोट किया जाए। पहले ये पीएम मोदी का विरोध करते थे फिर देश का विरोध करने लगे और अब सनातन धर्म का विरोध करने के लग गए हैं।

# संसद के विशेष सत्र से पहले बीएसपी चीफ मायावती ने उठाए सवाल, जवानों की शहादत पर की चर्चा की मांग



लखनऊ, 17 सितंबर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी की नेता और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संसद के विशेष सत्र से पहले अहम टिप्पणी की है। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा है कि गरीबों के मुद्दों और महंगाई पर इस सत्र में चर्चा होनी चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मायावती ने पोस्ट किया कि नए संसद परिसर में आज ध्वजारोहण तथा कल से वहाँ शुरु हो रहे विशेष सत्र की सभी सांसदों को हार्दिक बधाई। नया संसद भवन लोकतंत्र की मज़बूती व परमपूज्य बाबा साहेब डा। भीमराव अम्बेडकर के मानवतावदी संविधान के उद्देश्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा, ऐसी आशा। उन्होंने लिखा- वैसे कमरतोड़ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, लाचारी आदि के अभिशप्त जीवन से मुक्ति तथा आन्तरिक व बाहरी सुरक्षा जैसे.देश व जनहित के ज्वलन्त मुद्दों पर नई संसद का सत्र अगर समर्पित होता है तो लोगों में उम्मीद की किरण जगेगी। कश्मीर में अफसरों/जवानों की शहादत को भी गंभीरता से लेना जरूरी। इसके अलावा मायावती ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मायावती ने विश्वकर्मा दिवस की भी शुभकामनाएं दीं।

**विशेष सत्र में क्या होगा?**

सोमवार से शुरू हो रहे सत्र को बुलाये जाने के असामान्य समय ने सभी को हैरत में डाल है। हालांकि सत्र के लिए सूचीबद्ध एजेंडे का एक मुख्य विषय संविधान सभा से शुरू हुई संसद की 75 वर्ष की यात्रा पर एक विशेष चर्चा है। सरकार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के प्रावधानों वाले विधेयक को भी सत्र में चर्चा एवं पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया है। यह विधेयक पिछले मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पेश किया गया था। सरकार को संसद में कुछ नए कानून या अन्य विषय पेश करने का विशेषाधिकार प्राप्त है जो जरूरी नहीं है कि सूचीबद्ध एजेंडे का हिस्सा हो। किसी संभावित नए कानून पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन लोकसभा और राज्य विधानसभाओं जैसी निर्वाचित विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने वाले विधेयक के बारे में चर्चा चल रही है। सत्र को लेकर लगाए जा रहे कयास के बीच संसद को नए भवन में स्थानांतरित किए जाने की प्रबल संभावना है, जिसका उद्घाटन 28 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। संसद के विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी नयी वर्दी में दिखाई पड़ सकते हैं ।

## बस्ती में धरातल पर उतरे कांग्रेसी, पूछा एमपी और एमएलए का नाम, जनता को सूंघ गया सांप!

बस्ती, 17 सितंबर (एजेंसियां)। बस्ती में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बीजेपी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता को अच्छे दिनों की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता कराह रही है। महिला उत्पीड़न के मामले भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अहंकारी सरकार नए-नए हथकंडों से जनता को जबरिया फीलगुड का अहसास करा रही है। कांग्रेस नेता परसा जाफर गांव में आयोजित चौपाल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छे दिन लाने का वादा कर सत्ता में आई बीजेपी सरकार जनता की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में नाकाम है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है और महिला उत्पीड़न के मामले भी कम नहीं हो रहे हैं। ऐसे में जनता को आगे आकर सरकार से वादों का हिसाब मांगना होगा। उन्होंने कहा कि जनता को तय करना है कि ठगी हुई या वादों पर सरकार खरी उतरी है। उन्होंने देश में कांग्रेस के पहले से ज्यादा मजबूत होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों मे लोकप्रिय सरकार चल रही है। कांग्रेस नेता लोकसभा चुनाव में जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि गैस, पेट्रोल डीजल की महंगाई से राहत मिलेगी और महिलाओं को भी सम्मान मिलेगा।

## चकिया में अपराधियो ने व्यवसायी को गोली मार किया घायल

पूर्वी चंपारण, 17 सितंबर (एजेंसियां)। जिले के चकिया थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक किराना व्यवसायी को गोली मार कर घायल कर दिया।जिन्हे नाजुक स्थिति में इलाज के लिए मुजफ्फरपुर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।घटना शनिवार की देर रात की बतायी जा रही है।जब व्यवसायी कोयला बेलवा बाजार स्थित अपने किराना दुकान को बंद कर व्यवसायी अपने घर लौट रहे थे,इसी बीच घात लगाये बाइक सवार अपराधियों ने किराना व्यवसाई को गोली मार दी। घायलवस्था में व्यवसायी को चकिया लाया गया,जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हे मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया। जहां एक निजी अस्पताल में उनकै इलाज चल रहा है।वही सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुचकर जांच में जुटी हुई है।चकिया थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि परिजनो के आवेदन अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# निषाद पार्टी ने की श्रृंगवेरपुर धाम से 'अवैध मस्जिद' हटाने की मांग



लखनऊ, 17 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) ने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में निषादराज किले के परिसर के अंदर बनी एक 'अवैध मस्जिद' को हटाने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि वह मस्जिद से 'हरा झंडा' हटवाएगी और अयोध्या की तरह वहां केसरिया झंडा फहराएगी। श्रृंगवेरपुर धाम को निषादों द्वारा निषादराज का निवास स्थान माना जाता है, जिन्होंने 14 साल के वनवास के दौरान भगवान राम को गंगा पार करने में मदद की थी। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा "मैंने इस मामले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया है और इस पर व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करूंगा।" उन्होंने कहा "जिस तरह से अयोध्या में राम मंदिर से हरा झंडा हटा दिया गया, हम चाहते हैं कि भगवान राम के मित्र निषादराज के श्रृंगवेरपुर धाम में भी लोकतांत्रिक तरीके से ऐसा किया जाए, जहां भगवान राम ने एक रात बिताई थी।" निषाद ने कहा, "जिस तरह से भाजपा भारतीय 'संस्कृति' के साथ लोगों तक पहुंची, उसके कारण ही बाबरी मस्जिद को हटाने में सफलता मिली, उसी तरह हम लोगों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें निषादराज के बारे में बता रहे हैं।" निषाद ने कहा कि जब उन्होंने 2013 से इस जगह (श्रृंगवेरपुर धाम) को साफ करवाना शुरू किया था तो वहां कोई मस्जिद नहीं थी, लेकिन बाद में एक मस्जिद आ गई जो अब कई एकड़ में फैल गई है। उन्होंने कहा, मस्जिद उस स्थान के बहुत करीब है जहां भगवान राम और निषादराज की मूर्ति स्थापित की जा रही है। मत्स्य मंत्री ने कहा, "रिकॉर्ड में और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के नक्शे में भी कोई मस्जिद नहीं थी। इसे हटाया जाना चाहिए।" निषाद पार्टी ने 2013 से श्रृंगवेरपुर किले में निषादराज जयंती और विमुक्ति दिवस जैसे कार्यक्रम मनाना शुरू किया था। निषाद ने कहा, "इसे (मस्जिद को) हटाया जाना चाहिए। निषादों का गौरवशाली इतिहास रहा है और लोग इसके बारे में जागरूक हो रहे हैं।" उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों के कारण ही पर्यटन विभाग ने उस क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित कर दिया है और इसके विकास के लिए 20।28 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। इस स्थान में एक हेलीपैड भी है। मंत्री ने कहा कि हाल ही में पार्टी की एक बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को उठाया था और अवैध ढांचे के कारण 'मछुआ' समुदाय में गुस्सा है। उन्होंने कहा, "यह हिंदुओं के लिए आस्था का मामला है। मैं वकीलों से भी परामर्श कर रहा हूं और निषादराज की पवित्र भूमि में मस्जिद को हटाने के लिए अन्य लोकतांत्रिक तरीकों की तलाश कर रहा हूं।" वर्ष 2022 के उप्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के सहयोगी के रूप में चुनाव मैदान में उतरी निषाद पार्टी के छह विधायक हैं। निषाद के छोटे बेटे श्रवण निषाद गोरखपुर जिले से विधायक, जबकि बड़े बेटे प्रवीण निषाद संतकबीरनगर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद हैं।

## जर्जर मकानों में रह रहे लोगों की जान सांसत में

## कंडम घोषित हैं 700 मकान, अवैध रूप से इनमें काबिज हैं 5000 लोग

लखनऊ, 17 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में रेलवे की 32 कॉलोनियों में 700 से अधिक आवास कंडम घोषित हो चुके हैं। रेलवे इन्हें गिराकर नए भवन बनाएगा। बावजूद इसके आरपीएफ, रेलवे इंजीनियरों व यूनियन नेताओं की शह पर इन कंडम आवासों में पांच हजार से अधिक लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। लखनऊ में उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल हैं। इनकी 32 कॉलोनियों में फतेहअली, सेंट्रल पावर हाउस, मुनव्वरबाग, बरहा, पंजाबनगर, मालगोदाम, कैश एंड पे, भिलावा आदि कॉलोनियां प्रमुख हैं। फतेहअली रेलवे कॉलोनी के जिस घर में मातम पसरा है, वह परिवार भी अवैध रूप से रह रहा था। परिवार का एक भी सदस्य रेलवे में नहीं था। जिस क्वार्टर में परिवार रह रहा था, वह कंडम घोषित किया जा चुका है। कंडम आवासों को खाली करने के लिए नोटिस भी दिए जा चुके हैं। फिर भी लोग जमे हुए हैं। यही नहीं, लखनऊ की रेलवे कॉलोनियों के 700 कंडम आवासों की सूची रेलवे करीब चार साल पहले जारी कर चुका है, लेकिन इन आवासों को गिराया नहीं गया है। दैनिक यात्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएस उप्पल रेलवे की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे आवासों को कंडम घोषित कर देता है। क्वार्टरों के खिड़की, दरवाजे उखाड़ ले जाता है, बिजली कनेक्शन काट देता है और परित्यक्त लिखकर इतिश्री कर लेता है। इसके बाद उन क्वार्टरों में कौन, कैसे और किसकी शह पर रह रहा है, इसकी सुध तक नहीं लेता। यदाकदा चलाए जाने वाले अभियान दिखावा ही साबित होते हैं। मुख्यालय के दबाव में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर मुनव्वरबाग, कैश एंड पे, सीपीएच कॉलोनी में अवैध आवंटियों को हटाया भी गया।

# आजम खान की मदद से खूब बढ़ा एकता कौशिक के परिवार का रसूख और कारोबार, बेटे अदीब से है अच्छी दोस्ती

गाजियाबाद, 17 सितंबर (एजेंसियां)। राजनगर की रहने वाली एकता कौशिक सुर्खियों में भले ही आयकर विभाग के सर्च के बाद आई हों, लेकिन आजम खान से उनके अच्छे रिश्ते वर्ष 2010 से हैं। सपा कार्यकाल में आजम की मदद से एकता कौशिक के परिवार का रसूख व कारोबार खूब बढ़ा। सिर्फ उत्तर प्रदेश या दिल्ली एनसीआर ही नहीं, दूसरे राज्यों में उनके परिवार ने कारोबार बढ़ाया। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक रियल एस्टेट के अलावा अन्य कारोबार में उनके परिवार का पैसा लगा हुआ है। दरअसल, वर्ष 2009 में एकता कौशिक ने नोएडा फिल्म सिटी स्थित मारवाह स्टूडियो में ज्वैलरी डिजाइनिंग का कोर्स करने के लिए दाखिला लिया था। वहीं आजम खान के बेटे अदीब ने मॉडलिंग के कोर्स में। यहीं दोनों की दोस्ती हुई। इसके बाद एकता और अदीब का एक-दूसरे के घर आना जाना व परिवार के सदस्यों से परिचय हुआ। एकता कौशिक के पिता सुरेंद्र कौशिक जीडीए के लेखा अनुभाग में अकाउंटेंट थे और ससुर परितोष शर्मा अवर अभियंता। सुरेंद्र कौशिक जीडीए से ही सेवानिवृत्त हुए हैं। स्वर्णजयंती पुरम भूखंड आवंटन घोटाले में उनका नाम शामिल है। सपा कार्यकाल में एकता कौशिक ने अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए मामला खत्म कराने का पूरा प्रयास किया। अधिकारियों को आजम खान ने सीधे फोन भी किए, लेकिन हाई कोर्ट में विचाराधीन होने के चलते मामले में कुछ नहीं हो सका। इसी प्रकरण में पिछले दिनों वह उत्तर प्रदेश की बिलारी विधानसभा के विधायक के



साथ जीडीए कार्यालय पहुंची थीं। वहीं एकता के ससुर परितोष शर्मा ने वर्ष 2005 में जीडीए के अवर अभियंता के पद से नौकरी छोड़कर दी थी और रियल एस्टेट का कारोबार शुरू किया था। आजम खान से अच्छे रिश्ते होने का उन्हें खूब फायदा मिला। परिवार का कारोबार कई गुना बढ़ा। आजम खान के जरिए ही वह पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व उनकी पत्नी डिंपल यादव से मिली थी और उनके इनसे भी अच्छे संबंध हो गए थे। एकता भी रिश्ते निभाने में पीछे नहीं रही। पिछले दिनों जब आजम खान का परिवार संकट के दौर से गुजर रहा था। आजम खान जेल में थे तो एकता ने उनकी पूरी मदद की। सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ताओं से मिलकर मजबूती से पैरवी की थी। कहा जाता है कि आजम को जेल से रिहा कराने में उनकी बड़ी भूमिका है। आजम खान के जेल में रहने के दौरान अनौपचारिक रूप से मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के सारे अहम काम वही देखती थीं। यही नहीं बीते कुछ समय पहले जब आजम खान अस्पताल में भर्ती थे तो उनकी देखरेख के दौरान वह कई दिन अस्पताल में रही थीं। आजम की तीमारदारी के लिए अस्पताल में रुकने के बाद ही वह चर्चाओं में आईं थीं। आजम खान उन्हें बेटी की तरह मानते हैं। उनके बेटे अदीब के साथ-साथ उनकी पत्नी से भी एकता कौशिक की अच्छी दोस्ती है। एकता कौशिक का मायका पक्ष लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा है। राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता उनके घर आ चुके हैं

## 6 महीने पहले मुस्लिम प्रेमी से की थी शादी अब युवती पहुंची थाने, दर्द सुन पुलिस भी सन्न

मुरादाबाद, 17 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवती ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाया है। युवती के मुताबिक, गैर समुदाय के युवक ने पहले उसे प्रेम जाल में फंसाया फिर उससे शादी की। मगर शादी के बाद वह उसका उत्पीड़न करने लगा। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी पति उसे पूजा-पाठ करने से रोकता है और उसपर नमाज पढ़ने का प्रेशर बनाता है। युवती का कहना है कि वह पूजा-पाठ करना चाहती है। मगर पति समेत ससुराल वाले उसे पूजा नहीं करने देते और उसपर नमाज पढ़ने का प्रेशर बनाते हैं। पीड़िता का कहना है कि वह ससुराल में पूजा करना चाहती है। ऐसा करने पर अब उसका पति उसे छोड़ने के लिए बोल रहा है। दरअसल ये पूरा मामला मुरादाबाद के थाना बिलारी से सामने आया है। यहां एक युवती ने बीते शनिवार को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया और पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई। युवती ने शिकायत पत्र देते हुए कहा कि वह प्रेग्नेंट है। उसका पति उसे छोड़ने के लिए बोल रहा है। युवती ने पति और ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि ससुराल वाले उसे पूजा करने से रोकते हैं और उसपर नमाज पढ़ने का दबाव बनाते हैं। पीड़िता का कहना है कि ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाता है। पति ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर उससे शादी की थी। मगर वहां उसे प्रताड़ित किया जा रहा है।

# भारत बनेगा समंदर का सिकंदर, इंडियन नेवी का 'एआई' छुड़ाएगा चीन-पाकिस्तान के छक्के

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। चीन खुद को दुनिया की सबसे बड़ी नेवल पावर कहता है, लेकिन चीन का ये गुरूर बहुत जल्द पानी पानी होने वाला है, क्योंकि ब्लूजोन में इंडिया का शौर्य और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दौर शुरू होने जा रहा है। भारतीय नौसेना के हर वॉरशिप को नया 'एआई कमांडर' मिला है। वो कमांडर जो सटीक कैलकुलेशन करके बताएगा कि दुश्मन के साथ कैसा व्यवहार करना है और कब कौन से हथियार से हमला करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि दुनिया में टेक्नोलॉजी अब जीवन है। हम उससे परहेज नहीं कर सकते। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के युग में प्रवेश कर रहे हैं और इसे बल देना चाहिए। पीएम मोदी ने जो कहा था उसे अब नौसेना अमल में ला रही है। भारतीय नौसेना को और ताकतवर और आधुनिक बनाने की कवायद शुरू हो गई है। अब नौसेना को एआई से लैस किया जाएगा।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मिलेंगे सभी जवाब**

भारतीय नौसेना ने नया डिफेंस इकोसिस्टम विकसित कर लिया है। ये डिफेंस इकोसिस्टम आत्मनिर्भर और आधुनिक है। यह ह्यूमन इंटेलिजेंस के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी लैस है। दुश्मन के हमले का जवाब कैसे देना है, किस खास परिस्थिति में कौन सा हथियार दुश्मन दल पर सबसे घातक साबित होगा, कब रॉकेट दागना है, कब मिसाइल दागनी है, कब टॉरपीडो से दुश्मन की सबमरीन और जहाजों की जल समाधि बनानी है, इन सवालों का जवाब अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मिलेगा।



**हर युद्धपोत को एआई सिस्टम के साथ किया जाएगा अपडेट**

भविष्य के युद्ध के लिए तैयार हो रही भारतीय नौसेना एक मेगा प्लान पर काम कर रही है। फ्यूचर वॉरफेयर यानी भविष्य में होने वाले युद्ध की तैयारी के लिए भारतीय नौसेना साइबर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा एनालिटिक्स जैसी कटिंग-एज टेक्नोलॉजी का पूरी क्षमता से इस्तेमाल कर रही है। इस मेगा प्लान के मुताबिक भारतीय नौसेना के हर युद्धपोत को आधुनिक एआई सिस्टम के साथ अपडेट किया जाएगा। इसी नवंबर में मुंबई से गोवा के बीच भारतीय नौसेना की पहली ऑटोनॉमस बोट का परीक्षण होने वाला है। इसमें स्वदेशी कॉम्बेट मैनेजमेंट सिस्टम से लैस नावों का इस्तेमाल होगा। ये ऑटोनॉमस बोट वेपंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम इंजिनियरिंग इंस्टीट्यूट यानी डब्ल्यूएसईई और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड यानी बीईएल ने विकसित किया है। नौसेना की योजना है कि आने वाले 10 सालों में अलग-अलग साइज और टाइप के ऑटोनॉमस एरियल, सरफेस और अंडरवाटर प्लेटफ़ॉर्म को एआई से लैस कर दिया जाएगा।

**कौन से हथियार का करना है इस्तेमाल, एआई बताएगा**

इन ऑटोनॉमस बोट में एआई बताएगा कि शत प्रतिशत सटीक नतीजों के लिए किस परिस्थिति में और किस टारगेट पर कौन से हथियार का सटीक इस्तेमाल किया जा सकता है। भारतीय नौसेना जल्द ही स्वदेशी कॉम्बेट मैनेजमेंट सिस्टम यानी सीएमएस की टेस्टिंग शुरू करेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस ये स्वदेशी कॉम्बेट मैनेजमेंट सिस्टम किसी भी युद्धपोत का 'नर्व सेंटर' बनेगा। इसमें रडार, सोनार समेत सभी सेंसर्स और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को इंटीग्रेट किया जाएगा। 2024 से 2029 के बीच कमिशन होने वाले सभी युद्धपोतों में डब्ल्यूएसईई का बनाया नया सीएमएस होगा।

**नौसेना के युद्धपोतों में एआई बेस्ड नया सिस्टम लगाने से क्या होगा?**

इन-बिल्ट एआई एल्गोरिदम के जरिए सीएमएस एक साथ 24 से 29 खतरे तेजी से खतरे को भांप सकता है। इसके बाद ये एआई बेस्ड नया स्वदेशी कॉम्बेट मैनेजमेंट सिस्टम यानी सीएमएस युद्धपोत को सुझाता है कि कौन सा हथियार चलाना चाहिए। नौसेना का तेजी से आधुनिकीकरण और ज्यादा से ज्यादा एआई का इस्तेमाल बहुत जरूरी है, क्योंकि विस्तारवादी मुल्क चीन ने एआई बेस्ड बहुत बड़ा वॉर प्लान तैयार किया है। हालांकि चीन की सेना में एआई का इस्तेमाल उनकी मजबूरी है,

क्योंकि चीन की सेना को युद्ध का कोई अनुभव नहीं है, इसीलिए ड्रैगन के जनरल युद्ध की रणनीति से लेकर युद्ध लड़ने तक के लिए सुपर कम्प्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अनमैन्ड हथियारों का इस्तेमाल करने के प्लान कर रहे हैं। ड्रैगन इस साल 10 से ज्यादा बार बड़ी वॉर ड्रिल कर चुका है। युद्ध के अभ्यास में भी चीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद ले रहा है। एक तरफ चीन ताबड़तोड़ वॉर ड्रिल कर रहा है तो दूसरी ओर साउथ चाइना सी में उसने अमेरिका से सीधी टक्कर भी शुरू कर दी है। चीन अपनी हाई टेक सेना के दम पर सुपरपावर बनने का ख्वाब देख रहा है। वॉर ड्रिल बता रही है कि अब ड्रैगन किसी भी वक्त ताइवान पर अटैक करने की प्लानिंग कर रहा है।

# उज्जैन, इंदौर-खंडवा में बारिश से हाहाकार, रिहायसी इलाकों में घुसा पानी



इंदौर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में दो दिनों से हो रही भारी बारिश ने कहर ढाना शुरू कर दिया है। इंदौर में नदी नालों सब उफान पर हैं। सड़कों पर ही नहीं, लोगों के घरों में भी पानी भर गया है।चंदन नगर क्षेत्र के तलावली पुल पर पानी का बहाव तेज होने की वजह से गाड़ियां फंसी हैं और लोग जान जोखिम में डालकर आ जा रहे हैं। इससे कई किमी लंबा जाम लगा है। वहीं आसपास के इलाकों में कई जगह पेड़ गिरे हैं। इससे आवागमन ठप हो गया है। इससे कई जगह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गनीमत है कि अभी तक किसी जन हानि की सूचना नहीं है। बता दें कि मध्य प्रदेश में बीते दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 30 फुट ऊपर चला गया है। हालात यहां तक आ गए हैं कि ओंकारेश्वर बांध के सभी 23 गेटों को खोलना पड़ा है। इससे नर्मदा नदी के निचले हिस्सों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। वहीं कई गांवों का आपस में कनेक्शन कट गया है। वहीं कई इलाकों में लोगों के सामने खाने पीने तक की दिक्कत आ गई है। घरों में पानी भर जाने की वजह से लोगों का चैन सुकून छीन गया है। भारतीय मौसम विभाग ने बारिश का यह दौर जारी रहने का संकेत दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में भारी बारिश के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है। उधर, ओंकारेश्वर के नागरिकों ने बताया कि पहले ही लोग तेज बारिश से परेशान थे, ऊपर से प्रशासन ने बिना सूचना दिए बांध से पानी छोड़ दिया। इससे मछुवारों की नाव, नदी के किनारे वाले क्षेत्रों के मकान व दुकान आदि बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। हालात खराब होने पर दर्जनों परिवारों ने विभिन्न मठों और धर्मशालाओं में शरण ली है।

**घरों में घुसा आबना का पानी**

उधर, निमाड़ और खंडवा में भी लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते आबना नदी का पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया है। नर्मदा नदी पर खंडवा से इंदौर को जोड़ने वाले एकमात्र मोरटक्का पुल के 15 फीट ऊपर से पानी बह रहा है। इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के सभी गेट खोल दिए गए है। ओंकारेश्वर आने वाले साधू संतों को भी अब यहां आने से रोका जा रहा है। उधर, मन्दसौर में लगातार बारीश की वजह से शिवना नदी उफान पर है। शनिवार की रात तक नदी पर बने कालाभाटा बांध के 5 गेट खोलने पड़े। यह सभी गेट 6-6 फिट तक खोले गए हैं। रात में करीब 12 बजे तक शिवना का जल भगवान पशुपतिनाथ के गर्भगृह तक पहुंच गया। देखते ही देखते अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ के चार मुख पूरी तरह डूब गए। फिलहाल भगवान पशुपतिनाथ की 8 फ़ीट की प्रतिमा आधी जलमग्न हो गई है। मंदसौर के में शनिवार की शाम को चंबल नदी के किनारे पर बसे भगोर गांव के 50 से अधिक घरों को खाली कराया गया।

**बांसवाड़ा में भी खराब हुए हालात**

कुछ ऐसे ही हालात राजस्थान के सिरोही और पाली आदि जिले में देखने को मिली है। यहां भी भारी बारिश की वजह नदी नालों में बाढ़ की स्थिति है। माउंट आबू में नक्कीलेक ओवरफ्लो हो रही है। जबकि बांसवाड़ा का माही डैम के गेट खुलने से बेणेश्वर धाम टापू बन गया है।इस डैम के सभी 16 गेट खोलने की वजह से पानी का दबाव बढ़ गया है। इसी प्रकार सोम कामला बांध के भी 2 गेट खोले गए है। वहीं पाली में जवाई बांध के सभी सात फाटक खोल दिए गए हैं।

# घमंडिया के बाद अब इंडिया के लोग मेढक! मंत्री प्रहलाद पटेल बोले- 'सब एक साथ तुले'



जबलपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। विपक्षी इंडिया गठबंधन को लेकर बीजेपी नेता, मंत्रियों के चुभन भरे बयानों की तीरों का वार जारी हैं। पहले 'घमंडिया' के नाम से उपमा दी गई, अब मंत्री मेढक कहने लगे हैं। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने जबलपुर में एक सवाल के जबाव में यह संज्ञा दी। दरअसल इंडिया की मध्य प्रदेश में रैली आयोजित थी, जो फिलहाल कैंसिल हो गई हैं। लेकिन विपक्ष की एमपी चुनाव को लेकर मीडिया छाई रणनीति पर बीजेपी करारा जबाव देने जुट गई हैं। दमोह सांसद और केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल जबलपुर पहुंचे तो उनसे विपक्ष की रैली के सिलसिले में सवाल किया गया था।

प्रहलाद पटेल बोले कि हम बेफिक्र हैं। हम अपनी रणनीति पर काम कर रहे हैं। चुनाव आए है तो मेढक टर्र टर्र कर रहे हैं। हम तो चाहते है कि मेढक एक साथ तुले। सीधे तौर पर पटेल ने इंडिया में शामिल दलों और उनके नेताओं को मेढक कहा। पटेल बोले कि प्रेस पर रोक लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत रही। इमरजेंसी के वक्त भी यह कमाल दिखाया जा चुका हैं। लेकिन उसका हस्र क्या हुआ, आज के दौर में तस्वीर सामने हैं। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कई टीवी चैनलों के आए सर्वे और पिछले चुनाव के नतीजों से कांग्रेस कॉन्फिडेंट है कि सरकार उनकी पार्टी की ही बनेगी।

इससे सीना फुलाए विपक्ष ने एमपी में भी बड़ी रैली करने का प्लान बनाया था। लेकिन लगातार सत्ता सुख भोग रही बीजेपी की भी ताकत कम नहीं। अमित शाह समेत केन्द्रीय दिग्गज नेता भी जीत का पंजा लगाने पूरा जोर लगाए हुए हैं। प्रहलाद पटेल ने हिन्दुत्त्व एजेंडे पर कांग्रेस की दिलचस्पी पर भी बयान दिया। पटेल ने कहा कि कमलनाथ छिंदवाड़ा में ही हिंदू-हिंदू कर पा रहे हैं। उनकी पार्टी के सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी इस मुद्दे पर अपना मौन तोड़े। सिर्फ चुनाव के वक्त माथे पर टीका लगाने का ये मतलब नहीं है कि आप सनातनी हो गए हैं।

# जिस्मफरोशी अड्डे का भंडाफोड

## दिल्ली-पंजाब से आती थीं महिलाएं, 2000 रुपये में लगती थी बोली



पटियाला, 17 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब के पटियाला जिले के गांव चौरां में एक हाई-प्रोफाइल जिस्मफरोशी के अड्डे का पर्दाफाश हुआ है। जहां पर एक महिला अपने घर में ही दिल्ली व पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से महिलाओं को लाकर देह व्यापार करा रही थी। महिला प्रति ग्राहक 2000 रुपये वसूल करती थी। पुलिस ने छापा मारकर मकान मालकिन समेत कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो पुरुष भी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अर्बन एस्टेट के प्रभारी इंस्पेक्टर अमनदीप सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ पटियाला-राजपुरा रोड पर एक अस्पताल के नजदीक मौजूद थे। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि एक महिला गांव चौरां में अपने घर में जिस्मफरोशी का अड्डा चला रही है। सूचना के आधार पर तत्काल मौके पर छापा मारा।

जहां से पुलिस ने आरोपी महिला के अलावा देह व्यापार में शामिल दिल्ली की दो, फरीदाबाद की एक और पंजाब की दो महिलाओं को भी पकड़ा। नाभा के राजेश कुमार और पटियाला के लाल सिंह को भी पुलिस ने दबोचा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला विभिन्न व्यक्तियों को अपने घर बुलाती थी। 2000 रुपये वसूल कर पकड़ी गई महिलाओं से जिस्मफरोशी कराती थी।

# 'तुम्हारे घर पर काला जादू हुआ है' कहकर पति के पांच दोस्तों ने महिला से कई बार किया रेप

पालघर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पालघर में घर में वास्तु दोष और परेशानियां दूर करने का झांसा देकर पांच लोगों ने एक महिला के साथ कई बार रेप किया। जब यह मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने छानबीन की। पुलिस का कहना है कि मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने महिला से कहा था कि उसके घर में और उसके पति पर किसी ने जादू कर दिया है। इसी वजह से घर में परेशानियां हैं। इनसे निजात पाने के लिए कुछ अनुष्ठान कराने होंगे। इसके बाद आरोपी अप्रैल 2018 से महिला के घर जाने लगे। जब महिला अकेली घर पर होती थी, तब आरोपी वहां काला जादू करने का ड्रामा करते थे। इस दौरान वे महिला को 'पंचामृत' कहकर नशीला पेय पिला देते थे और फिर रेप करते थे।

# सीबीआई ने ओडिशा में स्कूल टेंडर के लिए 19.96 लाख रुपये रिश्वत मामले में सात को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। सीबीआई ने रविवार को कहा कि उसने ओडिशा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के लिए निविदा के मामले में 19.96 लाख रुपये की रिश्वतखोरी में एक निजी कंपनी के मालिक, निजी व्यक्तियों और ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी के कार्यकारी सचिव सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नोएडा के सोमेश चंद्र, मुंबई के वीर ठक्कर, राजीव रंजन, तरंग अग्रवाल, और ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी के कार्यकारी सचिव आशीष राजदान, ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के अज्ञात लोक सेवकों व अन्य निजी व्यक्तियों के साथ गुजरात स्थित एक कंपनी के मालिक हेतल कुमार प्रवीणचंद्र राज्यगुरु और




कोलकाता निवासी शशांक कुमार जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोपों से पता चलता है कि इन आरोपियों के बीच कोलकाता में ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड में अज्ञात लोक सेवकों के साथ निजी कंपनी के लिए ईएमआरएस टेंडर हासिल करने की साजिश रची गई थी। सीबीआई जांच से पता चला कि अधिकारियों की ओर से कोलकाता निवासी शशांक कुमार जैन ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड से टेंडर के लिए रिश्वत की मांग की जा रही थी। राज्यगुरु ने ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड में लोक सेवक के लिए जैन को 20 लाख रुपये भेजने का आश्वासन दिया था। अधिकारी ने कहा, एक जाल बिछाया गया, और एक कथित हवाला चैनल के माध्यम से कोलकाता में उक्त निजी व्यक्ति को रिश्वत की रकम पहुंचाने के बाद, दोनों निजी व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। उनके कब्जे से 19.96 लाख रुपये की कथित रिश्वत राशि बरामद की गई। जांच से पता चला कि यह रिश्वत कथित तौर पर ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी के कार्यकारी सचिव (एक लोक सेवक) के लिए थी। उक्त कार्यकारी सचिव और अन्य निजी व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के परिसरों में कोलकाता, दिल्ली, नोएडा, मुंबई, नागपुर और राजकोट सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई, इससे कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और 26.60 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। अधिकारी ने कहा, हेतल कुमार प्रवीणचंद्र राज्यगुरु को अहमदाबाद में एक विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया और उन्हें 21 सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया है। शेष गिरफ्तार आरोपियों को अदालत के सामने पेश किया जाएगा।

# 'अमेठी के बाद अब छिंदवाड़ा की बारी'

**स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी और कमलनाथ पर जमकर साधा निशाना**



छिंदवाड़ा, 17 सितंबर (एजेंसियां)। छिंदवाड़ा पहुंची बीजेपी की फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मंच से बीजेपी सरकार की उपलब्धियां निगाई तो वहीं राहुल गांधी और कमलनाथ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, छिंदवाड़ा आने से कांग्रेस विचलित हो गई है, ऐसा मुझे बीजेपी जिलाध्यक्ष ने बताया है। इसका कारण यही है कि राहुल गांधी को मेरी जैसी साधारण सी कार्यकर्ता ने चुनाव हरा दिया। चुनाव क्या हराया, वह सीधे उत्तर भारत से दक्षिण भारत में भाग खड़े हुए। वहीं, प्रेस वार्ता में स्मृति इरानी ने कमलनाथ के द्वारा कथा आयोजित कराने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जी की यदि धर्म के प्रति आस्था है तो उन्हें गांधी खानदार को चुनौती देनी चाहिए कि डीएमके से आप नाता तोड़ें। यदि आप वाकई में सनातन धर्म को मानते हो तो। स्मृति ईरानी ने इसके अलावा चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि मैं अमेठी को नहीं छोड़ सकती हूं, लेकिन अब अमेठी के बाद छिंदवाड़ा की बारी है। स्मृति ईरानी ने आमसभा में प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जमकर तारीफ की, उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में आई तो जीजा जी ने जमीन घोटाला कर लिया, लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भू माफियाओं से 23 हजार एकड़ भूमि माफियाओं से मुक्त कराई है।

# नए संसद भवन में ध्वजारोहण समारोह के दौरान नाराज हुए अधीर रंजन चौधरी

## कहा- 'मैं जरूरी नहीं हूं यहां तो मुझे बता दें'



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। देश के नए संसद भवन में आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तिरंगा फहराया। इस कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर समेत पक्ष और विपक्ष के तमाम नेता शामिल हुए लेकिन मीडिया द्वारा किए गए एक सवाल से कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भड़क गए और कहा कि अगर मैं यहां जरूरी नहीं हूं तो मुझे बता दें, मैं चला जाऊंगा।

**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे में से कोई भी शामिल नहीं हुआ था। इसी बात को लेकर अधीर रंजन से सवाल पूछा गया तो वह गुस्सा हो गए और कहा, 'मैं अगर यहां जरूर नहीं हूं तो मुझे बताइए, मैं चला जाता हूं। उन पर ध्यान केंद्रित करें जो यहां हैं। मैं यहां हूं, क्या ये काफी नहीं है।'

**खरगे क्यों शामिल नहीं हुए?**

दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस कार्यक्रम में शामिल होने में असमर्थता जताई थी और कहा था कि उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण देरी से मिला। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा था कि उन्हें इस समारोह का न्यौता देने में देरी की गई। खरगे ने शनिवार को राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी को पत्र लिखा, जिसमें कहा गया है कि खरगे को समारोह का न्यौता 15 सितंबर को देर शाम को मिला था। खरगे का कहना है कि वह 16-17 सितंबर को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में भाग लेने के लिए हैदराबाद में हैं और रविवार की रात में दिल्ली लौटेंगे।

**18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र**

संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू हो रहा है। ऐसे में कैबिनेट मंत्रियों को नए संसद भवन में कमरों का बंटवारा किया जा चुका है। जिन मंत्रियों को कमरे मिले हैं, उसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, अर्जुन मुंडा, विदेश मंत्री एस जयशंकर, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी, अश्विनी वैष्णव शामिल हैं।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ चुनाव प्रचार में छात्र ने लहराई 'बंदूक'

**किरोड़ीमल कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा, हम एक्शन ले रहे हैं**

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक दिल्ली यूनिवर्सिटी में इस समय छात्रसंघ चुनाव का खुमार पूरे शबाब पर है। 22 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव के बीच बीते शनिवार को दोपहर में दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज परिसर में छात्रों के बीच उस समय दहशत पैदा हो गई, जब कथिततौर पर एक छात्र द्वारा चुनाव प्रचार में 'बंदूक' जैसी किसी वस्तु को सरेआम लहराने की बात सामने आयी है। किरोड़ीमल कॉलेज के अधिकारियों ने बताया कि 'बंदूक' जैसी वस्तु लहराने का आरोपी कॉलेज में तृतीय वर्ष का छात्र है। इस संबंध में किरोड़ीमल कॉलेज के प्रिंसिपल दिनेश खट्टर ने कहा, 'चुनाव प्रचार के दौरान छात्र के हाथ में 'बंदूक' जैसी किसी वस्तु की पहचान की गई है। माना जा रहा है कि छात्र 'बंदूक जैसे लाइटर' को छात्रों के बीच लहराकर दहशत पैदा करने का प्रयास कर रहा था। वर्तमान में छात्र हमारे प्रॉक्टोरियल बोर्ड की हिरासत में है। हम मामले की जांच कर रहे हैं और छात्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने जा रहे हैं। इस बीच मामले में कैंपस सुरक्ष में तैनात दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि उन्हें किरोड़ीमल कॉलेज से किसी छात्र के खिलाफ कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। इस कारण वो इस विषय में ज्यादा कुछ नहीं कह सकते हैं। वहीं छात्रसंघ चुनाव में आमने सामने भाजपा और लेफ्ट समर्थित छात्र संगठनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और ऑल इंडियन स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के पदाधिकारियों ने घटना की निंदा की है और कहा है कि वो छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और ऐसी किसी भी घटना के खिलाफ हैं। लेफ्ट समर्थित आइसा ने शनिवार शाम में एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया, 'छात्र द्वारा हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन के बावजूद न तो कॉलेज प्रसाशन और न ही दिल्ली पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लिया है।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 18 सितंबर- 2023

# अपराधियों से मुक्त हो राजनीति

कानून की कुछ कमियों का फायदा उठाते हुए जिस तरह से आपराधिक छवि के लोगों ने राजनीति में प्रवेश किया है, उसका असर अब दिखाई देने लगा है। ऐसे लोगों को लेकर लंबे समय से बहसें चल रही हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है। देखा जाए तो इस समस्या को लेकर लगभग सभी दल और नेता चिंता तो जताते हैं लेकिन इसको लेकर कोई स्थाई समाधान खोजने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। इसी का फायदा उठाते हुए आपराधिक मामलों में लिप्त लोग संसद व विधानसभा में आसानी से पहुंच जाते हैं। देखा जाए तो मौजूदा कानूनों में जो प्रावधान किए गए हैं, वे एक स्तर के बाद इस ढीले पड जाते हैं। यह बेवजह नहीं है कि आज भी देश की राजनीति को आपराधिक छवि के लोगों से मुक्त करने का काम जस का तस है। अब इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमित्र ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिए एक बार दोषी करार दे दिया जाता है तो उसके चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा देना चाहिए। इस रपट को राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों के दखल को रोकने की दिशा में एक अहम विचार के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि मौजूदा कानूनी व्यवस्था के तहत अदालत की ओर से किसी अपराध का दोषी घोषित हो जाने और दो साल से ज्यादा की सजा पाने वालों को चुनाव लड़ने पर पाबंदी है, लेकिन यह अवधि छह साल तक की ही है। इस अवधि के बाद वही व्यक्ति फिर से संसद या विधानसभा का चुनाव लड़ कर सदन में पहुंच सकता है। जिसके बाद तो वह माननीय जनप्रतिनिधि कहलाने लगता है। अब न्यायमित्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सांसदों को अधिक पाक साफ और कानून का पालन करने वाला होना चाहिए। वजह साफ है सांसद और विधायक लोगों की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए एक बार नैतिक अपराध से जुड़ा पाए जाने के बाद उन्हें स्थायी रूप से चुनावी राजनीति के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। इस संदर्भ में यह पक्ष विचार योग्य हो सकता है कि केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों पर लागू सेवा नियमों के अनुसार, नैतिक अधमता से जुड़े किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति को सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है, मगर राजनेताओं को इस मामले में अलग स्तर पर रखा गया है। हालांकि दिसंबर, 2020 में केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और राजनेताओं के बीच तुलना को खारिज कर दिया था। सवाल है कि क्या इसे संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन माना जा सकता है? इस मसले पर अब एक सर्वसम्मत निष्कर्ष पर पहुंचने की जरूरत है, जिसके जरिए राजनीति को अपराधीकरण से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। लेकिन आज देश भर में ऐसे अनेक सांसद और विधायक हैं, जिनके खिलाफ लंबित मामलों की संख्या बढ़ी है। हाल ही में आई एडीआर यानी एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में बताया गया कि करीब चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से पच्चीस फीसद मामले गंभीर अपराधों से जुड़े हुए हैं, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मामले शामिल हैं। सवाल है कि देश की संसद तक में इस स्थिति के रहते राजनीति को आपराधिक छवि से मुक्त करने की सदिच्छा का क्या हासिल होगा! निश्चित रूप से यह एक विद्रूप ही है कि किसी अपराध का दोषी होने और सजायाफ्ता होने के बावजूद कोई व्यक्ति जनता की नुमाइंदगी करने के दावे के साथ चुनाव मैदान में उतरता है। जनता की भलाई करने का वादा और दावा करता है और चुनाव जीत जाने पर विधायिका में बैठ कर कानून बनाने की प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी निभाता है।

# आर्थिक आधार पर आरक्षण जातिवादी नहीं

**डा. सूर्य प्रकाश अग्रवाल**

भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्रीय सरकार ने गरीब सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निश्चय किया तो उसके इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया। सामान्य वर्ग के गरीबों (ईड़ब्ल्यूएस) को सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक प्रभाव ड़ालने वाला तथा ऐतिहासिक फैसला सुनाया। संविधान पीठ के पांच सदस्यों में से तीन ने सरकार के 103 वें संविधान संशोधन को सही ठहराया। इस प्रकार सवर्णों के प्रति जो अन्याय गत 65 वर्ष से भी अधिक समय से चला आ रहा था उसकी थोड़ी बहुत भरपाई हो गई।न्यायमूर्ति जे वी पार्डीवाला, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी तथा न्यायमूर्ति बेला एस त्रिवेदी ने आर्थिक आरक्षण को संविधान सम्मत बताया तथा कहा कि यह संविधान के मूल ढ़ांचे का उल्लघंन नहीं करता है जबकि न्यायमूर्ति उदय ललित तथा न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट ने बहुमत के निर्णय से अपनी असहमति जतायी थी।ईड़ब्ल्यूएस आरक्षण को बहुत सी याचिकाओं के द्वारा चुनौती दी गई थी। इन याचिकाओं की सुनवायी के लिए गठित संविधान पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। अनुसूचित जाति व जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग को दी जाने वाली आरक्षण व्यवस्था के मूल ढ़ांचे का कोई उल्लंघन नहीं होता है। इस आरक्षण का उद्देश्य लोगों में बराबरी की भावना लाने का लक्ष्य प्राप्त होता है। आरक्षण व्यवस्था को अनंत काल तक जारी नहीं रहना चाहिए। आरक्षण के माध्यम से सामाजिक व शैक्षणिक व अन्य कमजोर वर्गों को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सकता है। समाज में ईड़ब्ल्यूएस एक अलग सा वर्ग बन गया है। इसे बराबरी के सिद्धान्त का उल्लंधन नहीं कहा जा सकता है तथा व्यापक जनहित को देखते हुए आरक्षण की अवधारणा पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा का उल्लंधन होने के आधार पर भी इसे संविधान के मूल ढ़ांचे के विरुद्ध नहीं कहा जा सकता क्योंकि 50 प्रतिशत की सीमा लचीली है। यह सीमा मात्र संविधान के अनुच्छेद 15(4), 15(5), और 16(4) के लिए है। सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले से ईड़ब्ल्यूएस वर्ग को एक बड़ी राहत मिली है।

इस निर्णय की महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे संविधान के मूल ढ़ांचे के उल्लंधन के रुप में रेखांकित नहीं की गई है। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में कहा है कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। इसलिए इस आरक्षण को संविधान के मूल ढ़ांचे का उल्लंघन बताया जा रहा था। अब स्वंय सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह संविधान के मूल ढ़ांचे का उल्लंघन नहीं है। अब ईड़ब्ल्यूएस के आरक्षण के साथ साथ जातिगत आरक्षण को लेकर देश में होने वाली राजनीति भी समाप्त होनी चाहिए क्योंकि दोनों ही तरह के आरक्षण एक दूसरे वर्ग के अधिकारों का अतिक्रमण नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की कुछ राजनीतिक दलों ने निन्दा भी की तथा कहा कि यह फैसला सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर करने वाला है परन्तु देश के निर्धन वर्ग को राहत देना सामाजिक न्याय के विरुद्ध कैसे हो सकता है।? क्या सामाजिक न्याय का निर्धारण मात्र जाति विशेष को आरक्षण देने से ही होता है परन्तु अब जातिगत आरक्षण की सीमा को बढ़ाये जाने की भी मांग हो सकती है और आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों को दिये जाने वाले आरक्षण की भी मांग हो सकती है।


# हिंदी कब बनेगी राष्ट्रभाषा ?



**रघु ठाकुर**

14 सितम्बर परंपरागत रूप से हिन्दी दिवस के रूप में समूचे देश में मनाया जाता है। हिन्दी दिवस एक प्रकार से औपचारिक त्यौहार जैसा बन गया है। जिसे सरकारी तंत्र आयोजित करता है। समाचार पत्रों व मीडिया में देश के सत्ताधीशों द्वारा हिन्दी और राष्ट्रभाषा के पक्ष में बड़े-बड़े विज्ञापन छपेंगे, बुद्धिजीवियों के लेख भी आयेंगे जो हिन्दी का महत्व देश व जनता को समझायेंगे तथा इसी प्रकार 14 सितम्बर का दिन गुजर जायेगा और फिर हिन्दी अगले 14 सितम्बर की प्रतीक्षा करेगी। वैसे तो भारत सरकार के अधिकांश हिन्दी वासी राज्यों के मंत्रालय भी अपने-अपने स्तर पर हिन्दी को लागू करने के लिये कमेटियां बनाते हैं। संसद भी हिन्दी और राष्ट्रभाषा के लिये समिति बनाती है। जो समय-समय पर सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मुख्यालय या बड़े केन्द्रों का दौरा करती है। उनमें हिन्दी का कितना प्रयोग हो रहा है, इसकी पड़ताल का ड्रामा होता है और भत्ता बनाकर अच्छी भेंट लेकर माननीयगण वापिस चले जाते हैं। वह यह भी नहीं देखते जो भेंट उन्हें इन संस्थानों या उपक्रमों से मिली है उस पर भी अंग्रेजी टंकित है। और यह भेंट भी राज्यकोष से यानि जनता के पैसे से दी जाती है। इसी प्रकार विश्व हिन्दी सम्मेलन भी प्रतिवर्ष या दो तीन सालों के अंतराल से दुनिया में कहीं न कहीं आयोजित होते रहते हैं, जिसमें हिन्दी के अंग्रेजी प्रयोगकर्ता, विद्वान जिन्हें सरकार नामजद करती है कुछ दिन विदेश यात्रा का आनंद लेते हैं, शानदार पर्यटन करते हैं, और हिन्दी की चर्चा विदेशों में बसे हिन्दी वासियों के एक छोटे से हिस्से में या भौतिक अय्याशी वाले तबके के बीच में कर लौट आते हैं। विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेना उन्हें स्वयं भू हिन्दी विद्वान और हिन्दी प्रचारक का प्रमाण पत्र मिल जाता है। हालांकि मेरी राय में दो मुद्दों पर विशेष अध्ययन की आवश्यकता है। जो भी विश्व हिन्दी सम्मेलन में हिन्दी के विद्वानों ने सहभागिता की है या जो देश में हिन्दी संस्थाओं के प्रचारक व संचालक हैं उनके बच्चे किन स्कूलों में पढ़ते हैं, इसका भी अध्ययन होना चाहिए। क्योंकि मैं बहुत सारे हिन्दी विद्वानों, हिन्दी प्रचारकों, संस्थाओं और विश्व हिन्दी सम्मेलन के सहभागियों को निजी तौर पर जानता हूँ जिनके बच्चे व बच्चों के बच्चे बचपन से ही अंग्रेजी स्कूल में पढ़ते हैं। हिन्दी के छद्म - प्रचारक हिन्दी का कोई भला नहीं कर सकते। मुझे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के संबंध में इस घटना की याद आती है। महात्मा गाँधी हिन्दी को यानि हिन्दुस्तानी को राष्ट्रभाषा बनाना चाहते थे यद्यपि वे जन्मना गुजराती वासी थे। और इसलिये उन्होंने अपने बच्चों को अपने आश्रम की शाला में पढ़ाया, अंग्रेजी विद्यालयों में नहीं भेजा। मुझे स्मरण है कि, एक बार श्रीमती सुमित्रा कुलकर्णी जो बापू की नातिन थी व राज्य सभा की सदस्य थी से मेरी मुलाकात स्व. मधुलिमये के कमरे पर दिल्ली में वेस्टन कोर्ट में हुई थी। उस समय मधु जी को पंडरा रोड का मकान आवंटित नहीं हुआ था। सुमित्रा जी ने कहा कि जब हम लोग छोटे थे व अंग्रेजी स्कूल में पढ़ना चाहते थे तब बापू हमें हिन्दी स्कूल में पढ़ने के लिये समझाते व एक प्रकार से बाध्य करते थे। हम लोग मन ही मन बापू को बहुत गालियां बकते थे कि ये बुड्ढा हमें पढ़ने नहीं देगा व हमारा जीवन खराब कर देगा। परन्तु गाँधी अपने विचारों पर दृढ़ थे और जिस काम के लिये दूसरों से उम्मीद करते थे उस पर पहले खुद अमल करते थे। उन्होंने कहा कि उस समय तो बापू की बात बहुत बुरी लगती थी पर अब उसका महत्व समझ में आ रहा है। देश की संसदीय समिति या विधानसभा की समितियों या विश्व हिन्दी सम्मेलन के आयोजन या उनमें सहभागिता को लेकर पिछले दशक में कितना खर्च हुआ इसका भी आंकड़ा जुटाया जाना चाहिये। ताकि देश यह जान सकें कि अरबों खरबों खर्च होने के बावजूद भी हिन्दी की बैलगाड़ी जहां के तहां क्यों रूकी हुई है? कभी-कभी हम लोग समाचार पत्रों में यह पढ़कर खुश होते हैं कि देश के प्रधानमंत्री ने एक दिन संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण दिया या दुनिया के दूसरे देशों में हिन्दी सराही जा रही है। हिन्दी का विस्तार हो रहा है हिन्दी किसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनेगी आदि-आदि। परन्तु इन खबरों में प्रसन्नता का विषय क्या है? संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने के लिये किसी विशेष प्रयास की आवश्यकता नहीं है बल्कि भारत सरकार को अनुवादकों व खर्चे की व्यवस्था करना होगी। दुनिया की जो भाषायें संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषायें हैं वे भी ऐसी ही बनी हैं, केवल एक अंग्रेजी को छोड़कर। क्योंकि जिस समय यू.एन.ओ. की स्थापना हुई थी उस समय अंग्रेजी साम्राज्य व अंग्रेजी का बोलबाला था। द्वितीय विश्व युद्ध में भी मित्र राष्ट्र जीत चुके थे और उस समय में उनमें अंगेंजी के प्रति एक प्रकार का भक्ति भाव जैसा था। हालांकि अब यह स्पष्ट कर दूँ कि अंग्रेजी दुनिया की भाषा नहीं है। और तो छोड़ो कि अंग्रेजी यूरोप के देशों जर्मनी, फ्रांस आदि की भाषा भी नहीं है, और धीरे-धीरे अंग्रेजी ब्रिटेन की राजधानी लंदन में कम से कम शिक्षा के मामले में पीछे हट रही है क्योंकि अब जो नई दुनिया बन रही है वह अर्थव्यवस्था के केन्द्र के इर्द-गिर्द घूमती है। अब दुनिया के लोगों के लिये विशेषतः युवा पीढ़ी के लिये वह भाषा अनुकूल है जो रोजगार दिलाती हो। ब्रिटेन के लोगों के लिये अब अंग्रेजी में रोजगार कम है और अब वह अंग्रेजी से इतर भाषा पढ़ रहे हैं। दुनिया के तकनीक के मालिक अपने लिये, बाजार के लिये सम्बन्धित देशों की भाषा की तकनीक तैयार कर रहे हैं। मोबाईल, लेपटॉप, कम्प्यूटर, वाट्सएप, फेसबुक इंस्टाग्राम आदि सभी एप्स में अब भारत में हिन्दी का विकल्प उपलब्ध है जो आज से 30 वर्ष पहले नहीं था। और इसके लिये देश की किसी सरकार का योगदान नहीं है बल्कि बाजार की सत्ता व धर्म मुनाफा इसके पीछे कारण है। द्वितीय विश्वयुद्ध में पराजित होने के बावजूद आज जर्मनी में अंग्रेजी भाषा नहीं है बल्कि अंग्रेजी का त्याग है, बल्कि जर्मनी का आग्रह है तो इसके पीछे उनकी गहरी राष्ट्रीयता का बोध व ईमानदारी है। इसी प्रकार फ्रांस में कोई फ्रांसिसी अंग्रेजी बोलना पसंद नहीं करता बल्कि अंग्रेजी बोलने वाले को घृणा से देखता है। डॉ. हरी सिंह गौर वि.वि. जो पहले सागर वि.वि. था के वांटनी विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी सक्सेना थे उन्होंने एक बार अपने संस्मरण सुनाते हुये कहा कि जब वे फ्रांस गये तो रेल में उन्हें एक अंग्रेज मिला (अंग्रेज यानि ब्रिटिश मिला था)। अंग्रेज ने उनसे पूछा क्या आपको अंग्रेजी आती है? उन्होंने उत्तर दिया हाँ, अंग्रेज का उत्तर था कि मुझे सात दिनों के बाद आज अंग्रेजी जानने वाला मिला। अब अगर अंग्रेजी बोलने वाले या जानने वाले फ्रांस में नहीं है, जो कि ब्रिटेन की सीमा से लगा हुआ है तो अंग्रेजी विश्व की भाषा कैसे हो सकती है। हाँ अंग्रेजी अभी विश्व व्यापार संगठन की भाषा है। हालांकि वह अब जन जीवन के लिये बहुत महत्वपूर्ण नही है। विश्व व्यापार संगठन एक वैश्विक व्यापार संगठन है और इस कारण से कहा जा सकता है कि अंग्रेजी व्यापार संगठन की भाषा है। हालांकि व्यापारी अपना व्यापार तो सम्बन्धित देश की भाषा में करेंगे, भले ही संगठनात्मक पत्राचार अंग्रेजी में करते रहें। भारत में हिन्दी और भारतीय भाषाओं की क्या स्थिति है, यह जानने के लिये बहुत सी घटनाएं है। परन्तु हाल की महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करना जरूरी है। म.प्र. के खरगोन के गाँव गोगावा की दीप्ति नाम की छात्रा जो इंदौर मेडीकल कॉलेज में पढ़ती थी उसने इसलिये आत्महत्या कर ली कि, उसे अंग्रेजी बोलना नहीं आता था, और वो चिकित्सा महाविद्यालय में अपने सहपाठियों के बीच अपमान सहन नहीं कर पाई। ऐसी घटनायें और भी कई हैं।

# चुनावों से पहले राजनीतिक यात्राओं का मकसद ?



**अशोक भाटिया**

किसी बड़े चुनाव से ठीक पहले अगर राजनीतिक दलों को चुनावी यात्राओं की याद आती है तो इसमें कुछ भी अस्वाभाविक नहीं है। पार्टियों को लगता है कि बड़े पैमाने पर यात्राएं करने से लोगों में जागरुकता फैलेगी, लोग उनके साथ जुड़ेंगे और चुनाव में इन सबका फायदा मिलेगा। इन यात्राओं से पार्टियों को मतदाताओं के मन-मिजाज को टटोलने में मदद तो मिलती ही है। साथ ही 'करंट' किसके पक्ष में है, इसका भी मोटे तौर पर अनुमान लगाया जा सकता है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि ऐसी यात्राओं से हमारे राजनेता लोगों की बुनियादी समस्याओं और जमीनी मुद्दों को ठीक से पहचान पाते हैं। अब कुछ ऐसी यात्राओं के बारे में संक्षेप में जान लीजिए जो इस वक्त चर्चा में हैं हालांकि चुनाव नजदीक आते-आते ऐसी यात्राओं की तादाद और बढ़ने वाली है।वैसे तो मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनावों में भी 'जन आशीर्वाद' यात्राएं निकाली जाती रही हैं लेकिन इस बार की यात्रा कुछ अलग हटकर है। इसके तहत कई यात्राएं होनी हैं। भाजपा ने प्रदेश में 10,643 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पांच 'जन आशीर्वाद' यात्राओं की योजना बनाई है। इन यात्राओं के जरिए प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से कम से कम 211 सीटें कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इनकी शुरुआत 3 सितंबर को चित्रकूट से हो चुकी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी शुरुआत की है। गौर करने वाली बात यह है कि पार्टी ने इन यात्राओं में शिवराज सिंह चौहान का चेहरा आगे नहीं रखा है। जाहिर है कि इस बार पार्टी कई कारणों से एक-एक कदम फूंक-फूंककर रखना चाहती है। इन यात्राओं का समापन होगा 25 सितंबर को जिस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है।राजस्थान में जीत के लिए जोर लगाने की खातिर भाजपा 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' निकाल रही है। इसके तहत प्रदेश में भाजपा चार 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' निकाल रही है। चारों दिशाओं से इन चार यात्राओं के जरिए राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इन यात्राओं के दौरान आदिवासी, दलित, किसान, युवा और महिलाओं के लिए खास तौर पर चौपाल का आयोजन होगा। पार्टी की पूरी कोशिश होगी कि यात्राओं के जरिए लोगों को अपनी ओर खींचे और विधानसभा चुनाव में वापसी करे। बीते सप्ताह जेपी नड्डा राजस्थान के सवाई माधोपुर से 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखा चुके हैं। यात्राओं के दौरान छोटी-बड़ी कई रैलियों का आयोजन होना है।भाजपा की छत्तीसगढ़ में हो रही परिवर्तन यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह यात्रा छत्तीसगढ़ में चुनाव के परिप्रेक्ष्य में 20 साल बाद निकल रही है। भारतीय जनता पार्टी इसके लिए बहुत दिनों से तैयारी कर रही थी, इस यात्रा के लिए ही रायपुर से एक हाइड्रोलिक लिफ्ट वाली हाईटेक बस भी दंतेवाड़ा भेजी गई थी । यह यात्रा 45+ विधानसभा सीट से होकर 1728 किमी कवर करके 16 दिनों में बिलासपुर पहुंचने वाली है। चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की पहली इतनी बड़ी यात्रा है जो शुद्ध छत्तीसगढ़ में सुनियोजित तरीके से निकलने वाली हैं। ऐसे में एक बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या भारतीय जनता पार्टी यात्राओं के दौर में कांग्रेस के पीछे रह गई है? स्थानीय राजनीतिक पत्रकारों की मानें तो यह परिवर्तन यात्रा 2003 में भी छत्तीसगढ़ में निकली थी. तब इसे तीन चरणों में निकाला गया था। डॉ रमन सिंह, दिलीप सिंह, जूदेव नंद कुमार, चन्द्रशेखर साहू साय अलग-अलग डिवीजन में हेड कर रहे थे और तब यात्रा को मई-जून के महीने में ही निकल कर खत्म भी किया जा चुका था। अगर इसे देखा जाए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी अपनी यात्राएं निकालने में लेट हो चुकी है। भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो छत्तीसगढ़ भौगोलिक दृष्टि से 9वां सबसे बड़ा राज्य है जो तमिलनाडु से भी बड़ा है। ऐसे में हर विधानसभा में जो एक दूसरे से काफी दूर है, उन तक पहुंच पाना किसी राजनीतिक पार्टी के लिए आसान नहीं होने वाला था। अगर भारतीय जनता पार्टी एक दिन में दो विधानसभा सीट भी कवर करती है तो 90 विधानसभा सीटों को कवर करने के लिए 45 दिन लग जाएंगे और चुनाव के इतने करीब आकर मध्य सितंबर में यात्रा निकालना शायद भाजपा को चुनाव में उतना फायदा ना पहुंचा पाए। वहीं अगर कांग्रेस की बात हो जाए तो छत्तीसगढ़ में उनके लगातार संकल्प शिविर चल रहे हैं और मुख्यमंत्री पिछले एक साल से लगातार लोगों से मुलाकातें कर अपनी योजनाओं के फायदे गिना रहे हैं। साथ ही लोगों से अच्छा कनेक्ट बनाने में सीएम बघेल भाजपा की अपेक्षा ज्यादा सफल नजर आ रहे हैं। ऐसी राजनीतिक यात्राएं किसी भी पार्टी के लिए बेहद महत्तवपूर्ण होती हैं क्योंकि वहां वोटर्स को मनोवैज्ञानिक तौर पर मनाना बेहद मददगार साबित होता है। भारतीय जनता पार्टी को देर से निकलने से नुकसान होगा, ये कहना अभी मुश्किल है लेकिन जितना फायदा उठा सकती थी, वो पार्टी को नहीं होगा। ऐसा लगता है कि जनता तक अपना संदेश लेकर यात्राएं के लिए ले कर जाना बहुत आसान है। ऐसे में 1728 किलोमीटर की यात्रा आचार संहिता लगने से पहले कितनी पूरी हो जाएगी, यह देखना दिलचस्प होगा क्योंकि आचार संहिता लग जाने से इस तरह के राजनीतिक कैम्पेनिंग की गति धीमी हो जाती है। भाजपा यात्राओं की पार्टी रही है। आडवाणी जी की रथ यात्रा हो या एफआईआर या परिवर्तन यात्रा लेकिन अब छत्तीसगढ़ में इस यात्रा का कितना फायदा भाजपा को मिलेगा, यह अभी देखना बाकी है। वैसे तो इन दिनों भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपनी यात्राओं पर पूरा जोर लगा रही है। ऐसे में कांग्रेस महाराष्ट्र सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखने को आतुर है।

प्रदेश सरकार की कमजोरियों को उजागर करने के बहाने केंद्र सरकार पर भी हमलावर है। दरअसल, मुंबई में विपक्षी दलों के 'इंडिया' सम्मेलन के तीन दिन बाद कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने एक सप्ताह की विशाल 'जन संवाद यात्रा' शुरू की है। कांग्रेस इसी बहाने महाराष्ट्र में अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरना चाहती है। 'जनसंवाद यात्रा' मुंबई-कोंकण, विदर्भ, पश्चिमी और उत्तरी महाराष्ट्र में एक साथ शुरू हुई लेकिन मराठवाड़ा में यात्रा फिलहाल रोक दी गई है क्योंकि वहां कोटा समर्थक आंदोलन कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सियासी घटनाक्रम पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो' यात्रा अलग-अलग कारणों से सुर्खियों में रही थी। अब कांग्रेस देशभर के सभी जिलों में पदयात्रा निकालने जा रही है। यात्रा का तात्कालिक मकसद है राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' की पहली वर्षगांठ मनाना।

# देश की मुख्य धारा में चरित्र निर्माण, राष्ट्रीयता का सूत्रधार



**संजीव ठाकुर**

चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अतः समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है। हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए, और इस प्रयास में हमें बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।चरित्रवान नेता सदैव अपने नागरिकों को महान बनने की प्रेरणा देता है। और सचरित्र ही हमेशा उदाहरण बनके आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। महात्मा गांधी तथा अन्य नेताओं ने चारित्रिक प्रबलता के दम पर ही ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंका था। सदाचारी व्यक्ति की समाज में प्रतिष्ठा होती है,और दुराचारी नेता सदैव निंदा का पात्र बनता है। जिस राष्ट्र के नेता नागरिक दुराचारी हो उसकी प्रगति कभी ठीक से नहीं होती। अतः देश की सही व निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक है कि उसके अग्रणी नेता नागरिक आने वाली पीढ़ी सच्चरित्र एवं निष्ठावान हो। किसी भी व्यक्ति या नागरिक का चरित्र होना इस बात पर निर्भर नहीं करता कि वह कितना शिक्षित है।एक अशिक्षित व्यक्ति भी अपने मर्यादापूर्ण जीवन से अच्छे चरित्र की संज्ञा पा सकता है, और यदि उच्च शिक्षित व्यक्ति भ्रष्टाचार दुराचार में लिप्त हो तो वह दुष्ट चरित्र ही कहलाता है। कई अति शिक्षित व्यक्ति दुराचार एवं विचार में लिप्त होकर अपने पढ़े लिखे होने को कलंकित करते हैं। और वही कम पढ़ा लिखा या अशिक्षित ऑटो ड्राइवर यात्री द्वारा भूल से छोड़े गए लाखों रुपए पुलिस थाने में जमा कर आता है, यह उस अनपढ़ व्यक्ति की उत्तम चरित्र की परिभाषा है। आज बड़े-बड़े पढ़े-लिखे अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त होकर जेल तक की हवा खाने के लिए मजबूर हैं। यह लोग समाज के चरित्र,राष्ट्र के चरित्र के लिए अत्यंत घातक है। अच्छे चरित्र सही हमारे आत्मबल में वृद्धि होती है जिससे हम विपरीत परिस्थितियों में मर्यादा पूर्वक जीवन की शक्ति पाते हैं। अतः नागरिकों की राष्ट्रीय चरित्र की भावना एवं व्यक्तिगत चरित्र के कारण हम विश्व में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकते हैं।

# क्षमायाचना का पर्व है संवत्सरी

**डा. वीरेन्द्र भाटी मंगल**

पयुर्षण का अंतिम दिवस संवत्सरी या क्षमावाणी दिवस के रूप में मनाया जाता है। संवत्सरी शब्द संस्कृत से बना है जिसका अर्थ है वार्षिक दिवस या क्षमा दिवस। यह विशिष्ट दिन दुनिया भर में क्षमा दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस पर्व की महानता केवल जैन धर्म में ही नहीं बल्कि सभी लोग स्वीकार करते है। जैन परम्परानुसार पर्यूषण चातुर्मासीय साधना का विशिष्ट पर्व है। पर्युषण पर्व भाद्रपद मास में श्वेतांबर और दिगंबर समाज द्वारा मनाया जाता हैं। श्वेतांबर के व्रत समाप्त होने के बाद दिगंबर समाज के व्रत प्रारंभ होते हैं। श्वेतांबर समाज 8 दिन तो दिगंबर समाज 10 दिन तक इस पर्व के दौरान व्रत रखते हैं और व्रत रखकर हर प्रकार के ताप व पाप मिटाए जाते हैं। पयुर्षण यानी आत्मा के नजदीक निवास करना। पयुर्षण का अभिप्राय है कि स्वयं को आध्यात्मिकता से जोड़कर साधना के पथ पर आगे बढना। यह पर्व स्वयं में बदलाव लाने की ओर प्रेरित करता है। आत्मा का चितन और परिष्कार जितना सरल प्रतीत होता है, उतना है नहीं। सही मायने में यह एक कठिन तप की साधना है। वर्तमान युग की प्रतिस्पर्धा में जीवन वैमनस्यों से भरा हुआ है। ऐसे में पर्युषण पर्व की विशेषता महान है। पर्यूषण पर्व जीवन की स्वाभाविकता की ओर हमें अग्रसर करता है। इस दिन भगवान महावीर की देशना को आत्मसात करने का प्रयत्न करना ही साधना का अंग है। जैन धर्म में क्षमापना पर्व को संवत्सरी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह दुनिया का एक आलौकिक व विशिष्टता धारक पर्व है, इस पर्व में तप, त्याग, स्वाध्याय व विभिन्न अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। भगवान महावीर के सिद्धांतों को ध्यान में रखकर पर्युषण के दिनों में आत्मसाधना में लीन होकर धर्म के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प ग्रहण करना ही साधना का अंग है। पर्युषण पर्व भगवान महावीर के मुख्य सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म, जिओ और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है। मान्यता है कि इस पर्व की साधना से मोक्ष प्राप्ति के द्वार खुलते है। यानी आत्मा के द्वारा आत्मा को देखो, यह इस पर्व का ध्येय है। पर्युषण पर्व के अंतिम दिन पर मैत्री दिवस अर्थात संवत्सरी पर्व मनाया जाता है। दिगंबर समाज में उत्तम क्षमा पर्व तो श्वेतांबर समाज में मिच्छामि दुक्कड़म् का उच्चारण करते हुए लोगों से क्षमा मांगते हैं व क्षमा प्रदान करते है। इससे सभी विकारों का नाश होकर मन पवित्र व निर्मल हो जाता है, और सभी के प्रति मित्रता का भाव पनपता है। पर्युषण पर्व जैनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व बुरे कर्मों का नाश करके हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है। इस पर्व के दौरान साधु व श्रावक दोनों के लिए ही नियम बताये गये है। इस दौरान साधुओं के लिए संवत्सरी, प्रतिक्रमण, केशलोचन, तपश्चर्या, आलोचना और क्षमा-याचना यह व्रत बताये गये है।

# हरतालिका तीज पर राशि अनुसार

## पहनें इस रंग की साड़ी और चूड़ियां पूरी होगी हर मनोकामना

हरतालिका तीज 19 सितंबर 2023 को मनाई जाएगी। हरतालिका तीज मुख्य तौर पर राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रेदश, बिहार तथा झारखंड में मनाई जाती है। इस वर्ष हरतालिका तीज पर रवि और इंद योग का संयोग बन रहा है। ये सुहाग पर्व है इसलिए हरतालिका तीज पर महिलाओं को 16 श्रृंगार कर पूजा करनी चाहिए। ऐसे में राशि अनुसार साड़ी एवं चुड़ियां पहनी जाए तो व्रती को दोगुना लाभ प्राप्त होता है।

**हरतालिका तीज 2023 राशि अनुसार पहनें साड़ीः-**

**मेष राशि -** हरतालिका तीज के दिन मेष राशि की महिलाओं को लाल रंग की साड़ी पहननी चाहिए। लाल रंग प्रेम का प्रतीक होता है। इससे पति-पत्नी के बीच प्यार बढ़ता है साथ ही मंगल देव की कृपा प्राप्त होती है

**वृषभ राशि -** वृषभ राशि के स्वामी चंद्र है जिनका प्रिय रंग सफेद है किन्तु हरतालिका तीज पर सफेद रंग नहीं पहना जाता है। ऐसे में आप सिल्वर या गोल्डन रंग की साड़ी तथा चूड़िया पहन सकती हैं। इससे दांपत्ति का मानसिक तनाव दूर होता है। महादेव बेहद प्रसन्न होते हैं।

**मिथुन राशि -** मिथुन राशि का प्रतीकात्मक रंग हरा होता है। इस राशि की स्त्रियों को हरतालिका तीज पर हरे रंग की साड़ी, सूट और चूड़िया पहनकर पूजा करनी चाहिए। मान्यता है इससे परिवार में खुशियों का आगमन होता है। सूनी गोद जल्द भर जाती है।

**कर्क राशि -** कर्क राशि पर भी चंद्रमा का प्रभाव होता है, ऐसे में इस राशि की महिलाऐं सिल्वर, गुलाबी रंग के वस्त्र पहनें, इससे शादीशुदा जीवन में मनमुटाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ करीबी बढ़ेगी।

**सिंह राशि -** सिंह सूर्य की राशि है। सूर्य का प्रिय रंग लाल, नारंगी है। हरतालिका तीज पर सिंह राशि वाली स्त्रिया यही रंग की साड़ियां तथा चूड़ी पहनें। मान्यता है इससे पति और पत्नी के बीच सम्मान की भावना जाग्रत होती है। एक दूसरे के विचार मिलने लगते हैं।



**कन्या राशि -** कन्या राशि वाली महिलाऐं सौभाग्य, सफलता और संपन्नता की प्राप्ति के लिए हरतालिका तीज पर हरे रंग की साड़ी और चूड़ी पहनें।

**तुला राशि -** तुला राशि की स्त्रियों के लिए हरतालिका तीज पर गुलाबी, सिल्वर रंग के कपड़े पहनना शुभ होगा। इससे सौंदर्य में निखार आता है, शुक्र की कृपा से पति-पत्नी के बीच प्यार बढ़ता है।

**वृश्चिक राशि -** वृश्चिक राशि का स्वामी भी मंगल ग्रह है। आज के दिन इस राशि की स्त्रियों के लिए लाल और मैरून रंग की साड़ी पहनना शुभ रहेगा। इससे आप दोनों का भाग्योगय होगा।

**धनु राशि -** धनु राशि वाली महिलाओं को हरतालिका तीज पर पीला रंग पहनना चाहिए। इससे विवाह के योग बनते हैं तथा स्त्रियों को सुखद दांपत्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**मकर राशि -** मकर राशि वालों के लिए काला रंग शुभ होता है मगर पूजा-पाठ में काले रंग के कपड़े नहीं पहनते हैं इसलिए आप आज के दिन नीले या फिर किसी भी गहरे रंग की साड़ी पहन सकती हैं।

**कुंभ राशि -** कुंभ राशि के भी स्वामी ग्रह शनि होते हैं। इसलिए इस राशि की महिलाएं भी नीले, बैंगनी, आसमानी रंग की साड़ी पहनें। इससे पति को दीर्धायु का वरदान प्राप्त होगा। नौकरी में तरक्की होगी।

**मीन राशि -** मीन राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। ऐसे में आपको हरतालिका तीज पर पीली या नारंगी रंग की साड़ी और चूड़िया पहनकर पूजा करनी चाहिए। इससे मां पार्वती की अनुंकपा प्राप्त होगी, मनचाहा वर प्राप्त होगा।



**हरतालिका तीज की पूजा करने की शुभ मुहूर्त तिथि 17 सितंबर रात 11:08 पर शुरू होगी और 18 सितंबर दोपहर 12:39 तक चलेगी। पूजा का श्रेष्ठ समय 18 सितंबर को सुबह 6:00 से रात 8:24 तक है।**

**इस दिन महिलाएं निर्जल उपवास रखती हैं, और शाम को शिव-पार्वती की पूजा करती हैं।**

# गणेश चतुर्थी पर शुभ योग में हो रहा है बप्पा का आगमन



**श्रीगणेशाय नमः। ॐ गं गणपतये नमः। मंत्र का जाप**

**इस शुभ मुहूर्त में करें भगवान गणेश की स्थापना- चतुर्थी तिथि 18 सितंबर 2023 को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट से प्रारंभ होगी और 19 सितंबर को दोपहर 01 बजकर 43 मिनट पर समाप्त होगी।**

र साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणपति बप्पा की स्थापना की जाती है। इसी दिन से 10 दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव की शुरुआत होती है। गणेश चतुर्थी का त्योहार गणेश जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस साल गणेश उत्सव की शुरुआत 19 सितंबर 2023 से हो रही है। इस दिन लोग गणपति बप्पा को ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी ही धूमधाम से घर में लाते हैं। पूरे गणेश उत्सव के दिनों में चारों ओर बप्पा के नाम का उद्घोष सुनाई पड़ता है। भगवान गणपति बुद्धि और शुभता के देवता हैं। कहा जाता है कि जहां पर बप्पा विराजते हैं वहां हर समय सुख-समृद्धि रहती है। इस साल गणपति बप्पा का आगमन बेहद शुभ योग में हो रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं इस शुभ योग के बारे में...

पंचांग के अनुसार इस बार गणेश चतुर्थी पर गणपति बप्पा का आगमन रवि योग में हो रहा है। 19 सितंबर 2023, मंगलवार को रवि योग सुबह 06 बजकर 08 मिनट से दोपहर 01 बजकर 48 मिनट तक है। पूजा-पाठ के लिए रवि योग को शुभ माना जाता है।

इसके अलावा 19 सितंबर को ही सुबह 10 बजकर 54 मिनट से दोपहर 1 बजकर 10 मिनट तक वृश्चिक रहेगा। इस सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त में आप गणपति बप्पा को अपने घर लाकर विराजमान करें और विधि-विधान से पूजा करें।

**गणेश चतुर्थी 2023 पर भद्रा का साया**

इस बार गणेश चतुर्थी पर भद्रा का साया है। इस दिन सुबह 06 बजकर 08 मिनट से दोपहर 01 बजकर 43 मिनट तक भद्रा का साया रहेगा। हालांकि इस भद्रा का वास पाताल लोक में होगा, इसलिए इसका दुष्प्रभाव पृथ्वी लोक पर मान्य नहीं होगा।

**गणेश चतुर्थी पूजा विधि**

गणेश चतुर्थी तिथि पर शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखकर सबसे पहले अपने घर के उत्तर भाग, पूर्व भाग, अथवा पूर्वोत्तर भाग में गणेश जी की प्रतिमा रखें।

फिर पूजन सामग्री लेकर शुद्ध आसन पर बैठें।

सर्वप्रथम गणेश जी को चौकी पर विराजमान करें और नवग्रह, षोडश मातृका आदि बनाएं।

चौकी के पूर्व भाग में कलश रखें और दक्षिण पूर्व में दीया जलाएं।

अपने ऊपर जल छिड़कते हुए ॐ पुण्डरीकाक्षाय नमः कहते हुए भगवान गणेश को प्रणाम करें और तीन बार आचमन करें तथा माथे पर तिलक लगाएं।

हाथ में गंध अक्षत और पुष्प लें और दिए गए मंत्र को पढ़कर गणेश जी का ध्यान करें।

इसी मंत्र से उन्हें आवाहन और आसन भी प्रदान करें।


**पूजा के आरंभ से लेकर अंत तक अपने जिह्वा पर हमेशा ॐ श्रीगणेशाय नमः। ॐ गं गणपतये नमः। मंत्र का जाप अनवरत करते रहें।**

आसन के बाद गणेश जी को स्नान कराएं। पंचामृत हो तो और भी अच्छा रहेगा और नहीं हो तो शुद्ध जल से स्नान कराएं। उसके बाद वस्त्र, जनेऊ, चंदन, अक्षत, धूप, दीप, नैवेद्य, फल आदि जो भी संभव यथाशक्ति उपलब्ध हो उसे चढ़ाएं।

आखिर में गणेश जी की आरती करें और मनोकामना पूर्ति के लिए आशीर्वाद मांगे।

## घर पर ही बना सकते हैं मिट्टी की गणेश प्रतिमा

मंगलवार, 19 सितंबर से दस दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। ये पर्व 28 सितंबर तक रहेगा। गणेश चतुर्थी पर अपने घर में प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां स्थापित करने से बचना चाहिए, क्योंकि ये मूर्तियां पर्यावरण के नजरिए से सही नहीं हैं। गणेश उत्सव के अंतिम दिन प्रतिमा को नदी, तालाब या किसी अन्य जल स्रोत में विसर्जित किया जाता है, अगर मूर्ति पीओपी की होगी तो वह पानी में गलेगी नहीं और पानी को दूषित करेगी। मिट्टी से बनी मूर्ति थोड़ी ही देर में गल जाती है, ये मूर्ति अपने घर में ही विसर्जित कर सकते हैं, ताकि नदी, तालाब स्वच्छ रहें।



उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं। मनीष शर्मा के मुताबिक, इस साल मंगलवार से गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। गणेश जी को मंगलमूर्ति कहा जाता है, इस कारण मंगलवार और गणेश चतुर्थी का योग बहुत ही शुभ रहेगा। इस दिन रवि योग, स्वाती और विशाखा नक्षत्र भी रहेगा। ये पूजा-पाठ के नजरिए से श्रेष्ठ योग रहेगा। शास्त्रों में मिट्टी से बनी प्रतिमा की पूजा को श्रेष्ठ बताया गया है। मिट्टी से बनी प्रतिमा में पंच तत्व समाए हुए रहते हैं। मिट्टी यानी पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश, इन पांचों तत्वों से प्रतिमा बनती है।

गणेश प्रतिमा बनाने के लिए कैसी मिट्टी का करें उपयोग

प्रतिमा बनाने के लिए किसी नदी या तालाब या किसी अन्य साफ-सुथरी जगह की मिट्टी का उपयोग करना चाहिए। ध्यान रखें मिट्टी में कंकड़-पत्थर, पेड़-पौधे की जड़ें या घास नहीं होनी चाहिए।

ये है मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की सरल स्टेप्स

सबसे पहले मिट्टी में पानी डालकर उसे गिला कर लें।

गिली मिट्टी से 5 समान आकार के गोले बनाएं।

एक गोले से गणेश जी के लिए आसन बनाना है। आसन का आकार अपनी इच्छा अनुसार गोल या चौकोर बना सकते हैं।

दूसरे गोले से गणेश जी का पेट बनाएं और इसे आसन पर विराजित करें।

तीसरे गोले को दो समान भागों में बांटें। इन दो भागों में से एक भाग से गणेश जी के दो पैर और दूसरे भाग से दो हाथ बनाएं।

मिट्टी के चौथे गोले से गणेश जी का सिर और सूंड बनाएं। गणेश जी के पेट के ऊपर सिर और सूंड लगाएं।

मिट्टी के पांचवें गोले से गणेश जी के कान, लड्डू, दांत, आंखें और मुकुट बनाना है। इन सभी हिस्सों को जोड़कर प्रतिमा तैयार करें।

प्रतिमा बन जाने के बाद घर में ऐसी जगह जहां धूप आती हो, वहां रख दें। जब मूर्ति सूख जाए तो मनचाहे रंगों से इसकी सजावट की जा सकती है।

## पैपराजी को देख भड़क उठीं परिणीति चोपड़ा : बोली- मैंने आपको नहीं बुलाया, पीछा करने पर हाथ जोड़कर कहा- बस कीजिए प्लीज



**बॉलीवुड एक्ट्रेस** परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच परिणीति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह पैपराजी पर भड़कती हुई दिखाई दे रही हैं।

**नाराज हुईं परिणीति**

वीडियो में परिणीति अपनी कार से जल्दबाजी में बाहर निकलते हुए दिखाई दे रही हैं। जैसे ही एक पैपराजी ने उन्हें बुलाया वह कहती है, 'नहीं बुलाया मैंने आपको यार'। फिर वो तुरंत अंदर चली जाती हैं। पैपराजी उनके पीछे जाते हैं तो फिर परिणीति ने हाथ जोड़ते हुए कहा- सर, बस कीजिए। मैं आपसे रिक्वेस्ट कर रही हूं। प्लीज, बस कीजिए सर।

परिणीति चोपड़ा और आप सांसद राघव चड्ढा की शादी इसी महीने 24 सितंबर को राजस्थान के उदयपुर में होगी। शादी का पूरा फंक्शन उदयपुर के लीला पैलेस में रखा गया है। दोनों की शादी का कार्ड भी सामने आ चुका है। 23 सितंबर से शादी की रस्में शुरू हो जाएंगी।

ये रस्में सुबह 10 बजे चूड़ा सेरेमनी से शुरू होंगी। इसके बाद दोपहर में लंच फिर उसी शाम संगीत सेरेमनी होने वाली है, जिसकी थीम 90s बेस्ड होगी। 24 सितंबर को राघव चड्ढा बारात लेकर लीला पैलेस पहुंचेंगे और शाम 4 बजे राघव-परिणीति अपने परिवार की मौजूदगी में सात फेरे लेंगे। राघव और परिणीति की सगाई 13 मई को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित कपूरथला हाउस में हुई थी। सगाई में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल, शिवनेता नेता आदित्य ठाकरे सहित कई बड़े लोग शामिल हुए थे। बहन की सगाई के लिए ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा भी पहुंची थीं। परिणीति और राघव ने लंदन से पढ़ाई की है।

परिणीति ने मैनचेस्टर बिजनेस स्कूल में पढ़ाई की है, जबकि राघव लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों तभी से एक-दूसरे को जानते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो परिणीति चोपड़ा जल्द ही दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म चमकीला में नजर आएंगी। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित यह फिल्म पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर बेस्ड है। फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिलेगी।

## भांजी अलीजेह के लिए सलमान ने लिखा इमोशनल पोस्ट बोले- एक बार जो कमिटमेंट कर दो फिर मामू की भी मत सुनना





**सलमान खान** ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने अपनी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की। तस्वीर के साथ उन्होंने एक खूबसूरत नोट भी लिखा। अलीजेह सलमान की बहन अलवीर खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं।

**अपने फेमस डायलॉग्स के जरिए दी नसीहत**

सलमान ने अलीजेह के लिए लिखा, 'मामू पर एक एहसान करो। जो भी करना दिल और मेहनत से करना। हमेशा याद रखो, लाइफ में सीधा जाओ और दाएं मुड़ जाओ। सिर्फ खुद से ही कम्पीट करो। फिट होने के चक्कर में सबके जैसी मत हो जाना और अलग होने के चक्कर में सबसे अलग मत हो जाना। और सबसे जरूरी बात, एक बार जो तुमने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मामू की भी मत सुनना।'

**शेयर किए अलीजेह के बचपन का फोटो**

सलमान ने जो पुरानी फोटो शेयर की उसमें वे अलीजेह को अपनी गोद में लिए हुए हैं। दोनें एक-दूसरे को देखते हुए मुस्कुरा रहे हैं। अलीजेह नेवी ब्लू ड्रेस में और सलमान ब्लैक टी-शर्ट में नजर आ रहे हैं।


**अलीजेह और संगीता बिजलानी ने किया रिएक्ट**

इस पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए अलीजेह ने कमेंट कर लिखा- थैंक्यू मामू। वहीं सलमान की एक्स गर्लफ्रेंड रहीं संगीता बिजलानी ने कमेंट कर लिया, 'अनमोल शब्द'। दोनों के अलावा बिग बॉस फेम प्रियंका चहर चौधरी ने लिखा, 'खूबसूरत तस्वीर के साथ बहुत ही क्यूट कैप्शन सलमान सर..'

वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही 'टाइगर 3' में नजर आएंगे। सलमान और कटरीना कैफ स्टारर यह फिल्म इसी साल दिवाली पर रिलीज होगी।

इसके अलावा सलमान जल्द ही टाइगर वर्सेज पठान पर भी काम शुरू करेंगे। फिल्म में 28 साल बाद शाहरुख और सलमान खान साथ नजर आएंगे। दोनों ने इससे पहले 1995 में रिलीज 'करण-अर्जुन' में साथ काम किया था।

## मुश्किलों में है डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण : आदिपुरुष कंट्रोवर्सी का असर, फिल्म में साथ काम करने से पीछे हटे तीन प्रोड्यूसर्स



**डायरेक्टर नितेश** तिवारी के रामायण पर फिल्म बनाने का प्रोजेक्ट मुश्किलों में नजर आ रहा है। फिल्म की शूटिंग 2023 के अंत तक शुरू होनी थी। फिल्म को मधु मंटेना, नमित मल्होत्रा और अल्लू अरविंद मिलकर प्रोड्यूस करने वाले थे। लेकिन, आपसी मतभेदों की वजह से अब ये साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम नहीं करेंगे। दरअसल, फिल्म आदिपुरुष पर हुई कंट्रोवर्सी और फिल्म के फेलियर को लेकर प्रोड्यूसर्स के बीच मतभेद चल रहे थे। इस वजह से अब ये टीम इस प्रोजेक्ट पर साथ काम नहीं करेगी। अब फिल्म के प्रोडक्शन में अभी और देरी हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नितेश तिवारी तीन पार्ट की सीरीज में रामायण पर फिल्म बनाने के प्लान के साथ काम कर रहे थे।

अब तक फिल्ममेकर्स की तरफ से राम-सीता के रोल की कास्टिंग को लेकर भी कोई ऑफिशियल जानकारी साझा नहीं की गई है। फिल्म में राम के किरदार के लिए रणबीर कपूर का नाम भी सामने आ रहा था। लेकिन, रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में देरी होने की वजह से रणबीर भी अब इस प्रोजेक्ट में खास इंटरेस्टेड नहीं हैं। वहीं, सीता के किरदार के लिए तमिल एक्ट्रेस साई पल्लवी को कास्ट करने का फैसला लिया है। एक्ट्रेस इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म को नितेश तिवारी के साथ रवि उद्यावर को-डायरेक्ट करेंगे।

बीते दिन ये खबर आई थी कि सीता के रोल के लिए साई पल्लवी का लुक टेस्ट नवंबर में किया जाना है। इससे पहले दीपिका पादुकोण और फिर आलिया भट्ट को मां सीता के रोल के लिए कास्ट करने की बात सामने आई थी। हालांकि, इटाइम्स के मुताबिक डायरेक्टर ने कभी भी आलिया भट्ट को ये रोल ऑफर नहीं किया था। एक सोर्स के मुताबिक मां सीता के रोल के लिए साई ही डायरेक्टर की पहली पसंद है और जब तक लुक टेस्ट नहीं हो जाता, तब तक कास्टिंग में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। साई पल्लवी ने 2005 में तमिल फिल्म कस्तूरी मान से डेब्यू किया था। फिल्म में रावण के रोल के लिए KGF एक्टर नवीन कुमार गौड़ा के लुक टेस्ट की बात सामने आई है। हालांकि, अब तक इस रोल के लिए लीड एक्टर के नाम की पुष्टि नहीं हुई है। बीते दिनों ये खबर आई थी कि डायरेक्टर ने रावण के रोल में KGF एक्टर यश उर्फ नवीन कुमार गौड़ा को चुना है लेकिन यश ने नेगेटिव रोल करने से मना कर दिया।

## सरोज खान का किरदार निभाएंगी माधुरी दीक्षित! : चल रही है बातचीत, कोरियोग्राफर की बेटी बोलीं- चाहती हूं कि माधूरी मैम इसका हिस्सा हों



**दिवंगत कोरियोग्राफर** सरोज खान के जीवन पर बायोपिक बनने जा रही है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने हाल ही में इस बात की पुष्टि की थी। वहीं अब सीरीज की लीड एक्ट्रेस को लेकर एक अपडेट सामने आया है। खबरें हैं कि मेकर्स कोरियोग्राफर सरोज खान के किरदार में माधुरी दीक्षित को कास्ट करने के बारे में सोच रहे हैं। कोरियोग्राफर सरोज खान की बेटी ने भी बायोपिक में माधुरी दीक्षित की कास्टिंग को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वह चाहेंगी कि माधुरी दीक्षित इस बायोपिक का हिस्सा बनें। उन्होंने बायोपिक को लेकर अपना पक्ष भी रखा है।

**माधुरी को बायोग्राफी में कास्ट करना चाहते हैं मेकर्स**

रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी तक सरोज खान की बायोपिक के लिए किसी भी एक्ट्रेस का नाम फाइनल नहीं हुआ है। हालांकि, मेकर्स माधुरी दीक्षित को कास्ट करने का मन बना रहे हैं। मेकर्स सरोज जी के जिंदगी के अलग-अलग पड़ाव को दिखाने के लिए, अलग-अलग उम्र के एक्टर्स की तलाश में हैं।

**राइटिंग फेज में है बायोग्राफी की कहानी**

सरोज खान पर बनने वाली यह बायोपिक अभी अपने राइटिंग फेज में है। सोर्सेज के मुताबिक इस बायोपिक में कवर करने के लिए बहुत कुछ है, सरोज खान की जिंदगी कई उतार-चढ़ाव से भरी रही है। ऐसे में बायोपिक के जरिए उन्हें पर्दे पर दिखाने की कोशिश की जाएगी। ऐसे में मेकर्स अभी तय कर रहे हैं कि कहानी के कौन से एंगल को दिखाया जाए।

**माधुरी की फेवरेट कोरियोग्राफर रही हैं सरोज खान**

मीडिया से जुडे. एक अन्य सोर्स ने कहा- 6 महीने पहले माधुरी दीक्षित को बतौर लीड कास्ट किए जाने की चर्चा थी। उनसे कॉन्टेक्ट भी किया गया था। वह इस किरदार के लिए परफेक्ट चॉइस हैं, क्योंकि माधुरी का करियर डिफाइन करने में सरोज खान का बहुत बड़ा हाथ रहा है। उनके ज्यादातर लोकप्रिय गाने सरोज खान ने ही कोरियोग्राफ किए थे। माधुरी हमेशा चाहती थीं कि उनके गानों को सरोज खान ही कोरियोग्राफ करें। इसके अलावा दोनों हमेशा से काफी करीब रहे हैं।

**अभी तक कोई नाम फाइनल नहीं हुआः सुकैना खान**

बायोपिक के बारे में जब सरोज खान की बेटी सुकैना से सवाल किया गया, तो उन्होंने बताया कि अभी तक कोई नाम फाइनल नहीं हुआ है। अभी तक कुछ भी तय नहीं किया गया है। उन्होंने कहा- टीम ने मुझे बताया है कि जैसे ही वह एक्टर्स को शॉर्टलिस्ट करेंगे, वो हमारे परिवार को इसके बारे में जरूर बताएंगे। सही एक्ट्रेस को कास्ट करना एक मुश्किल काम है। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने अभी तक कुछ भी फाइनल किया है।

**चाहुंगी की माधुरी दीक्षित इसका हिस्सा बनेंः सुकैना**

बातचीत के दौरान सुकैना ने कहा- मां की लाइफ के अलग-अलग फेज को दिखाने के लिए एक से ज्यादा एक्टर्स को कास्ट किया जाना चाहिए। मैं चाहूंगी कि माधुरी मैम इसका हिस्सा बनें, लेकिन वह शायद मां की लाइफ के बीच वाले फेज को पर्दे पर निभा सकती हैं। बाकी दो किरदारों के लिए हमें दूसरे कलाकारों की जरूरत पड़ेगी।

## अब किशोरी बन चुकी मैडम, जानिए सनी व शाहरुख से मुलाकात के दिलचस्प किस्से



**अब लोकप्रिय टीवी** कलाकार बन चुकीं नेहा पेंडसे को अब भी बाल कलाकार के तौर पर सनी देओल के साथ फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' और शाहरुख खान के साथ फिल्म 'देवदास' में काम करने के अनुभव भूले नहीं हैं। वह खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि करियर के शुरुआत में ही उन्हें शाहरुख खान और सनी देओल के साथ काम करने का मौका मिला। इन दिनों दोनों कलाकारों की फिल्में बॉक्स ऑ फि स नित नए रि कॉ र्ड बना रही हैं और नेहा इनका जि क्र चलने पर ही खुश हो जाती हैं।

अभिनेत्री नेहा पेंडसे को बाल कलाकार के तौर पर सबसे पहला मौका एकता कपूर के धारावाहिक 'कैप्टन हाउस' में मिला। वह बताती हैं, 'धारावाहिक 'कैप्टन हाउस' एकता कपूर का पहला धारावाहिक था जो दूरदर्शन पर आता था। आज के मां बाप अपने बच्चों को सिनेमा में काम कराने के लिए जितने उत्सुक हैं, पहले नहीं थे। सब यह सोचते थे कि इंडस्ट्री में हम अपने बच्चों को नहीं भेजेंगे। उन्हें डर था कि कहीं बच्चा भटक न जाए। उस समय की लोगों मानसिकता बहुत अलग थी। लेकिन, मेरे मम्मी पापा ने मुझे इस धारावाहिक में काम करने के लिए बढ़ावा दिया।'

अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में काम कर चुकी नेहा पेंडसे कहती हैं, 'मैंने अब तक जितने भी कलाकारों के साथ काम किया है। उससे से सनी देओल सबसे बहुत अच्छे हैं। अच्छे इसलिए कि वह सामने वाले की बहुत ही इज्जत करते हैं। बहुत ही शांत और मच्योर इंसान है। वह बहुत ही कम बोलते थे। उनके अंदर संस्कार कूट कूट के भरे हैं। इनकी फिल्म 'गदर 2' ने सफलता के मामले में तो एक इतिहास रच दिया। हालांकि अभी तक उनकी फिल्म 'गदर 2' नहीं देख पाई, लेकिन जल्द ही देखने जाने वाली हूं।'

अभिनेत्री नेहा पेंडसे जब दसवी में पढ़ रही थी, तभी उन्हें निर्माता निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास में काम करने का मौका मिला। नेहा पेंडसे कहती हैं, 'उस समझ हमारे घर में लैंडलाइन फोन हुआ करता था। मैं स्कूल से आई ही थी कि संजय लीला भंसाली के ऑफिस से फोन आया और मम्मी ने ही फोन उठाया था। फोन रखने के बाद मेरी मम्मी जोर से चीख पड़ी कि संजय लीला भंसाली के ऑफिस से फोन आया है। संजय लीला भंसाली ऐसे निर्देशक हैं, जिनके साथ काम करना सौभाग्य की बात होती है। दूसरी बात इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ काम करने का मिला रहा था। उनकी मैं बहुत बड़ी प्रशंसक हूं।' अभिनेत्री नेहा पेंडसे कहती हैं, 'मैं लोगों से शाहरुख खान के बारे में सुनती हूं कि वह कितने अच्छे इंसान है। दूसरों की कितनी इज्जत करते हैं। यह सब तो मैं बचपन में ही देख चुकी थी। उस समय तो मैं छोटी सी बच्ची थी। वह मुझे भी गुड नाइट बोलते थे। दरअसल, इस फिल्म में मेरे ज्यादा सीन माधुरी दीक्षित के साथ कोठे के ही थे। मैंने चौरंगा की भूमिका निभाई थी। मेरी शूटिंग की शिफ्ट हमेशा रात की ही होती थी। मै खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानती हूं कि करियर के शुरुआत में सनी देओल, शाहरुख खान और मनोज बाजपेयी जैसे बड़े सितारों के साथ काम करने का मौका मिला है।'

## रश्मिका मंदाना ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो : लेग एक्सरसाइज करती दिखीं एक्ट्रेस



**एक्ट्रेस रश्मिका** मंदाना अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं और अक्सर अपने वर्कआउट वीडियो फैंस के साथ शेयर करती हैं। हाल ही में रश्मिका ने एक और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें वह जिम में इंटेंस वर्कआउट करती हुई नजर आ रही हैं।

**जिम में बहाया पसीना**

वीडियो में रश्मिका जिम के अंदर व्हाइट टीशर्ट और ब्लैक शॉर्ट्स में लेग एक्सरसाइज कर रही हैं। इसे शेयर करते हुए रश्मिका ने कैप्शन में दिया- यह एक वीडियो है जिसे जुनैद.शेख88 ने कैप्चर किया है- जहां मेरी आत्मा मेरे शरीर को छोड़कर वापस आ रही है.. वह मुझे धीरे-धीरे और लगातार एक सुपर इंसान में बदल रहा है। इस वीडियो को देखकर अंदर का जानवर जाग जाता है मुझे कहना होगा कि मैं बहुत बहुत खुश हूं। रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करे तो वह जल्द ही अल्लू अर्जुन और फहद फासिल के साथ पुष्पा 2ः द रूल में नजर आएंगी। ये फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पाः द राइज की सीक्वल है, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। फिल्म 'पुष्पाः द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 332 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म के राइटर-डायरेक्टर सुकुमार हैं। इसके अलावा वह जल्दी ही रणबीर कपूर के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में होंगी। एनिमल में इन दोनों के अलावा अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म 11 दिसंबर को विक्की कौशल की सैम बहादुर के साथ टकराएगी। एनिमल पहले 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है।

## कार्तिक आर्यन से रिप्लेस होने पर दुखी थे अक्षय कुमार : प्रोड्यूसर से मिलकर सुधारे संबंध





अक्षय कुमार फाइनली 'हेरा-फेरी 3' और 'वेलकम 3' का हिस्सा बन गए हैं। जहां 'वेलकम 3' की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है वहीं हेरा-फेरी 3 अगले साल फ्लोर पर जाएगी। इन दोनों ही फिल्मों के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला हैं। दोनों फिल्मों से जुड़े सूत्रों की मानें तो इन फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए अक्षय ने काफी मेहनत-मशक्कत की है।

**कार्तिक आर्यन करने वाले थे रिप्लेस**

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय को जब पता चला कि 'हेरा-फेरी 3' में कार्तिक आर्यन उन्हें रिप्लेस का सकते हैं तो वो बहुत दुखी हुए। इसके बाद उन्होंने फिरोज नाडियाडवाला से अपने मतभेद सुधारने का फैसला किया तब जाकर अक्षय की इस फ्रेंचाइजी में एंट्री हुई। इससे पहले कार्तिक, अक्षय को भूल भुलैया फ्रेंचाइजी के सेकंड पार्ट 'भूल भुलैया-2' में रिप्लेस कर चुके हैं। 266 करोड़ रुपए की कमाई के साथ यह फिल्म 2022 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी फिल्म थी।

**प्रॉफिट शेयरिंग करना चाहते थे अक्षय**

सूत्रों ने आगे बताया, 'अक्षय जानते थे कि फिरोज की फाइनेंशियल कंडीशन उतनी बेहतर नहीं है। ऐसे में अक्षय ने इन दोनों फिल्मों के लिए अपनी फीस घटाने का भी फैसला किया।' शुरुआत में अक्षय अपनी पूरी फीस सेक्रीफाइज करके प्रॉफिट शेयरिंग मॉडल पर डील करना चाहते थे। चूंकि फिरोज अपनी आईपी रिटेन करना चाहते थे इसलिए उन्होंने अक्षय के साथ रेवेन्यू शेयर करने का फैसला किया।

**जियो को भी बोर्ड पर लेकर आए अक्षय**

इसके अलावा अक्षय खुद ही फिल्म के लिए जियो स्टूडियोज को प्रोड्यूसर के तौर पर बोर्ड पर लेकर आए। जियो के फिल्म से जुड़ने के बाद फिरोज के कर्ज सेटल हो गए, फ्रेंचाइजी रिवाइव हो गई और अक्षय को भी जियो से प्रॉफिट शेयरिंग में अपना हिस्सा मिलेगा। सूत्रों की मानें तो इसके बाद फिरोज ने भी अक्षय को टोकन ऑफ एप्रिसिएशन के तौर पर 9 करोड़ रुपए के दो चेक दिए।

**अगले साल क्रिसमस पर रिलीज होगी वेलकम-3**

'वेलकम-3ः वेलकम टू द जंगल' की अनाउंसमेंट अक्षय कुमार ने 9 सितंबर को अपने 56वें जन्मदिन पर की थी। 25 मुख्य कलाकारों से सजी यह फिल्म अगले साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। इसमें अक्षय के अलावा संजय दत्त, सुनील शेट्टी, परेश रावल, रवीना टंडन और दिशा पाटनी समेत कई बड़े कलाकार नजर आएंगे।






# 'डाइटीशियन' बन कर रखें सबकी सेहत का ख्याल व करियर भी



**सही** आहार हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है। विशेषकर कोरोना काल के बाद तो आहार और खान-पान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई। लिहाजा हमारी शारीरिक जरूरतों के मुताबिक कितने पोषक तत्वों की जरूरत होती है और कौन से खाद्य पदार्थ सेहत को नुक्सान पहुंचा सकते हैं, इसका जवाब एक डाइटीशियन ही दे सकता या सकती है।

जीवनशैली में आ रहे बदलावों और उनके दुष्परिणामों के चलते डाइटीशियन एक बेहतर करियर विकल्प के रूप में उभरा है। अलबत्ता यह व्यवसाय अपना कर आप अपना ही नहीं, बल्कि दूसरों की सेहत का भी ख्याल बखूबी रख सकते हैं।

सैलिब्रिटी व युवा वर्ग अपनी सेहत को लेकर अधिक सचेत बहरहाल अभी भी पोषक तत्वों के मामले में इस जरूरत को लेकर आम लोगों में बहुत अधिक जागरूकता नहीं है, फिर भी सैलिब्रिटी व युवा वर्ग इस मामले में काफी सचेत होता जा रहा है।

वह खाने-पीने के मामले में डाइटीशियन के मुताबिक बनाए डाइट प्लान को ही फॉलो करता है। यही वजह कि अब युवाओं में बतौर डाइटीशियन करियर बनाने की तरफ रुझान बढ़ा है। एक डाइटीशियन को संबंधित व्यक्ति की जीवनशैली, खाने की आदतों, सामाजिक स्तर, आयु और पाचन तंत्र की कार्यक्षमता के आधार पर आहार की सूची बनानी पड़ती है।

एक डाइटीशियन के तौर पर आप नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग, बीमार और खिलाड़ियों तक का डाइट का चार्ट बना सकते हैं।

डाइटीशियन लोगों को सलाह देता है कि स्वस्थ रहने के लिए उन्हें किस तरह का भोजन तथा कितनी बार या किस तरह से करना चाहिए।



डाइटीशियन का कार्य जितना आसान दिखाई देता है, वास्तव में वह उतना आसान नहीं है क्योंकि रोगियों के लिए व्यक्ति गत आहार योजना बनाते

वे यह सुनिश्चित करने में भी मदद करते हैं कि ग्राहकों को परोसा जा रहा भोजन न सिर्फ खाने लायक हो, बल्कि पौष्टिक भी हो। मौजूदा समय में मल्टीनैशनल कम्पनियों में डिब्बाबंद और रैडी टू ईट खाद्य पदार्थों का भी काफी चलन है।

पिज्जा, बर्गर और अन्य जंक फूड के पार्लर सारे देश में छाए हुए हैं। यहां दाम की प्रतिस्पर्धा के साथ ही ग्राहकों को अच्छी गुणवत्ता और उचित कैलोरी आहार देने के दावे किए जाते हैं। इन सभी क्षेत्रों में डाइटीशियनों के लिए बहुत अच्छी संभावनाएं हैं।

**इंटर्नशिप जरूरी**

डाइटीशियन पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद अनुभव प्राप्त करने के लिए इंटर्नशिप बहुत जरूरी है। ऐसे में आप किसी अस्पताल में इंटर्नशिप कर सकते हैं या किसी डाइटीशियन के साथ भी काम कर सकते हैं।

हुए विभिन्न क्लीनिकल घटकों को ध्यान में रखना होता है। इसके साथ ही डायटीशियन को रोगियों की जीवनशैली, खान-पान की आदतों पर भी विचार करना होता है। कार्पोरेट क्षेत्र में मांग कार्पोरेट स्तर पर भी डाइटीशियन की मांग बढ़ी है। पांच सितारा होटलों में भी डाइटीशियनों की सेवाएं ली जाती हैं। अगर आप स्वतंत्र रूप से प्रैक्टिस करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको रजिस्टर्ड डाइटीशियन की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। शैक्षिक योग्यता के साथ- साथ इस पेशे में एक वैज्ञानिक नजरिए की भी बड़ी जरूरत होती है।

यहां वे शैफ की मदद से स्वास्थ्य व पोषण संबंधी विषयों की जानकारी होने के साथ व्यवहार कुशलता भी अनिवार्य है।

# बदलते फैशन में परफेक्ट आईलाइनर आंखों को बनाएगा मैजिकल



**बदलते फैशन** के इस दौर में रोजाना मेकअप ट्रेंड तेजी से बदल रहा है। लड़कियां अपनी आंखों की सुंदरता बढ़ाने और उन्हें बड़ा दिखाने के लिए आई मेकअप का सहारा जरूर लेती हैं।

आईशैडो से लेकर आईलाइनर लड़कियों का पहला फेवरेट प्रोडक्ट बन चुका है। आप कुछ अलग-अलग और स्टाइलिश तरीके के आईलाइनर लगाकर भी अपनी आंखों की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं। चलिए जानते हैं कुछ ऐसे टिप्स जो आपके मेकअप लुक में नई जान डाल सकते हैं।

**डबल आईलाइनर**


सिंपल आईलाइनर तो आप कई बार आंखों में लगा चुकी होंगे लेकिन क्या आपने कभी डबल आईलाइनर लगाया है। अगर नहीं तो आप लिक्विड या फिर जेल आइलाइनर का इस्तेमाल करके ऊपरी लैश लाइन और निचली लैश लाइन पर डबल आईलाइनलर लगा सकती हैं। दोनों तरफ लाइनर लगाने के बाद इसे कोनों से मिला दें। जरुरी नहीं कि यह दोनों लाइनें जोड़नी हैं आप चाहें तो इन्हें अलग-अलग भी रख सकती हैं। इस तरह आपकी आंखें और भी स्टाइलिश लगेगी।

**अरेबियन आईलाइनर**

कुछ हटकर दिखने के लिए आप चाहें तो मोटा लाइनर लगा सकती हैं। इस तरह का आईलाइनर आपकी आंखों को अरेबियन लुक देगा। यह देखने में भी मोटा होता है और इस लाइनर को लैश लाइनर के ऊपर और नीचे दोनों हिस्सों में लगाया जा सकता है।

**विंग्ड आईलाइनर**

यह आपकी आंखों को सुंदर तो दिखाएगा ही साथ ही इसको लगाना भी बेहद आसान होता है।


डबल आईलाइनर

बस इसके लिए शेड को विंग्ड स्टाइल पर ऊपरी लिड पर लगाते हुए नीचे की लिड तक लगाएं। ग्लैमरस ड्रेस, पैंट सूट या पार्टी लुक में इस तरह का आइलाइनर परफेक्ट लगता है। अगर आप ड्रामेटिक इवनिंग लुक नहीं चाहती हों तो इसे विंग्ड लाइनर के साथ कॉम्बिनेशन में इस्तेमाल करने के लिए कोई हल्का आईशैडो ही चुनें ।

**स्मोकी आईलाइनर**

अगर ट्रेंड की बात करें तो ग्लैमरस लुक पाने के लिए लड़कियां स्मोकी आई मेकअप करना बेहद पसंद करती हैं।


अरेबियन आईलाइनर


विंग्ड आईलाइनर

स्मोकी लुक में आप ब्रंट ऑरेंज, मोव और पर्पल जैसे कलर्स का इस्तेमाल कर के अपने आंखों को बोल्ड लुक दे सकती हैं। इसके लिए इन शेड्स को अपने आई लिड के ऊपरी हिस्से पर लगांए और मर्ज करें।

**कैट आईलाइनर**

बहुत सी लड़कियों को लगता है कि कैट आईलाइनर विंग्ड आईलाइनर की तरह होता है लेकिन कैट आईलाइनर विंग्ड से ज्यादा स्टाइलिश होता है क्योंकि इसमें दोनों लैश लाइनों को बहुत ही अच्छी तरह से कवर किया जाता है। इसके बाद बाहरी कोनों पर एक छोटी से लाइन लगाकर खत्म कर दिया जाता है। इसमें आंखों पर आईलाइनर मोटा और बहुत ही सफाई से लगाया जाता है।

**आधी लाइन वाला आईलाइनर**

आजकल बहुत सी लड़कियां आधी लैश लाइन पर भी आईलाइनर लगाती हैं । इसमें आंखों पर पूरा आईलाइनर नहीं लगाया जाता है सिर्फ आगे की लैश लाइन और पीछे की लैश लाइन यानी की कानों की ओर आइनर लगता है।

**फ्लोटिंग आईलाइनर**

यह आईलाइनर स्टाइल भी आजकल काफी फेमस हो रहा है। अगर आप बोल्ड लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का आईलाइनर अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। इस आईलाइनर की खास बात यह है कि इसे आप अलग-अलग तरीकों से आईलैशेज पर लगा सकती हैं।

**इस बात का भी रखें ध्यान**

आईलाइनर हमेशा पलकों के कोने से ही लगाना शुरु करें क्योंकि अंदर की ओर लगाने से यह मोटा


फ्लोटिंग आईलाइनर

हो सकता है और चेहरे का पूरा लुक खराब हो सकता है।

# करियर में सफलता के लिए जरूर फॉलो करें ये टिप्स




करियर में सफल होना बहुत ही जरुर है वरना लाइफ में समस्याएँ बढ़ने लगती है, आपका पेशा चाहे एक व्यापारी का हो या एक नौकरशाही व्यक्ति का आपको सफलता पाने के लिए कई तरह के प्रयास करना होते हैं और उन्ही के माध्यम से ही आप अपने करियर में सफल हो सकते हैं। कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता है कि वह असफल रह जाएँ और जीवन भर समस्याओं का सामना करता रहें, समय के साथ व्यक्ति अपने करियर को बनाने के लिए निकल ही जाता है, केवल सोचते रहने से कभी भी सफलता नहीं मिलती है हमेशा मेहनत करने से ही सफलता मिलती है, हर सफल व्यक्ति से यदि उसकी सफलता का राज पूछा जाए तो वह कड़ी मेहनत को ही अपनी सफलता का राज बताता है। इस आर्टिकल में करियर में सफलता पाने के उपाय बताएं गये हैं जिनके माध्यम से सफलता हो पाने में आसानी हो सकती हैं।

**करियर में सफलता के उपाय**

करियर इतनी आसानी से नहीं बनता है, करियर को बनाने के लिए कई पहलुओ पर ध्यान देना होता है जिसके बाद ही सफलता पाई जा सकती है। अक्सर लोग सफलता को एक आसान काम समझने की भूल कर बैठते हैं और समय को टालते रहते हैं जिस कारण उन्हें आगे चल कर पछताना पड़ता है। आइये जानते हैं करियर में सफलता के उपायों के बारे में जिनकी सहायता से कैरियर में सफलता पाई जा सकती है।

**मेहनत को नज़रंदाज़ न करे**

आपका काम चाहे जो भी हो यदि आप उसे कल पर टालते रहेंगे तो आप कभी सफल नहीं हो सकेंगे, काम को समय पर ही पूर्ण करना चाहिए और आलस को कभी भी खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए, आपने देखा होगा कि लोग अपने काम से ज्यादा आराम करना पसंद करते हैं और यही कारण है कि वह सफल नहीं हो पाते हैं, इसीलिए कहा जाता है कि अपने कम्फर्ट जोन को तुरंत त्याग दें और जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उस पर मेहनत करें।

मेहनत को नज़रंदाज़ न करे

**पॉजिटिव रहें**

एक नकारात्मक रवैया आपको कभी भी सफल नहीं होने देता हैं, नकारात्मकता के कारण अवसर में भी आपदा दिखाई देती है और सकारात्मक रहने पर आपदा में भी अवसर दिखता है, इसके लिए किसी काम को करते समय जितना हो सकें सकारात्मक रहने की कोशिश करें। नकारात्मकता से कार्य और बिगड़ जाते हैं तथा कॉंफिडेंट भी कम हो जाता है इसीलिए हमेशा पॉजिटिव रहें और अपना काम करे।

**सहयोगियों से जुड़े रहें**

कभी भी सहयोगियों से दूरी नहीं बनाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से आप कभी भी सफल नहीं हो सकेंगे और न ही अपने कार्यो को आसानी से कर पाएँगे। कोई भी परफेक्ट नहीं होता है हर किसी में किसी न किसी प्रकार की कमी होती है, हो सकता है आपके ऑफिस या व्यापार में कम बोलने वाले या आगे से बात न करने वाले लोग हो, हो सकता है वह ऐसा नहीं कर पाते हो इसीलिए उनसे आगे से जाकर जुड़ने की कोशिश करे और समस्या आने पर मदद मांगे ताकि काम आसान हो सकें।

**स्वास्थ्य का रखे ध्यान**

करियर बनाने के चक्कर में अपने स्वास्थ्य को न भूल जाएँ, पहली प्राथमिकता अपने स्वास्थ्य को दें ताकि करियर बनाने में तकलीफ न हो। यदि आप करियर को बनाने के लिए व्यायाम, संतुलित आहार, नींद, सुकून को त्याग देंगे तो सफलता भी आपके किसी काम की नहीं रहेगी और आप लक्ष्यों को पाने के बाद भी दुखी ही रहेंगे।

**सीखना न छोड़ें**

कभी भी यह न सोचे कि मुझे सब पर्याप्त याद है या फिर मेरे पास सिखने के लिए समय नहीं हैं क्योकि सीखते रहने से हि आगे आप आगे बड़ सकते हैं और सफल हो सकते हैं। आपको आपकी फील्ड का जितना ज्ञान होगा आप उतने अच्छे से काम कर पाएँगे, सिखने के लिए केवल किताबो पर आश्रित न रहें प्रेक्टिकल नोलेज की भी जरूरत होती है इसीलिए उस पर भी ध्यान दें।

# कार्यालय में अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए टिप्स

यदि अपने व्यक्तित्व को निखारना है तो इसके लिए अपने शारीरिक विकास के साथ-साथ सही सोच यानी उपयुक्त शारीरिक हाव-भाव के बारे में भी आपको जानना चाहिए। इस पर विशेष ध्यान देना भी जरूरी है।

इससे आपके व्यक्तित्व में स्वयं ही निखार आने लगेगा। इसकी जानकारी रखने वाले व्यक्ति को सबकी नजरों में अच्छा माना जाता है तथा मिलने वाले भी सम्मान करते हैं। इसके लिए निम्न बातों का ध्यान रखें :

1. आप जब बात करें तो चेहरा ठीक रखें। बेहद कड़क न दिखें। यदि चेहरे पर मधुर मुस्कान बनी रहे तो बेहद अच्छा रहेगा।
2. किसी को कठोर शब्द कहकर उसके व्यक्तित्व पर आक्षेप नहीं करें। किसी पर निजी टिप्पणी न कसें ।
3. ध्यान रखें कि अधिक बोलने वाले का प्रभाव अच्छा नहीं पड़ता।
4. शांत व अच्छा सुनने वाला व्यक्ति सम्मान पाता है, पसंद किया जाता है।
5. जरूरी है कि आपकी बातों में न संकोच हो तथा न ही क्रोध।
6. अपनी बातचीत इस तरह रखें कि इससे माहौल तनाव रहित रहे।
7. यदि आपको सुनना है तो शांत मन से पूरी बात सुनें। यदि आपको बोलना है तो अधिक नहीं बोलें।
8. आपकी बातचीत, भाव भंगिमा, व्यवहार से यही लगे कि आप सुनने वाले के हितैषी हैं। यह न लगे कि आप केवल अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं।

## महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग भर्ती:असिस्टेंट प्रोफेसर के 94 पदों पर वैकेंसी

महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (MPSC) ने कला निदेशालय के तहत सरकारी कला महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसर के पद पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। उम्मीदवार इन पदों के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 03 अक्टूबर रात 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

पदों की संख्या : 94

आयु सीमा : सहायक प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 03 अक्टूबर, 2023 को 18 वर्ष से अधिक और 38 वर्ष से कम होनी चाहिए। साथ ही आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट लागू है।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

संबंधित शाखा में फर्स्ट क्लास के साथ ग्रेजुएशन और मास्टर डिग्री या दोनों में से किसी एक डिग्री में समकक्ष योग्यता होनी चाहिए। साथ में पीएचडी और दो साल का कार्य अनुभव जरूरी।

सैलरी 57,700 रुपये

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट mpsc.gov.in पर जाएं।'ऑनलाइन एप्लिकेशन सिस्टम' पर क्लिक करें। डॉक्यूमेंट्स अपलोड करे।

## टीचर्स के 20,000 पदों पर निकली वैकेंसी : 10 अक्टूबर तक करें अप्लाई

सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे बेरोजगारों के लिए अच्छी खबर है। प्राइमरी और अपर प्राइमरी सरकारी स्कूलों में जूनियर टीचर्स के पदों पर बंपर वैकेंसी निकली है। जिसके तहत 20 हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां की जाएगी। जिसमें शामिल होने के लिए उम्मीदवार ओडिशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण की ऑफिशियल वेबसाइट osepa.odisha.gov.in पर जाकर 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते है।

सैलरी : भर्ती प्रक्रिया में सिलेक्ट होने पर उम्मीदवार को हर महीने 25 हजार 000 रुपए से लेकर 35 हजार 400 रुपए तक सैलरी दी जाएगी।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :कक्षा 1 से 5 तक शिक्षक पदों के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स को 50% नंबरों के साथ 12वीं पास होना चाहिए।

ओडिशा शिक्षक पात्रता परीक्षा-I भी पास होना जरूरी है। कक्षा 6 से 8 तक शिक्षक पद के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री होना चाहिए। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा में दो साल का डिप्लोमा होना चाहिए।

सिलेक्शन प्रोसेसःभर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों का सिलेक्शन रिटन टेस्ट की परफॉर्मेंस के आधार पर किया जाएगा। फिर मेरिट के आधार पर फाइनल पोस्टिंग दी जाएगी। हालांकि फाइनल पोस्टिंग से पहले उम्मीदवारों के डॉक्युमेंट वेरिफाई किए जाएंगे।

## मन के हारे हार है' 'मन के जीते जीत'


कोचिंग इंस्टीच्यूट का गढ़ माने जाने वाले कोटा शहर में इस साल लगभग दो दर्जन छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। मात्र अगस्त में 6 छात्रों की आत्महत्या का समाचार है। यह बहुत चिंताजनक बात है।

हम अपने बच्चों को सब कुछ सिखाते हैं मगर यह सिखाना भूल जाते हैं कि उनका जीवन उनके साथ-साथ परिवार और समाज के लिए कितना महत्वपूर्ण है!

बच्चे सोचते हैं कि मां-बाप ने हमारे लिए इतना पैसा खर्च किया, हम यदि परीक्षा पास नहीं कर सके तो उन्हें क्या मुंह दिखाएंगें!

माता-पिता अक्सर यह बात कहना भूल जाते हैं कि अगर उसे लगता है कि इस परीक्षा की तैयारी उसके लिए मुश्किल है तो वह घर लौटकर कुछ और करने के बारे में सोच सकता है। सिर्फ इतना कहना बच्चे के लिए संजीवनी का काम कर सकता है।

सिर्फ डॉक्टरों और इंजीनियरों के भरोसे यह देश और समाज नहीं चल रहा है। मिट्टी और पानी बेचने वाले भी आज करोड़पति हैं। बच्चा जिस क्षेत्र में जाना चाहे, उस क्षेत्र में करियर बनाने में उसकी मदद करनी चाहिए न कि अपने सपने बच्चों पर थोपकर उन्हें तनाव झेलने के लिए विवश करना चाहिए। उन्हें यह समझाना होगा कि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। संदेश यह है कि जीवन में चुनौतियों से हार न मानो।



# सिंगापुर का पासपोर्ट है सबसे ज्यादा स्ट्रांग

## जानें भारत और पाकिस्तान की रैंकिंग

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। हर साल हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया के सभी देशों के पासपोर्ट की रैंकिंग जारी करता है। इस साल भी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने सभी देशों की रैंकिंग जारी की है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा दिये गए विशेष आंकड़ों के आधार पर तय किया जाता है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की शुरुआत हेनले एंड पार्टनर्स के अध्यक्ष डॉ क्रिश्चियन एच केलिन ने की थी। आपको बता दें कि जिस तरह दुनिया के सभी देश आर्थिक तौर पर सबसे सशक्त बने। उसी तरह हर देश चाहता है कि उसके देश का पासपोर्ट दुनिया में सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट बने। यह एक तरह का कॉम्पीटीशन है। ऐसे में अब सवाल आता है कि आखिर किस मापदंडों के आधार पर तय किया जाता है कि देश का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट कौन-सा है? आपको इस सवाल का आसान भाषा में उत्तर देते हैं कि एक पासपोर्ट के जरिये कितने देशों में बिना वीजा के एंट्री मिल सकती है।

इस आधार पर पासपोर्ट की मजबूती को मापा जाता है। वर्ष 2023 में भारत भी दुनिया के मजबूत पासपोर्ट की रैंकिंग में शामिल हो गया है। आइए, जानते हैं कि दुनिया में कौन-से देश को क्या रैंकिंग मिली है?




**टॉप पासपोर्ट कौन-से हैं**

आपको बता दें कि इस साल टॉप पर सिंगापुर का पासपोर्ट है। इसका साफ मतलब है कि दुनिया में सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट सिंगापुर देश का है। सिंगापुर के नागरिक दुनिया में 192 देशों में वीजा-फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। दूसरा स्थान जर्मनी,इटली और स्पेन के पासपोर्ट को मिला है। इसके बाद जापान के साथ ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, लक्जमबर्ग, दक्षिण कोरिया और स्वीडन को तीसरा स्थान मिला है। वहीं, यूके टॉप-4 में और अमेरिका का पासपोर्ट को 8वां स्थान मिला है।

**भारत की क्या है रैंकिंग**

वर्ष 2023 में भारत के पासपोर्ट को 80वें स्थान दिया गया है। भारत के साथ टोगो और सेनेगल को भी 80वें स्थान पर रखा गया है। इंडेक्स के अनुसार भारत, टोगो और सेनेगल के पासपोर्ट यूजर 57 देशों में वीजा-फ्री ट्रैवल कर सकते हैं।

वहीं, पाकिस्तान श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश के पासपोर्ट को कमजोर बताया गया है। इन्हें 100वां रैंकिंग मिला है।

# फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसला और ग्लोबल ट्रेंड से तय होगी इस हफ्ते शेयर बाजार की चाल, जानिए एक्सपर्ट की राय

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसला, ग्लोबल मार्केट ट्रेंड्स और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी. विश्लेषकों ने यह राय जताई है. 'गणेश चतुर्थी' के उपलक्ष्य में मंगलवार (19 सितंबर) को शेयर बाजार बंद रहेंगे. ग्लोबल फ्रंट पर बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर पर फैसले से भी बाजार को दिशा मिलेगा.स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट प्रवेश गौर ने कहा, ''यह सप्ताह मॉनेटरी पॉलिसी वाला होगा. फेडरल रिजर्व के पॉलिसी मेकर्स ने फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक बुलाई है और ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा बुधवार यानी 20 सितंबर को होगी.'' गौर ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, अमेरिकी में बॉन्ड यीलेड और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी.''

**15 सितंबर को सेंसेक्स लगातार 11वें दिन चढ़ा**

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,239.72 अंक या 1.86 फीसदी के लाभ में रहा. नेशनल स्टॉक का निफ्टी 372.4 अंक या 1.87 फीसदी चढ़ गया. शुक्रवार को लगातार 11वें कारोबारी सत्र में सेंसेक्स लाभ में रहा और 319.63 अंक या 0.47 फीसदी की छलांग के साथ 67,838.63 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ. दिन में कारोबार के दौरान यह 408.23 अंक या 0.60 प्रतिशत बढ़कर 67,927.23 के अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचा. शुक्रवार को निफ्टी 89.25 अंक या 0.44 फीसदी बढ़कर 20,192.35 के अपने रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ.

# अभी खत्म नहीं हुआ है ग्लोबलाइजेशन

## बस बदल गया है इसका रूप

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। पूरी दुनिया में इस समय डी-ग्लोबलाइजेशन की खबरें चल रही हैं। दुनिया ऐसी रिपोर्टों से भरी पड़ी है कि वर्ल्ड का डी-वैश्वीकरण हो रहा है। लेकिन दुनिया में अभी ग्लोबलाइजेशन खत्म नहीं हुआ है। इसने बस एक नया आकार ले लिया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप शुरुआती डी-ग्लोबलाइज़र थे। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप से पीछे हटते हुए संरक्षणवादी शुल्क लगाकर और चीन के साथ व्यापार को कम करके ग्लोबलाइजेशन को नुकसान पहुंचाया। इससे चीन के साथ कारोबार पर अंकुश लगा।

**चीन पर कड़े प्रतिबंध लगाए**

इसके बाद में अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन के हाई-टेक सामानों की बिक्री पर कड़े प्रतिबंध लगाए। जो बाइडन ने ग्रीन टेक्नोलॉजी और माइक्रोचिप्स में अमेरिकी निवेश को शुरू करने के लिए 624 बिलियन डॉलर का अब तक का सबसे बड़ा सब्सिडी कानून बनाया। चीन पर अंकुश लगाने के कारण कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने कारोबार को चीन से अन्य कम मजदूरी वाले देशों में स्थानांतरित कर दिया। इन घटनाओं को रेशोरिंग और फ्रेंडशोरिंग कहा जाता है।



**आयात शुल्क बढ़ाए गए**

भारत में, अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया का कहना है कि हाल के वर्षों में करीब 3 हजार टैरिफ लाइनों पर आयात शुल्क बढ़ाए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से सस्ते चीनी सामानों को आयात से बाहर रखने के लिए ऐसा किया गया है। भारत चिप निर्माण संयंत्रों के लिए 50 फीसदी तक की भारी सब्सिडी की पेशकश कर रहा है। इसका उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन 14 विशिष्ट क्षेत्रों में नए उद्योगों के लिए लगभग 2 ट्रिलियन रुपये की सब्सिडी के साथ ही टैरिफ सुरक्षा प्रदान करता है।

**एकीकरण को नुकसान पहुंचा**

इससे अंतरराष्ट्रीय एकीकरण को नुकसान पहुंचा है। इसे कुछ लोग हाइपर-ग्लोबलाइजेशन कहते हैं, वह ठप हो गया है। हालांकि फिर भी स्कॉट लिन्सी ने काटो संस्थान में ₹ग्लोबलाइजेशन इज़ नॉट गोइंग एनीवेयर₹ के शीर्षक से एक नया पेपर निकाला है। इसमें यह तर्क दिया गया है कि ग्लोबलाइजेशन के ठप होने की खबरें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई हैं।

# आकासा एयर का एक्शन, अचानक इस्तीफा देने वाले 40 पायलट पर ठोक दिया मुकदमा

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। आकासा एयर के पायलट से जुड़ा मामला और गरमा गया है। एयरलाइन ने हाल में अचानक 40 से ज्यादा इस्तीफा देने वाले पायलट्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पायलटों की अचानक जॉब छोड़ने से एयरलाइन को जबरदस्त झटका लगा है। स्थिति ऐसी आई कि एयरलाइन को अपनी कई फ्लाइट्स को कैंसिल करनी पड़ी। जाहिर है एयरलाइन को वित्तीय झटका लगा और बीते महीने यानी अगस्त में अकासा एयर की बाजार हिस्सेदारी स्पाइसजेट से पीछे रह गई। जबकि जून में एयरलाइन ने स्पाइसजेट को बाजार हिस्सेदारी में पटकनी दे दी थी।

**करीब 22 करोड़ रुपये के मुआवजे का दावा**

खबर के मुताबिक, कथित तौर पर अकासा एयर रेवेन्यू की हानि और ब्रांड इमेज पर हुए असर के बदले करीब 22 करोड़ रुपये के मुआवजे का दावा कर रही है, क्योंकि 43 पायलट जरूरी नोटिस पीरियड में काम किए बिना छोड़कर चले गए। आईएएनएस की खबर के मुताबिक, एयरलाइन ने कहा कि हमने सिर्फ उन पायलटों के एक छोटे ग्रुप के खिलाफ कानूनी उपाय की मांग की है, जिन्होंने अपनी ड्यूटी नहीं निभाई। साथी ही अपनी जरूरी कॉन्ट्रैक्चुअल नोटिस पीरियड तो पूरा किए बिना चले गए। यह न सिर्फ उनके कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन था, बल्कि सिविल एविएशन से जुड़े नियमों का भी उल्लंघन था।

**अब संभली है हालत**

एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि पायलटों की यह हरकत न सिर्फ कानूनन अवैध है, बल्कि एक अनैतिक और स्वार्थ से भी भरा है। इनकी वजह से अगस्त में कई फ्लाइट्स में परेशानी आई। आखिरी क्षण में फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। हजारों पैसेंजर्स फंस गए और उन्हें काफी परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से अब हालत संभली है। कड़ी मेहनत के लिए सहयोगियों को धन्यवाद। एक नए स्टार्ट अप के रूप में हमें इस बात पर गर्व है कि हर आकासा एयर के कर्मचारी ने हमारे ऑपरेशन के पहले साल में हमारी मदद की है।आईएएनएस की खबर के मुताबिक, एयरलाइन ने कहा कि कुछ कर्मचारियों द्वारा इस तरह का व्यवहार न सिर्फ गैरकानूनी और अनैतिक है, बल्कि हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत के प्रति भी अपमानजनक है, जो हर दिन पूरी ईमानदारी के साथ काम करती है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**

चंद्र ७ केतु
८
सूर्य मंगल ६
५ बुध
शुक्र ४
९
३
१०
१२
२
शनि ११
राहु १ गुरु

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कन्या में | सिंह... | 06-05 बजे |
| चंद्र- | तुला में | कन्या.. | 08-11 बजे |
| मंगल | कन्या में | तुला... | 10-20 बजे |
| बुध- | सिंह में | वृश्चिक. | 12-34 बजे |
| गुरु- | मेष में | धनु..... | 14-41 बजे |
| शुक्र- | कर्क में | मकर.. | 16-31 बजे |
| शनि- | कुंभ में | कुंभ... | 18-09 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... | 19-45 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 21-30 बजे |
| | | वृष-- | 23-30 बजे |
| | | मिथुन.. | 01-43 बजे |
| | | कर्क... | 03-55 बजे |

श्री पिंगल नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2080
शक संवत् -1945, सूर्य - दक्षिणायने ,ऋतु- शरद
महावीर निर्वाण संवत् -2549,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426876
सूर्योदय- 06-07
सूर्य अस्त- 18-12
कलियुग संवत् -5124 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949124
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885124
दिशाशूल -- पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- तृतीया - 12 -39 तक उपरान्त चतुर्थी
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष , सोमवार 18 September
नक्षत्र - चित्रा - 12-07 -तक उपरान्त स्वाति
योग - ऐन्द्र - 04 - 23 - तक उप वैधृति
करण- गर - 12 -39 - तक उप- वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - हरितालिका तीज व्रत

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 07:37 से 09:08 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:07 - 07:37 | शुभ | चंचल | 18:12 - 19:44 | शुभ |
| काल | 07:37 - 09:08 | अशुभ | रोग | 19:44 - 21:13 | अशुभ |
| शुभ | 09:08 - 10:39 | शुभ | काल | 21:13 - 22:41 | अशुभ |
| रोग | 10:39 - 12:10 | अशुभ | लाभ | 22:41 - 00:10 | शुभ |
| उत्पात | 12:10 - 13:41 | अशुभ | उत्पात | 00:10 - 01:39 | अशुभ |
| चंचल | 13:41 - 15:13 | शुभ | शुभ | 01:39 - 03:08 | शुभ |
| लाभ | 15:13 - 16:44 | शुभ | अमृत | 03:08 - 04:37 | शुभ |
| अमृत | 16:44 - 18:12 | शुभ | चंचल | 04:37 - 06:07 | शुभ |

# 3 दिन तक बैंकों में नहीं होगा कोई कामकाज, ये है कारण

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। अगर आपको बैंक से जुड़ा कोई काम कराना है तो कल से आपको परेशानी हो सकती है। दरअसल, कल से 3 दिन तक अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। गणेश चतुर्थी के चलते कई राज्यों में अलग-अलग दिन बैंक हॉलिडे है। ऐसे में कोई भी बैंकिंग से जुड़ा कामकाज नहीं होगा। इसके अलावा आज यानि 17 सितंबर को रविवार होने की वजह से देशभर में बैंक बंद हैं। वैसे तो गणेश चतुर्थी की छुट्टी 19 सितंबर को है। फिर भी अगर आप जानना चाहते हैं कि आपके शहर में बैंक हॉलिडे कब है तो खबर आपके काम की हो सकती है। देश के कई हिस्सों में गणेश चतुर्थी का त्योहार धूम-धाम से मनाया जाता है। चलिए जानते है आरबीआई के मुताबिक, कब-कब कहां बंद रहेंगे बैंक।

आरबीआई की बैंक हॉलिडे लिस्ट के मुताबिक, विनायक चतुर्थी के मौके पर 18 सितंबर को बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद




तेलंगाना में बैंक बंद रहेंगे। वहीं 19 सितंबर को अहमदाबाद, बेलापुर, भुवनेश्नर, मुंबई, नागपुर, पणजी में गणेश चतुर्थी के कारण बैंक हॉलिडे रहेगा। 20 सितंबर यानी गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन नुआखाई के चलते भुवनेश्वर और पणजी में बैंक बंद रहेंगे। इस तरह भुवनेश्वर और पणजी में 19 और 20 सितंबर को बैंक बंद रहेंगे।

**8 दिन और बंद रहेंगे बैंक**

20 सितंबर, 2023 गणेश चतुर्थी और नुआखाई के कारण कोच्चि और भुवनेश्वर में बैंक बंद रहेगा। 22 सितंबर, 2023 श्री नारायण गुरु समाधि दिवस के मौके पर कोच्चि, पणजी और त्रिवेंद्रम में बैंक बंद रहेंगे। 23 सितंबर, 2023 चौथे शनिवार के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 24 सितंबर, 2023 रविवार के कारण बैंक बंद रहेंगे। 25 सितंबर, 2023 श्रीमंत शंकरदेव की जयंती के कारण गुवाहाटी में बैंकों में अवकाश रहेगा। 27 सितंबर, 2023 मिलाद ए शरीफ के कारण जम्मू, कोच्चि, श्रीनगर और त्रिवेंद्रम में बैंक में बंद रहेंगे। 28 सितंबर, 2023 ईद ए मिलाद के कारण अहमदाबाद, आइजोल, बेलापुर, बेंगलुरु, भोपाल, चेन्नई, देहरादून, तेलंगाना, इंफाल, कानपुर, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, रायपुर, रांची में बैंक बंद रहेंगे। 29 सितंबर, 2023 ईद ए मिलाद उन नबी के कारण गंगटोक, जम्मू और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे।

**जल्द बदलवा लें 2000 का नोट**

अगर आपके पास सर्कुलेशन से आउट हो चुका 2000 का नोट है तो जल्द समय रहते उसे बदलवा लें। आरबीआई ने इन नोटों को बदलवाने की डेडलाइन 30 सितंबर 2023 तय की है।

# लगातार घट रही है डीजल की बिक्री

## सितंबर में बढ़ गई पेट्रोल की खपत

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। भारत में डीजल की बिक्री सितंबर में लगातार दूसरे महीने गिर गई। इसकी वजह है कि देश में बारिश की वजह से इनके मांग घट गए हैं। सरकारी तेल कंपनियों ने आज डीजल की बिक्री के आंकड़ें जारी कर दिये हैं। वहीं, पेट्रोल की बिक्री में मामूली वृद्धि देखने को मिली है। जबकि सितंबर की पहली छमाही में तीन राज्य के स्वामित्व वाले ईंधन खुदरा विक्रेताओं द्वारा डीजल की बिक्री में साल-दर-साल गिरावट आई। आपको बता दें कि डीजल देश में सबसे अधिक खपत वाला ईंधन है। एक साल पहले की अवधि की तुलना में 1 से 15 सितंबर के बीच डीजल की मांग 5.8 फीसदी गिरकर 2.72 मिलियन टन हो गई। पिछले महीने अगस्त में भी इसकी खपत में गिरावट देखने को मिली है।

**डीजल की खपत में क्यों आई कमी**

डीजल की बिक्री आमतौर पर मानसून के महीनों में गिर जाती है। इसकी वजह यह है कि बारिश की वजह से कृषि क्षेत्र में मांग कम हो जाती है जो सिंचाई, कटाई और परिवहन के लिए ईंधन का उपयोग करता है। इसके अलावा, बारिश से वाहनों की गति भी धीमी हो जाती है। वहीं, डीजल की खपत अप्रैल में 6.7 फीसदी और मई में 9.3 फीसदी हुई है। इस महीने कृषि मांग बढ़ी थी और गर्मियों की गर्मी से बचने के लिए कारों ने एयर कंडीशनिंग का सहारा लिया था। मानसून आने के बाद जून के दूसरे हफ्ते से इसमें कमी आनी शुरू हुई। वहीं, जुलाई के पहले हफ्ते में इसमें गिरावट आई लेकिन उस महीने के दूसरे हफ्ते में इसमें तेजी दर्ज की गई।

**पेट्रोल की खपत के आंकड़ें**

पिछले साल सितंबर महीने के पहले हफ्ते में पेट्रोल की बिक्री 1.2 प्रतिशत बढ़कर 1.3 मिलियन टन हो गई। वहीं, इस साल पेट्रोल की बिक्री 1.2 प्रतिशत का उछाल से पेट्रोल की बिक्री 1.3 मिलियन टन हो गई है। अगर जुलाई की बात करें तो जुलाई के पहले हफ्ते में पेट्रोल की खपत में 10.5 फीसदी की गिरावट आई थी। वहीं, अगस्त में 8 फीसदी की गिरावट आई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर की पहली छमाही में बिक्री महीने-दर-महीने 8.8 प्रतिशत बढ़ी। 1-15 सितंबर के दौरान पेट्रोल की खपत कोविड-प्रभावित सितंबर 2021 की पहली छमाही की तुलना में 29.2 प्रतिशत अधिक और महामारी-पूर्व सितंबर 2019 की तुलना में 20.8 प्रतिशत अधिक थी।

# बाजार के ऑलटाइम हाई छूने के बीच विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी

## 15 दिन में निकाल लिए 4800 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने, मजबूत डॉलर और आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजारों से करीब 4,800 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले एफपीआई मार्च से अगस्त तक लगातार छह माह भारतीय शेयरों में शुद्ध लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने 1.74 लाख करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी। के। विजयकुमार ने कहा, आने वाले दिनों में एफपीआई बिकवाल रह सकते हैं क्योंकि मूल्यांकन रिकॉर्ड उच्चस्तर पर है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल (10 साल के लिए 4.28 प्रतिशत) ऊंचे स्तर पर है और डॉलर सूचकांक भी 105 के ऊपर है। ऐसे में एफपीआई अभी और बिकवाली कर सकते हैं।''डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (15 सितंबर तक) शेयरों से शुद्ध रूप से 4,768 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले अगस्त में शेयरों में एफपीआई का प्रवाह चार माह के निचले स्तर 12,262 करोड़ रुपये पर आ गया था। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक – प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, "वैश्विक स्तर, विशेषरूप से अमेरिका में ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता की वजह से एफपीआई सितंबर में शुद्ध बिकवाल रहे हैं।" आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में 2,000 करोड़ रुपये डाले हैं। इस तरह चालू कैलेंडर साल में अबतक शेयरों में एफपीआई का निवेश 1.3 लाख करोड़ रुपये रहा है। वहीं बॉन्ड बाजार में उन्होंने 30,200 करोड़ रुपये से ज्यादा डाले हैं।

# प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले करोड़ों लोगों के लिए झटका, कम हो सकता है पीएफ का ब्याज


नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक बुरी खबर है। आने वाले दिनों में पीएफ पर मिलने वाला ब्याज कम हो सकता है। इससे प्राइवेट नौकरी करने वालों की एकमात्र सामाजिक सुरक्षा का आधार कमजोर हो सकता है।

**सरप्लस की जगह ईपीएफओ को घाटा**

इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर में आरटीआई के हवाले से ये जानकारी दी गई है। खबर के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान ईपीएफओ को सरप्लस के अनुमान के बाद भी घाटा हो गया था। ऐसा माना जा रहा था कि ईपीएफओ के पास 449.34 करोड़ रुपये का सरप्लस रहेगा, जबकि उसे 197.72 रुपये के घाटे का सामना करना पड़ गया। उसके बाद पीएफ पर दिए जा रहे ब्याज की दरों को लेकर नए सिरे से विचार करने का निर्णय लिया गया।

**वित्त मंत्रालय का ऐसा है ब्याज पर रुख**

अभी पीएफ पर मिल रहा ब्याज पहले से ही कम है। ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पीएफ पर ब्याज की




दर 8.15 फीसदी तय की है। वित्त मंत्रालय का मानना है कि ईपीएफ को हुए घाटे को ध्यान में रखते हुए पीएफ की ब्याज दर पर पुनर्विचार जरूरी है। पीएफ की उच्च ब्याज दरों को कम करने और बाजार दरों के समतुल्य लाने की जरूरत है।

**सिर्फ इस स्कीम में है पीएफ से ज्यादा ब्याज**

अभी पीएफ पर मिलने वाले ब्याज की तुलना में बाजार से करें तो यह वाकई में ज्यादा है। छोटी बचत योजनाओं में सिर्फ एक सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम ही है, जिस पर अभी पीएफ से ज्यादा ब्याज मिल रहा है। इस स्कीम की ब्याज दर अभी 8.20 फीसदी है। सुकन्या समृद्धि योजना से लेकर राष्ट्रीय बचत पत्र यानी एनएससी तक, सभी पर ब्याज की दरें पीएफ की तुलना में कम हैं। वित्त मंत्रालय इस कारण लंबे समय से पीएफ के ब्याज को घटाकर 8 फीसदी से नीचे लाने की वकालत करता रहा है।

**इस तरह से कम होता गया पीएफ पर ब्याज**

वहीं दूसरी ओर पीएफ पर पहले से मिलते आ रहे ब्याज को देखें तो अभी दरें निचली साइड में हैं। पीएफ पर ब्याज को लगातार कम किया गया है। वित्त वर्ष 2015-16 में पीएफ पर ब्याज की दर 8.80 फीसदी से घटाकर 8.70 फीसदी की गई थी। ट्रेड यूनियंस के विरोध के बाद इसे फिर से 8.80 फीसदी किया गया था। उसके बाद पीएफ पर ब्याज की दरें कम होती रहीं और 2021-22 में 8.10 फीसदी के निचले स्तर पर आ गई। 2022-23 में इसे मामूली बढ़ाकर 8.15 फीसदी किया गया।

**इतने करोड़ हैं ईपीएफओ के सब्सक्राइबर**

पीएफ प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले करोड़ों लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार है। इससे नौकरी की उम्र समाप्त होने यानी रिटायरमेंट के बाद के जीवन के लिए एक फंड तैयार करने में मदद मिलती है। पीएफ पर ठीक ब्याज मिलने से करोड़ों लोगों को फायदा होता आया है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आपकी सबसे बड़ी संपत्ति आपकी हास्य की भावना है, इसे अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए उपयोग करने का प्रयास करें। आज आप दोस्तों के साथ किसी पार्टी में खूब पैसा खर्च कर सकते हैं लेकिन इसके बावजूद आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज आप आराम महसूस कर रहे हैं और आनंद लेने के लिए सही मूड में हैं। अगर आप कर्ज लेने वाले थे और काफी समय से इस काम में लगे हुए थे तो आज आपके लिए भाग्यशाली दिन है। परिवार के सदस्य आपकी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरेंगे। उनसे यह अपेक्षा न करें कि वे आपकी सनक और पसंद के अनुसार काम करेंगे।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक समारोह में भाग लें। इस राशि के जो जातक इलेक्ट्रॉनिक सामान का व्यापार करते हैं उन्हें आज धन हानि हो सकती है। आप जिस बड़े सौदे का इंतज़ार कर रहे थे वह रद्द हो सकता है। आपका मजाकिया स्वभाव आपके आस-पास के वातावरण को ख़ुशनुमा बना देगा।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपको अपने महसूस करने के तरीके पर नियंत्रण रखना होगा। घर में किसी समारोह का आयोजन होने के कारण आज आपको काफी धन खर्च करना पड़ेगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अपने जीवन में एक उत्कृष्ट लय बनाएं और समर्पण के मूल्यों और दिल में प्यार और कृतज्ञता के साथ सीधे चलने की कला सीखें।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
बेचैनी आपकी मानसिक शांति को भंग कर सकती है। आज आपके माता-पिता में से कोई आपको पैसे बचाने के महत्व पर व्याख्यान दे सकता है। आपको उनकी बात बहुत ध्यान से सुनने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बच्चे आपके लिए दिन काफ़ी कठिन बना सकते हैं।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू ,ष, ण, ठ, पे ,पो,)
किसी संत व्यक्ति का आशीर्वाद मानसिक शांति देगा। हालाँकि पैसा आपके लिए एक महत्वपूर्ण तत्व है, लेकिन इसके प्रति इतने संवेदनशील न बनें कि आपके रिश्ते खराब हो जाएँ। माता-पिता द्वारा आपको ग़लत समझे जाने की संभावना है क्योंकि आप अपनी बात रखने में विफल रहे।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
काम के बीच में आराम करने की कोशिश करें और देर रात तक सोने से बचें। भाई-बहनों की मदद से आज आपको धन लाभ होगा। अपने भाई-बहनों से सलाह लें। बच्चे की पढ़ाई को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं. इस समय आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा होगा लेकिन ये क्षणिक हैं।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आपकी शारीरिक बीमारी से उबरने की संभावना अधिक है जिससे आप खेल प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। अपने भविष्य को समृद्ध बनाने के लिए आपने अतीत में जो भी पैसा निवेश किया था, उसका आज फल मिलेगा। कोई ऐसा व्यक्ति जिसके साथ आप रहते हैं, आज आपके हाल के कार्यों से बहुत चिढ़ जाएगा।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
कोई ख़ुशी की ख़बर मिलने की संभावना है। यदि आपने अतीत में दूसरों को अच्छी खासी रकम उधार दी थी तो आज आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। आपकी परेशानियां और बढ़ जाएंगी, आप जरूरत पड़ने पर इसे वापस पाने में असमर्थ होंगे। आपकी ओर से माता-पिता के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही खतरनाक हो सकती है।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
अपने आप को उन गतिविधियों में शामिल रखें जो आपको शांत रहने में मदद करेंगी। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह के बिना आज कोई भी ऐसा कदम या कार्य न करें जिससे आर्थिक नुकसान हो। दिन के अंत में किसी पुराने मित्र से सुखद मुलाकात होगी। आज जब आप अपनी सपनों की लड़की से मिलते हैं।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
विशेष रूप से यदि आप देर रात यात्रा करते हैं तो सावधानी से गाड़ी चलाएं। आपको सबसे अप्रत्याशित स्रोतों से कमाई होने की संभावना है। तनाव का दौर रह सकता है लेकिन परिवार का सहयोग आपकी मदद करेगा। अपने प्रिय में खामियां ढूंढने में अपना समय बर्बाद न करें।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
अपनी शारीरिक सहनशक्ति बनाए रखने के लिए आप अपना समय खेल-कूद में बिता सकते हैं। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से लाभ मिलने की संभावना है। पारिवारिक मोर्चे पर कुछ समस्याएँ परिवार की शांति और स्वस्थ माहौल को ख़राब कर सकती हैं।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

# भारत में बनाकर भारतीयों को ही महंगा बेच रहे आई फोन

## 15 अमेरिका में 50% तक सस्ता, आखिर वजह क्या है

नई दिल्ली, 16 सितंबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। ईद पर सलमान खान की मूवी और सितंबर में नए आई फोन की रिलीज पिछले कुछ सालों से तय मानी जाती है। 12 सितंबर को आई फोन 15 सीरीज लॉन्च के साथ ये सिलसिला जारी रहा। इस बार आई फोन 15 भारत में भी असेंबल हो रहा है, इसलिए भारतीय ग्राहकों को कीमत घटने की उम्मीद थी। हालांकि एपल ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**उदाहरण के तौर पर**

भारत में आईफोन 15 प्रो मैक्स (1 टीबी) वैरिएंट की कीमत 1,99,900 रुपए है, जबकि यही मोबाइल अमेरिका में 51% सस्ता यानी 1,32,717 रुपए का बिक रहा है।

भारत में असेंबल होने के बावजूद आईफोन 15 की कीमतें अमेरिका और दुबई जैसे देशों के मुकाबले महंगी क्यों हैं, मोबाइल मैनुफैक्चरिंग में चीन के मुकाबले अभी हम कहां खड़े हैं

**भारत में बनने के बावजूद आईफोन 15 यहां महंगा क्यों बिकता है?**

आगे बढ़ने से पहले दो बातें समझनी जरूरी हैं। पहली- भारत में आईफोन 15 मैनुफैक्चर नहीं होता, सिर्फ असेंबल किया जाता है। आईफोन 15 के अलावा आईफोन 15 प्रो सीरीज की कोई डिवाइस भारत में असेंबल भी नहीं होती। ये पूरी तरह डिब्बा बंद होकर भारत में इंपोर्ट की जाती है।

आईफोन 15 प्रो मॉडल्स पूरी तरह तैयार पैक होकर इंपोर्ट किए जाते हैं। सरकार इनपर 22% इंपोर्ट ड्यूटी और 2% सोशल वेलफेयर सरचार्ज लगाती है। इस पर 18% जीएसटी भी लगता है। इस वजह से आईफोन 15 प्रो मॉडल्स पर भारत में कुल टैक्स मिलाकर करीब 40% हो जाता है।

आईफोन 15 का सिस्टम थोड़ा अलग है। इसके अलग-अलग पुर्जे इंपोर्ट किए जाते हैं और फिर इन्हें भारत में असेंबल किया जाता है। ताइवान की फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने चेन्नई के पास



श्रीपेरंबदूर में एक प्लांट तैयार किया है, जहां आईफोन 15 असेंबल किया जाता है।

आईफोन 15 में लगने वाले सारे कंपोनेंट्स विदेशों से इंपोर्ट किए जाते हैं, जिस पर कस्टम ड्यूटी लगती है। मसलन- आईफोन का डिस्प्ले सैमसंग बनाती है, जिसपर 20% इंपोर्ट ड्यूटी लगती है। इसके अलावा सर्किट बोर्ड, ट्रांजिस्टर्स, प्रोसेसर्स सभी पर इंपोर्ट ड्यूटी और उसके बाद 18% जीएसटी लगता है। ये सब मिलाकर फाइनल प्रोडक्ट की कीमतें महंगी हो जाती हैं।

**जब भारत के ग्राहकों को सस्ता नहीं मिलेगा, फिर आई फोन 15 की घरेलू असेंबलिंग का क्या फायदा?**

एपल ने भारत में अभी आईफोन असेंबल करना शुरू ही किया है। अगले दो सालों में दुनिया का हर 5वां आईफोन भारत में बनाने का टारगेट है। आईफोन मैनुफैक्चरिंग के लिए एपल चीन+1 का अप्रोच चाहता है। वो इस दिशा में आगे भी बढ़ रहा है। भारत ने भी अपनी बाहें फैला रखी हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट स्पीच में मोबाइल कैमरा लेंस और लीथियम ऑयन बैट्री जैसे प्रोडक्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाने की बात कही थी। आईटी हार्डवेयर के लिए भारत ने सेकेंड राउंड प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम भी जारी की है, जिसमें फॉक्सकॉन ने भी आवेदन किया है।

जनवरी 2023 में कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा था कि आईफोन का 5% से 7% निर्माण भारत में होता है। इसे 25% तक बढ़ाना है।

इसके अलावा भारत के टाटा ग्रूप ने एपल के सप्लायर विस्त्रों कॉर्प्स के साथ एक डील की है। पहली बार कोई देसी कंपनी आईफोन एसेंबल करना शुरू करेगी। इन सभी डेवलपमेंट का असर आने वाले सालों में आईफोन की कीमतों पर देखने को मिल सकता है।

**चीन के मुकाबले मोबाइल मैनुफैक्चरिंग में हम कहां खड़े हैं?**

आईफोन्स पहली बार भारत में मई 2017 में बनाए गए थे, लेकिन वो पुरानी सीरीज के फोन थे। इस साल फॉक्सकॉन के चेन्नई प्लांट ने पिछले महीने ही आई फोन 15 बनाना शुरू कर दिया है। इससे भारत ने चीन के मुकाबले मैनुफैक्चरिंग की दावेदारी पेश कर दी है।

भारत में फिलहाल सिर्फ आईफोन 15 यानी बेस वर्जन ही असेंबल किया गया। प्रो सीरीज के मोबाइल अभी भी बाहर ही असेंबल किए जाते हैं। इसकी बड़ी वजह सप्लाई चेन है।

चीन में पहले से ही एपल के पार्टनर और वेंडर मौजूद हैं, जिससे वहां बनाना सस्ता और सुविधाजनक पड़ता है। भारत इस सेक्टर में अभी नया है, लेकिन शुरुआत हो चुकी है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगले 2-3 सालों में भारत पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर लेगा।

# एक करोड़ का इनामी नक्सली गिरफ्तार

## इलाज कराने हैदराबाद पहुंचा था संजय बस्तर में हुई वारदातों का रहा है मास्टर माइंड

जगदलपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना में पुलिस ने एक करोड़ रुपए के इनामी माओवादी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी संजय दीपक राव उर्फ विजय नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी का सदस्य है। बताया जा रहा है कि यह नक्सली आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल समेत साउथ के इलाकों में सक्रिय था। छत्तीसगढ़ के बस्तर में हुई नक्सली घटनाओं का भी मास्टर माइंड रहा है। पूछताछ में इससे कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। दरअसल, नक्सली संजय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आया था। इसकी भनक पुलिस की मिली। जहां दबिश देकर नक्सली को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि, यह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक ट्राई जंक्शन का सचिव भी है। बस्तर के दंडकारण्य इलाके के नक्सलियों से लगातार संपर्क में था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

**साजिश रचने का करता था काम**

सूत्रों के अनुसार, नक्सली संजय वारदातों के लिए साजिश रचने का काम करता था। ऐसा बताया जा रहा है कि, बस्तर के ताड़मेटला, रानी बोदली, झीरम में हुई नक्सली वारदातों का वह मास्टरमाइंड भी था। बड़ी नक्सल घटनाओं के लिए सेंट्रल कमेटी के सदस्यों समेत अन्य बड़े लीडर्स जो भी प्लानिंग बनाते थे ये उस टीम में शामिल रहता था।

इधर, बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि, नक्सली को गिरफ्तार लिया गया है। हम यहां से अपनी एक टीम भेजेंगे। इससे पूछताछ की जाएगी। पूछताछ के बाद ही पता चलेगा कि, बस्तर में इसने और कौन-कौन सी घटनाओं के लिए साजिश रची थी।

# बगावती सुर ने रोकी भाजपा की टिकटें: परिवर्तन यात्रा के साथ विरोधियों को शांत करने की कवायद; संगठन महामंत्री पवन साय बोले- समझा लिया जाएगा

बिलासपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव होने में अब बस करीब 2 महीने रह गए हैं। टिकट के लिए बीजेपी में दावेदारों की होड़ लगी हुई है। 14 सितंबर को घोषित होने वाली भाजपा प्रत्याशियों की सूची चेहरे बदलने से उठ रहे कार्यकर्ताओं के बगावती सुर को शांत करने के लिए रोक दी गई। बिलासपुर में भी विरोधियों को मनाने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि बाहर से टिकटों की घोषणा स्थगित करने के पीछे परिवर्तन यात्रा का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन सच्चाई यही है कि घोषित 21 सीटों में से 4 जगह उठे विरोध के स्वर से पार्टी में खलबली मच गई है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि दूसरी किस्त में 4 बार के विधायकों और 60 पार के नेताओं को एडजस्ट किया जा रहा था, उनके बारे में पार्टी की अंदरूनी रिपोर्ट सही नहीं आने पर नए नामों पर रायशुमारी हो गई थी।

नतीजतन एडजस्टमेंट से बाहर किए गए नेताओं को समझा-बुझाकर उनसे इस बात की अपील कराने पर सहमति लेने का प्रयास किया जा रहा है कि वे इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन डॉ रमन सिंह मंत्रिमंडल के सदस्य रहे कुछ वरिष्ठ नेता इससे सहमत नहीं हैं। ऐसी परिस्थिति में 12 सितंबर को दिल्ली



में हुई चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ भाजपा की 19 से अधिक सीटों के लिए रायशुमारी होने के बावजूद सूची को रोकना ठीक समझा गया। भाजपा की घोषित कुछ टिकटों को लेकर चल रहे विरोध के बारे में संगठन महामंत्री पवन साय से बातचीत की। उन्होंने स्वीकार किया कि टिकट घोषित होने के बाद थोड़ा बहुत विरोध रहता है, पर सबसे बातचीत की जा रही है।

भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय के मुताबिक टिकटों की घोषणा सेंट्रल का अधिकार है। दूसरी सूची घोषित होने में अभी समय लगेगा। 28 सितंबर को परिवर्तन यात्रा समाप्त होने के बाद इसे घोषित किया जाएगा। कब, यह आलाकमान से तय होगा। चेहरे बदलने के बारे में उन्होंने कहा कि हर चुनाव में कुछ नए प्रत्याशी लिए जाते हैं। बिलासपुर विधानसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल शनिवार को वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि टिकटों की घोषणा परिवर्तन यात्रा के बाद होगी।

भाजपा द्वारा चुनावी आचार संहिता के पूर्व आधी टिकटें घोषित करने की बात कही गई थी, इसी हिसाब से 21 सीटों के बाद 14 सितंबर को दूसरी सूची जारी करने की बात कही गई थी। इसमें देरी की कई वजहों में हाई प्रोफाइल सीटों की टिकटों को लेकर चल रहा घमासान बड़ा कारण है। भाजपा ने लगातार जीत वाली सीटों को 'ए', दो बार जीतने के बाद एक बार हार को बी और लगातार हारने वाली सीट के लिए सी कैटेगरी निर्धारित की है।

# बीच सड़क धू-धूकर जल गई यात्री बस

## टायर से निकली चिंगारी से गाड़ी में लगी आग बाल-बाल बचे हॉस्टल के 17 बच्चे और शिक्षक

कांकेर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। कांकेर जिले में शुक्रवार देर रात आग लगने से यात्री बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। बस नारायणपुर से बिलासपुर जा रही थी, जिसमें रामकृष्ण मिशन हॉस्टल के 17 बच्चे और 2 शिक्षक समेत 21 लोग सवार थे। मामला ताड़ोकी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर के आश्रम से 17 बच्चों को लेकर 2 शिक्षक बिलासपुर जाने के लिए निकले थे। इन छात्रों को वहां आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेना था। बस कांकेर जिले के धुर नक्सल प्रभावित ताड़ोकी थाने के पास पहुंची ही थी, तभी



गेट पर ड्यूटी पर तैनात जवान ने बस के टायर से चिंगारी उठती हुई देखी। ये देख पुलिस जवान ने तुरंत थाना प्रभारी अमित पद्मशाली को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी ने बिना देरी किए बस का पीछा किया और करीब 1 किलोमीटर बाद उसे रोक लिया। उन्होंने सभी बच्चों, शिक्षकों और ड्राइवर को बस से नीचे उतारा।

**पुलिस जवान की सतर्कता से टला बड़ा हादसा**

थाना प्रभारी अमित पद्मशाली ने बताया कि बस के टायर से चिंगारी उठता हुआ देखकर इसकी जानकारी ड्यूटी पर तैनात जवान ने उन्हें दी थी, जिसके बाद बस को रोका गया।

पुलिस जवान की सतर्कता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। उन्होंने बताया कि बस में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

# टीका लगाने के बाद बिगड़ी नवजात की तबियत

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने से पहले मौत लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा



सरगुजा, 17 सितंबर (एजेंसियां)। सरगुजा जिले के बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका लगाने के बाद नवजात शिशु की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वहां बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने बतौली अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया।

जानकारी के मुताबिक, बतौली ब्लॉक के ग्राम कोडकेल की रहने वाली गर्भवती महिला दशमतिया पैकरा को 14 सितंबर को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। 15 सितंबर को महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। उसका वजन 2 किलो 800 ग्राम था। बच्चा सामान्य तरीके से रो रहा था और मां का दूध भी पी रहा था।

# एनआईए कोर्ट में पेश किया गया राहुल सेन

## आईएसआईएस के झारखंड माड्यूल केस में हुई है गिरफ्तारी, भेजा गया जेल, अब रिमांड की तैयारी

रांची, 17 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रतलाम में गिरफ्तार किए गए राहुल सेन उर्फ उमर को ट्रांजिट रिमांड में लिए जाने के बाद आज रांची के एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। उसे एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट में पेश किए जाने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अब एनआईए पूछताछ के लिए रिमांड की तैयारी कर रही है। जिसके लिए आवेदन भी दे दिया गया है।

**छह राज्यों के नौ ठिकाने पर हुई छापेमारी**

राहुल सेन को आईएसआईएस के झारखंड मॉड्यूल केस में गिरफ्तार किया गया है। एनआईए की टीम ने मध्य प्रदेश के रतलाम से फैजान अंसारी के कनेक्शन को लेकर राहुल सेन की गिरफ्तारी की। इसके लिए एनआईए टीम ने छह राज्यों के नौ ठिकानों पर गुरुवार को छापेमारी की थी। छापेमारी में उसके पास से



इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, लैपटॉप आईएसआईएस से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए। एनआईए सूत्रों की मानें तो झारखंड में आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश हो रही थी।

**19 जुलाई को दर्ज की थी एफआईआर**

19 जुलाई को एनआईए ने लोहरदगा से फैजान अंसारी को गिरफ्तार किया था। उस दिन इसी आईएसआईएस के झारखंड मॉड्यूल का एफआईआर दर्ज किया गया था। एनआईए की जांच में यह बात सामने आयी है कि 19 वर्षीय फैजान अंसारी ने झारखंड मॉडयूल के गठन में अहम भूमिका निभायी थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए वह आईएसआईएस से लोगों को जोड़ रहा था। साथ ही आतंकी संगठन की विचारधारा का प्रचार-प्रसार भी करता था।

**एएमयू में पढ़ाई के दौरा हुआ था संपर्क**

एनआईए की ओर से इस बाबत की गई जांच में पता चला था कि फैजान एएमयू में पढ़ाई के दौरान आईएसआईएस के संपर्क में आया था। वह बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स का छात्र था। इसके बाद उसने आईएसआईएस से दूसरे युवाओं को जोड़ने की मंशा से एक क्लोज ग्रुप भी बनाया था। इस्लाम स्वीकारने वाले नवयुवकों को भी वह आईएसआईएस कैडर बनाने में लगा था। संगठन के विदेशी हैंडलरों के संपर्क में भी फैजान के होने की बात सामने आयी।

# बजरंग दल नेता की मौत के बाद परिजनों को पुलिसकर्मियों ने पीटा था

## हाईकोर्ट का निर्देश- दर्ज हो केस

रांची, 17 सितंबर (एजेंसियां)। झारखंड उच्च न्यायालय ने बजरंग दल के नेता कमलदेव गिरि के रिश्तेदारों पर कथित तौर पर हमला करने के मामले में राज्य पुलिस को उसके कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। एक आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की पीठ ने पश्चिमी सिंहभूम के एसपी को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए, जिन्होंने गिरि के शोक संतप्त रिश्तेदारों को कथित तौर पर पीटा था, जब वे प्रदर्शन कर रहे थे। गिरि की पिछले साल नवंबर में देसी बम फेंके जाने के बाद मौत हो गई थी। तत्काल पुलिस कार्रवाई की मांग करते हुए



उनके समर्थकों और रिश्तेदारों ने प्रदर्शन किया था गिरि के परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रदर्शन को हटाने के लिए कथित तौर पर बल प्रयोग किया और उनके साथ मारपीट की। वे इसमें शामिल पुलिस कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना चाहते थे, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया और पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

# हमारी गारंटी असली, बाकी सब फर्जी

## जगदलपुर की सभा में केजरीवाल ने कहा- आदिवासियों के लिए लागू करेंगे पेसा कानून




जगदलपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बस्तर के जगदलपुर में सभा की। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि हमें देखकर बाकी पार्टी भी गारंटी देने लगी है, लेकिन उनकी गारंटी फर्जी है। सिर्फ आम आदमी पार्टी की गारंटी ही असली है। इसमें सबसे अहम पेसा कानून लागू करने की बात उन्होंने कही।

केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में एनकाउंटर हो रहा था और हमारे जवान हमारे आर्मी अफसर शहीद हुए तब बीजेपी हेडक्वार्टर में जश्न मनाया जा रहा था। अब तक बीजेपी के कोई बड़े नेता ने उस पर कुछ नहीं कहा। छोटी-छोटी बातों पर वे ट्वीट करते हैं लेकिन शहादत के लिए उन्होंने कोई दुख नहीं जताया।

इंडिया गठबंधन पर केजरीवाल ने कहा कि विपक्ष के गठबंधन ने अपना नाम इंडिया रखा तो बीजेपी वालों ने देश का नाम बदलने का सोच लिया। हिम्मत है तो इंडिया का नाम बदल के दिखाओ। ये हिंदुस्तान हमारा है किसी के पिताजी का नहीं है।

**'आपको 10 गारंटी देकर जा रहा हूं'**

दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी हर महीने हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में सभी गांव और शहरों में बिना कट लगे 24 घंटे बिजली दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सारे पुराने बकाया घरेलू बिजली बिल माफ किए जाएंगे।

दिल्ली की तरह हर गांव और वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा। छत्तीसगढ़ के सभी मौजूदा सरकारी अस्पतालों को शानदार बनाया जाएगा और नए सरकारी अस्पताल खोले जाएंगे। दिल्ली की तरह सभी दवाइयां मुफ्त दी जाएंगी। टेस्ट और ऑपरेशन मुफ्त किए जाएंगे। सभी सड़क दुर्घटना प्रभावित लोगों का राज्य में मुफ्त इलाज किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में भी भ्रष्टाचार को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। किसी भी सरकारी दफ्तर में काम कराने के लिए आपको दफ्तर में नहीं जाना पड़ेगा। दिल्ली की तरह एक फोन नंबर जारी करेंगे, आप उस फोन पर कॉल करके अपना काम बताएंगे। सरकारी कर्मचारी घर पहुंचकर आपका काम करके जाएगा।

# बदला लेने के लिए सौतेली दादी ने अपने ही पोते को कुएं में फेंका

## जेल भेजी गई आरोपी महिला

रांची, 17 सितंबर (एजेंसियां)। हजारीबाग जिले में पीड़ित के माता-पिता द्वारा किए गए अपमान का बदला लेने के लिए एक बच्चे को उसकी सौतेली दादी ने ही कथित तौर पर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

कटकमसांडी थाना अंतर्गत उलंग गांव निवासी आरोपी महिला (55 वर्षीय) को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। बच्चे की पहचान फैजल अंसारी (पांच वर्षीय) रोज के रूप में हुई है। उसी की उम्र का एक रिश्तेदार आंगनवाड़ी केंद्र में पढ़ने के बाद एक साथ घर आता था। लेकिन, रिश्तेदार गुरुवार को अकेले घर आया था।

थाना प्रभारी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि उसके परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने फैजल की तलाश शुरू की और उसे एक कुएं के पास उसकी चप्पलें मिलीं। बच्चे के गले में दो ईंटें बंधी हुई थी और उसका शव गुरुवार शाम को



कुएं से बरामद किया गया।

जांच के दौरान पुलिस को परिवार के किसी सदस्य के शामिल होने का संदेह हुआ। मृतक लड़के के पिता को सौतेली मां सरबारी खातून का व्यवहार भी संदिग्ध लगा और उसने पुलिस में दर्ज अपनी शिकायत में उसका नाम शामिल कर लिया।

मिश्रा ने बताया कि थाने में गहन पूछताछ के दौरान खातून रो पड़ी और उसने स्वीकार किया कि उसने लड़के की हत्या की है। महिला ने बताया कि उसने अपराध इसलिए किया क्योंकि पीड़ित के माता-पिता उसे लगातार अपमानित कर रहे थे और वह उन्हें सबक सिखाना चाहती थी।

# दो माह में जारी करें असिस्टेंट टाउन प्लानर का रिजल्ट

## झारखंड हाईकोर्ट का जेपीएससी को आदेश 186 अभ्यर्थियों की जाएगी उम्मीदवारी

रांची, 17 सितंबर (एजेंसियां)। जेपीएससी की ओर से ली जा रही असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने साफ आदेश देते हुए कहा है कि झारखंड लोकसेवा आयोग अगले दो महीने में असिस्टेंट टाउन प्लानर का रिजल्ट जारी करे। यह आदेश हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सुनवाई करते हुए दी है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज उन्होंने फैसला सुनाया।

झारखंड हाईकोर्ट की ओर से सुनाए फैसले के मुताबिक अदालत ने विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य की याचिका को स्वीकार कर लिया।

वहीं जेपीएससी को वैसे सभी 186 अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द करने को कहा है, जिनके पास आवेदन करने की तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट नहीं था, पर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुला लिया गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट था, उनके नियुक्ति के लिए नया पैनल बनाकर दो माह में फ्रेश रिजल्ट जारी करें।

**क्या थी अभ्यर्थियों की याचिका**


असिस्टेंट टाउन प्लानर पद पर नियुक्ति के उम्मीदवार विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल कर कहा था कि परीक्षा में 26 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए है, जिनके पास विज्ञापन में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है।

विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद्द किया जाए।

इस मामले में अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन, शिप्रा शालिनी ने परवी की थी जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

# जी20 के बाद जी-77 देशों के साथ चीन की बैठक

## बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल होने का न्योता दिया; जयशंकर बैठक में शामिल नहीं हो पाए



हवाना, 17 सितंबर (एजेंसियां)। भारत में 9 और 10 सिंतबर को हुए G20 समिट के बाद दुनिया के विकासशील देशों के संगठन G77 ने क्यूबा के हवाना शहर में एक बैठक की। चीन भी इसमें शामिल हुआ। इस दौरान चीन का प्रतिनिधित्व कर रहे ली शी ने कहा- चीन दुनिया का सबसे बड़ा विकासशील देश है। हम कितनी भी तरक्की कर लें हमेशा ग्लोबल साउथ के सदस्य रहेंगे और विकसाशील देशों का साथ देंगे। चीन ने G77 देशों को उसके बेल्ड एंड रोड प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का न्योता भी दिया।

दरअसल, भारत और चीन में ग्लोबल साउथ देशों का लीडर बनने की होड़ है। G20 में भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकन यूनियन संगठन का मेंबर बना था। ऐसे में चीन ने इस मौके को नहीं गंवाया जहां दुनिया के सभी विकासशील देश एक मंच पर जुटे थे। G77 देशों ने हवाना से दुनिया में पश्चिमी देशों के दबदबे के खिलाफ आवाज उठाई। इन देशों की मांगों का संयुक्त राष्ट्र संघ के चीफ एंटोनियो गुटरेस ने भी समर्थन किया। मीटिंग में G20 की अध्यक्षता करने वाले ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा भी शामिल हुए।

### अपने हितों के मुताबिक दुनिया चला रहे पश्चिमी देश

बैठक के दौरान क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनेल ने कहा कि पश्चिमी देश अपने हिसाब और हितों को ध्यान में रख कर दुनिया चला रहे हैं। खेल के नियम बदलना अब हम ग्लोबल साउथ देशों के हाथ में है।

वहीं दुनिया में क्लाइमेट चेंज और कर्ज की समस्या पर बोलते हुए UN चीफ एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि दुनिया ने विकासशील देशों को निराश किया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्तर पर क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समानता लाना जरूरी है।

### कोलंबिया के प्रेसीडेंट ने कहा- हम एक-दूसरे को मार रहे

G77 देशों की बैठक में भी यूक्रेन जंग का मुद्दा उठा। इस दौरान कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तोव पेट्रो ने कहा- हम एक-दूसरे को मार रहे हैं। उन्होनें सभी देशों से जंग का मुद्दा उठाने की मांग की इसलिए नहीं कि जंग की वजह से उन्हें रूस और यूक्रेन में से एक देश को चुनना पड़ा रहा है। बल्कि इसलिए की जंग का जल्द समाधान ढूंढा जा सके। उन्होंने ये भी कहा कि रूस-यूक्रेन और इजराइल-फिलिस्तीन के बीच हो रही जंग में कोई फर्क नहीं है।

### भारत भी G77 संगठन का मेंबर

भारत हर मंच से खुद को विकासशील और ग्लोबल साउथ देशों का लीडर होने का दावा करता है। ऐसे में भारत के लिए ये मंच काफी अहम है। भारत भी G77 संगठन का मेंबर है।

1964 में जब इस संगठन को बनाया गया तो भारत ने ही पहली बार इसकी अध्यक्षता की थी। अब 134 देश इस संगठन के सदस्य हैं। इनमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी शामिल हैं।

हालांकि, क्यूबा में हुई बैठक में भारत से कोई बड़ा लीडर शामिल नहीं हो सका। पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि वो इस बैठक में शामिल होने के लिए क्यूबा जाएंगे। फिर संसद के स्पेशल सेशन की वजह से उन्हें प्रोग्राम कैंसिल करना पड़ा।

# ट्रम्प बोले- बाइडेन राष्ट्रपति बनने के काबिल नहीं कहा- उनकी उम्र अभी इतनी ज्यादा नहीं

## अमेरिकी प्रेसिडेंट को गूंगा-पागल भी कह चुके ट्रम्प



वाशिंगटन, 17 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन को सपोर्ट करने के बहाने फिर एक बार उनका मजाक उड़ाया है। रविवार को नेशनल ब्रॉडकास्टिंग कंपनी को इंटरव्यू देते समय ट्रम्प ने 2024 इलेक्शन के बुजुर्ग पॉलिटिकल लीडर्स पर चल रही बहस पर टिप्पणी की।

ट्रम्प ने कहा- बाइडेन दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के लिए अभी उतने भी बूढ़े नहीं हुए है, लेकिन मुझे लगता है कि वह इस पद के लिए काबिल नहीं है।

ये ज्यादा बड़ी समस्या है। इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा- दुनिया के कुछ ग्रेट लीडर्स 80 साल के हो चुके हैं। हालांकि, मैं अभी इसके आसपास भी नहीं हूं।

अमेरिका के एक पब्लिक पोल के मुताबिक वहां के लोग बाइडेन की उम्र को लेकर परेशान है।

चार में से हर तीसरे इंसान को लगता हैं कि बाइडेन अगले टर्म के अंत तक राष्ट्रपति पद पर नहीं टिक पाएंगे। नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनावों के दौरान बाइडेन 82 साल के हो जाएंगे और ट्रम्प की उम्र 78 साल हो जाएगी।

ट्रम्प 2020 में अपने कार्यकाल के अंत में 74 साल के थे। इसकी साथ वो कार्यकाल पूरा करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बन गए थे। इससे पहले रोनाल्ड रीगन ने 77 साल की उम्र में अपना कार्यकाल खत्म किया था।

कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने बाइडेन पर तीखा हमला करते हुए उन्हें गूंगा, पागल और नाकारा बताया था। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति पागल हो गए हैं और देश को तीसरे विश्व युद्ध की ओर ले जाएंगे।

उन्होंने देश में खतरनाक माहौल बना दिया है। यह एक मानसिक समस्या है जो अमेरिका को नर्क की ओर ले जा रही है। ट्रम्प ने कई बार बाइडेन का सार्वजनिक तौर पर मजाक उड़ाया है। उनके मुताबिक बाइडेन नींद में काम करते है और कोई भी काम करते वक्त वो बहुत स्लो होते है।

एक कार्यक्रम के दौरान बाइडेन स्टेज पर चलते वक्त गिर गए थे। तब ट्रम्प ने पब्लिक स्पीच में मजाक उड़ा थे हुए कहा- मुझे आशा है कि बाइडेन को चोट नहीं लगी होगी, लेकिन बाइडेन को इसके बारे में सावधान रहना होगा, भले ही फिर रैम्प पर दबे पांव ही क्यों ना चलना पड़े।

ट्रंप ने इससे पहले रूस-यूक्रेन जंग पर बयान दिया था, जिसे लेकर वो सुर्खियों में आ गए थे। उन्होंने दावा किया था वो एक दिन में इस जंग को रोक सकते हैं। ट्रंप ने बताया था है कि अगर वो दूसरी बार प्रेसिडेंट बने तो वो रूस और यूक्रेन की जंग को महज एक दिन में कैसे खत्म करेंगे।

# पाक पीएम बोले- बॉर्डर पर तनाव : लेकिन चुनाव पर नहीं पड़ने देंगे असर

## पड़ोसी मुल्क का भारत, अफगानिस्तान, ईरान तीनों के साथ विवाद



इस्लामाबाद, 17 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के केयरटेकर पीएम अनवर-उल-हक काकर ने सीमा पर स्थिति को चिंताजनक बताया है। वॉइस ऑफ अमेरिका के साथ इंटरव्यू में काकर ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्वी और पश्चिमी सीमा पर हालात नाजुक हैं, लेकिन इसका चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बॉर्डर पर खतरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जा रही है। हमें पूरी उम्मीद है कि हालात को सामान्य करके चुनाव प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

वहीं इमरान खान के मुद्दे पर बात करते हुए काकर ने कहा- इमरान को राजनीति से बाहर रखने जैसी कोई कोशिश नहीं हो रही है। उनके खिलाफ गंभीर आरोप हैं। कानून अपना काम कर रहा है और मुझे उम्मीद है कि इमरान पर कार्रवाई के दौरान कानूनी प्रक्रिया पारदर्शी होगी, ताकि उनके फॉलोअर्स ऐसे आरोप न लगा सकें।

एक इंटरव्यू में कहा- हमारी सरकार चुनाव आयोग को इलेक्शन के लिए आर्थिक और सुरक्षा के लिहाज से हरसंभव मदद करने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ECP) ने नई जनगणना के आधार पर नए सिरे से परीसीमन करवाने की घोषणा की थी। इसकी वजह से चुनाव में देरी हो रही थी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने ECP को 6 नवंबर को चुनाव कराने के लिए कहा था।

पाकिस्तान अपने पूर्व में भारत और पश्चिम में अफगानिस्तान-ईरान के साथ बॉर्डर शेयर करता है। अफगानिस्तान में तालिबान के आने के बाद से दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव का माहौल है। शुक्रवार को 9 दिन बाद अफगान-पाक के बीच तोरखम बॉर्डर खुला है। दरअसल, दोनों देशों के सुरक्षाकर्मियों के बीच छह सितंबर को गोलीबारी हुई थी। बढ़ते तनाव को देखते हुए सीमा को बंद कर दिया गया था।

पाकिस्तान ने दावा किया था कि बॉर्डर के पास अफगान तालिबान कुछ गैरकानूनी चीजों का निर्माण करा रहे हैं। पाकिस्तान ने इसे क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। वहीं अफगान तालिबान ने इस तरह के किसी निर्माण से इनकार किया था। उसने कहा था कि वह तोरखम क्रॉसिंग पर पहले से मौजूद पोस्ट की मरम्मत करवा रहा है।

पाकिस्तान-ईरान के रिश्तों की बात करें तो बलूचिस्तान के सीमा इलाके में व्यापार गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। दरअसल, दोनों देशों के रिश्तों में लगातार उतार-चढ़ाव आता रहा है। पाकिस्तान में शिया-सुन्नी तनाव का असर ईरान के साथ उसके रिश्ते पर पड़ता आया है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान ने पाकिस्तान को लेकर आक्रामक रुख अपनाना शुरू कर दिया था।

अमरीका में 9/11 के हमले के बाद पाकिस्तान की नीति ईरान को नहीं भाई थी। साथ ही पाकिस्तान की सऊदी अरब समर्थक नीति ने भी रिश्तों में खटास पैदा की थी।

### पाक सेना पर कश्मीर में आतंकियों की मदद करने का आरोप

दूसरी तरफ भारत-पाकिस्तान के बीच PoK को लेकर लंबे समय से विवाद जारी है। शनिवार को कश्मीर के अनंतनाग में जारी एनकाउंटर के बीच पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर पीएमएस ढिल्लन ने बताया था कि बारामूला में लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) के पास उरी, हथलंगा इलाके में तीन आतंकियों को मारा गया।

2 आतंकियों के शव मिले। तीसरे की लाश बॉर्डर के पास पड़ी थी, लेकिन पाकिस्तानी पोस्ट से लगातार फायरिंग के कारण हमारे सुरक्षाबलों को बॉडी नहीं मिल सकी। पाकिस्तानी फौज आतंकियों की मदद कर रही थी। फौज इन आतंकियों को कवर दे रही थी।

# भगत सिंह की सजा पर फिर सुनवाई की मांग : लाहौर हाईकोर्ट ने इनकार किया

## पाकिस्तान में याचिकाकर्ता बोले- जिन्ना उनका सम्मान करते थे



लाहौर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की लाहौर हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को 1931 में सजा मिलने के मामले को दोबारा खोलने से इनकार कर दिया। दशकों पहले दायर की याचिका में भगत सिंह को मरणोपरांत राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का अनुरोध भी किया गया था। पाकिस्तान की कोर्ट ने इस पर भी आपत्ति जाहिर की है।

दरअसल, 1931 में भगत सिंह पर ब्रिटिश शासन के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाया गया था। इसके बाद 23 मार्च, 1931 को भगत सिंह को उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दे दी गई थी। इस सजा के खिलाफ 2013 में पाकिस्तान में याचिका दायर की गई थी।

तब जस्टिस शुजात अली खान ने बड़ी बेंच के गठन के लिए मामले को चीफ जस्टिस के पास भेजा था। तभी से ये याचिका लंबित है। 16 सितंबर को अदालत ने कहा कि ये मामला बड़ी बेंच के पास सुनवाई के लायक नहीं है।

याचिकाकर्ताओं के पैनल में शामिल इमतियाज राशिद कुरैशी ने कहा कि अंग्रेज अधिकारी जॉन सॉन्डर्स हत्या की प्राथमिकी में भगत सिंह का नाम नहीं था। भगत सिंह का मामला देख रहे विशेष न्यायाधीशों ने मामले में 450 गवाहों को सुने बिना ही उन्हें मौत की सजा सुना दी थी। ऐसे में उनके मामले पर फिर सुनवाई की जानी चाहिए।

कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि भगत सिंह ने पूरे सब कॉन्टीनेंट यानी उप महाद्वीप की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। सिर्फ सिख ही नहीं बल्कि हिंदू और मुस्लिम भी उनका सम्मान करते हैं। पाकिस्तान के कायद ए आजम मुहम्मद अली जिन्ना ने सेंट्रल असैंबली में स्पीच के दौरान उन्हें 2 बार श्रद्धांजलि दी थी। वो भी भगत सिंह का सम्मान करते थे।

24 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को लाहौर सेंट्रल जेल में फांसी दी जानी थी। भगत इस फैसले से खुश नहीं थे। उन्होंने 20 मार्च 1931 को पंजाब के गवर्नर को एक खत लिखा कि उनके साथ युद्धबंदी जैसा सलूक किया जाए और फांसी की जगह उन्हें गोली से उड़ा दिया जाए।

22 मार्च 1931 को अपने क्रांतिकारी साथियों को लिखे आखिरी खत में भगत ने कहा- ''जीने की इच्छा मुझमें भी है, ये मैं छिपाना नहीं चाहता। मेरे दिल में फांसी से बचने का लालच कभी नहीं आया। मुझे बेताबी से अंतिम परीक्षा का इंतजार है। फांसी के लिए तय वक्त से 12 घंटे पहले ही 23 मार्च 1931 को शाम 7 बजकर 33 मिनट पर भगत, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दे दी गई। अंग्रेज पुलिस ऑफिसर सान्डर्स को गोली से उड़ाते भगत और राजगुरु। हालांकि दोनों को सान्डर्स की जगह पुलिस सुपरिन्टेंडेंट जेम्स ए स्कॉट को निशाना बनाना था। (इलस्ट्रेशन : गौतम चक्रबर्ती)


अंग्रेज पुलिस ऑफिसर सान्डर्स को गोली से उड़ाते भगत और राजगुरु। हालांकि दोनों को सान्डर्स की जगह पुलिस सुपरिन्टेंडेंट जेम्स ए स्कॉट को निशाना बनाना था। (इलस्ट्रेशन : गौतम चक्रबर्ती)

12 जून 1929 को ही भगत को असेंबली ब्लास्ट के लिए आजीवन कारावास की सजा सुना दी गई थी। हालांकि जो बंदूक असेंबली में भगत ने सरेंडर की थी, वो वही थी जिससे सांडर्स की भी हत्या की गई थी। इसकी भनक पुलिस को लग चुकी थी। इस केस के लिए भगत को लाहौर की मियांवाली जेल में शिफ्ट किया गया था।

लाहौर जेल पहुंचते ही भगत ने खुद को राजनीतिक बंदियों की तरह मानने और अखबार-किताबें देने की मांग शुरू कर दी। मांग ठुकरा दिए जाने के बाद 15 जून से 5 अक्टूबर 1929 तक भगत और उनके साथियों ने जेल में 112 दिन लंबी भूख हड़ताल की। 10 जुलाई को सांडर्स हत्या केस की सुनवाई शुरू हुई और भगत, राजगुरु और सुखदेव समेत 14 लोगों को मुख्य अभियुक्त बनाया गया। 7 अक्टूबर 1929 को इस केस में भगत, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा सुनाई गई।

# नोबेल फाउंडेशन ने की पुरस्कार राशि बढ़ाने की घोषणा

## अब विजेताओं को कितने लाख डॉलर मिलेंगे



स्टॉकहोम, 17 सितंबर (एजेंसियां)। नोबेल फाउंडेशन ने श कहा कि वर्ष 2023 के नोबेल विजेताओं को अतिरिक्त 10 लाख क्रोनर मिलेंगे। इससे कुल वित्तीय राशि 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (9.86 लाख डॉलर) हो जाएगी। पुरस्कार देने वालों ने कहा कि वह फाउंडेशन की मजबूत वित्तीय स्थिति को प्रतिबिंबित करने के लिए इस वर्ष राशि बढ़ा रहे हैं। 2012 में पुरस्कार राशि एक करोड़ क्रोनर से घटाकर 80 लाख कर दी गई थी। 2017 में यह 90 लाख व 2020 में एक करोड़ कर दी गई।

फाउंडेशन ने बयान में कहा कि जब 1901 में पहला नोबेल पुरस्कार दिया गया था, तब प्रति श्रेणी पुरस्कार राशि 150,782 क्रोनर थी। स्वीडिश मुद्रा तेजी से गिरकर यूरो और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। स्वीडन यूरोजोन का हिस्सा नहीं है। स्वीडन उच्च महंगाई से जूझ रहा है। देश में अगस्त में महंगाई दर 7.5 प्रतिशत थी।

इस साल के नोबेल पुरस्कार विजेताओं की घोषणा अक्तूबर महीने की शुरुआत में की जाएगी। फिर विजेताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि यानी 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा। प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार ओस्लो में दिया जाता है, जबकि स्टॉकहोम में आयोजित होने वाले समारोह में अन्य नोबेल विजेताओं को सम्मानित किया जाता है।

# भारतीय छात्रा की मौत का मजाक उड़ाया

## अब कार्रवाई होगी :सिएटल पुलिस चीफ बोले- हर जिंदगी जरूरी, सख्त एक्शन लेंगे; मेयर ने माफी मांगी



सिएटल, 17 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की पुलिस पैट्रोल कार से टक्कर के बाद मौत के मामले में सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने भारतीय समुदाय माफी मांगी है। साथ ही उन्होंने छात्रा की मौत पर दुख जताया है। वहीं शहर के पुलिस चीफ एड्रियन डीएज ने भी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। एड्रियन ने कहा- हमें हमारे पुलिस अधिकारी की तरफ से की गई टिप्पणी के बारे में पता चला। हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा कभी न हो। हम हर जिंदगी की इज्जत करते हैं और हमारे लिए सब बराबर हैं। दरअसल, क्षेत्र में रह रहे भारतीय समुदाय के करीब 20 लोगों ने साथ मिलकर पूरे मामले में शनिवार को सिएटल के मेयर से मुलाकात की थी। अमेरिकी प्रशासन ने मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

दरअसल, आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कंडुला की जनवरी में सिएटल शहर में मौत हो गई थी। इसके बाद एक्सीडेंट की जांच के लिए आए पुलिस ऑफिसर ने उसकी मौत का मजाक उड़ाया। पुलिस ऑफिसर की कार का एक वीडियो और ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें वो कह रहा था कि भारतीय छात्रा की जिंदगी की लिमिटेड वैल्यू थी। एक चेक लिखने से काम बन जाएगा।

पुलिस ऑफिसर जब छात्रा की मौत का मजाक उड़ा रहा था तो उसका बॉडीकैम यानी उसके शरीर पर लगा कैमरा ऑन था। इससे सारी बातें रिकॉर्ड हो गई थीं। वो अपनी कार में बैठकर ये कहता सुनाई देता है कि लड़की एक्सीडेंट के बाद 40 फीट तक नहीं उछली थी। पर वो मर चुकी है। इसके बाद पुलिस वाला ठहाके लगाकर हंसता है। फिर कहता है कि वो एक रेगुलर इंसान थी। 11 हजार डॉलर का चेक लिखने से काम बन जाएगा। पुलिस ऑफिसर फिर हंसते हुए कहता है कि वो सिर्फ 26 साल की थी। उसकी लिमिटेड वैल्यू थी। सैन फ्रैंसिस्को में भारतीय कॉन्सुलेट ने इस घटना की निंदा करते हुए तुरंत जांच और कार्रवाई की मांग की थी।

सिएटल पुलिस ने बताया कि उसकी मौत का मजाक उड़ाए जाने का खुलासा इस महीने हुआ। जब उनके किसी कर्मचारी ने रूटीन चेक के लिए बॉडीकैम से रिकॉर्ड किए गए ऑडियो सुने। जाह्नवी पर किए कमेंट्स कर्मचारी को आपत्तिजनक लगे और उसने अपने सीनियर्स से इसकी शिकायत की। इसके बाद से मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने छात्रा को CPR भी दिया था। तस्वीर जाह्नवी की मौत का मजाक उड़ाने वाले पुलिस ऑफिसर की गाड़ी से ली गई।

जाह्नवी की मौत का मजाक उड़ाने वाले पुलिस ऑफिसर का नाम डेनियल ऑडेरेर है। बीसीसी के मुताबिक उसने खुद पर लगे आरोपों पूरी तरह से गलत बताया है। उसके कहा कि वो सिर्फ शहर के अटॉर्नी की नकल कर रहा था। जो ऐसे मामलों में सजा सुनाने के दौरान ढिलाई बरतते हैं। वहीं, कम्युनिटी पुलिस कमिशन ने इस मामले की आलोचना की थी। इसे दिल तोड़ने वाली घटना बताया।

# नेपाल ने भारत को बिजली बेची, चीन नाराज

## ड्रैगन के राजदूत ने कहा- अपने लिए बिजली कम है, भारत को निर्यात करने का मतलब नहीं

काठमांडू/ नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। पिछले दिनों भारत सरकार ने फैसला किया है कि वह अगले एक दशक में नेपाल से 10 हजार मेगावॉट बिजली खरीदेगा। इसके अलावा, भारत का सतलुज जल विद्युत निगम 900 मेगावॉट का अरुण-3 और 490 मेगावॉट का अरुण-4 हाइड्रो प्रोजेक्ट विकसित करेगा।

भारत और नेपाल के बीच इलेक्ट्रिसिटी की बड़ी परियोजनाओं से चीन आगबबूला हो गया है। नेपाल में चीन के राजदूत चेंग सोंग ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि नेपाल के पास अपने लिए बिजली कम है तो भारत को निर्यात करने का मतलब नहीं है। भारत की नीतियां न तो नेपाल के लिए सही है और न ही फायदेमंद।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प दहल कमल प्रचंड अभी न्यूयॉर्क में हैं। जहां वे यूएन जनरल असेंबली के 78वें सत्र को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमेरिका से 22 सितंबर को चीन जाएंगे। सूत्रों के अनुसार इस यात्रा में चीन का सबसे बड़ा एजेंडा नेपाल को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) एग्रीमेंट का साइन कराना है।

2017 से आपसी सहमति नहीं बनने के कारण इसका काम अटका हुआ है। बीआरआई नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने 2017 में बीआरआई प्रोजेक्ट पर साइन किया था, लेकिन तब से कोई खास तरक्की नहीं हो पाई।

2019 में नेपाल ने बीआरआई में 35 प्रोजेक्ट शामिल किए, जिसमें से चीन से सिर्फ 9 प्रोजेक्ट पर ही सहमति बनी। नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने का हवाला देते हुए कहा है कि प्रचंड की चीन यात्रा के दौरान बिजली व्यापार और चीनी राष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान दिए गए वित्तीय पैकेज के उपयोग पर समझौता हो सकता है।

2019 में अपनी नेपाल यात्रा के दौरान चीन की राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2020 से 2022 तक 4 हजार करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने का वादा किया था। लेकिन इस दोनों देशों में प्रोजेक्ट को लेकर सहमति नहीं बनने से फंड का आवंटन नहीं किया जा चुका है। विदेश मंत्री एनपी साउद का कहना है कि द्विपक्षीय वार्ता में कृषि, स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी, बॉर्डर पाइंट और एनर्जी को-ओपरेशन पर चर्चा हो सकती है। नेपाल के आम लोगों की राय- चीन का महंगा लोन हमें नहीं चाहिए नेपाल में प्रचंड की पार्टी सीपीएम (माओइस्ट सेंटर) के सूत्रों का कहना है कि सरकार पर दबाव है कि वे चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ें।

श्रीलंका और अफ्रीकी देशों के हाल देखते हुए नेपाल में चीन के लोन को लेकर अविश्वास काफी लंबे समय से है। नेपाल के सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों का कहना है कि जब वर्ल्ड बैंक और एडीबी लोन मिल रहा है तो चीन से ज्यादा ब्याज वाला लोन क्यों लेना चाहिए?

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड 31 मई से 3 जून तक भारत की यात्रा पर थे। इस दौरान भारत के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। जिसमें 10 हजार मेगावॉट इलेक्ट्रिसिटी निर्यात का समझौता भी हुआ था। साथ ही कई अन्य पावर प्रोजेक्ट पर पहले से काम चल रहा है। नेपाल के पास हाइड्रो पावर की अपार संभावनाएं हैं, जिससे 86 हजार मेगावॉट इलेक्ट्रिसिटी की क्षमता है लेकिन सर्दियों में भारत से बिजली आयात करता है।

# ब्राजील में प्लेन क्रैश, 14 लोगों की मौत : सभी फिशिंग के लिए जा रहे थे

ब्राजीलिया, 17 सितंबर (एजेंसियां)। ब्राजील में शनिवार को एक प्लेन क्रैश में पायलट और को-पायलट समेत 14 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ब्राजील और अमेरिका के पैसेंजर्स शामिल थे। सभी पैसेंजर्स बार्सिलोस में फिशिंग के लिए जा रहे थे।

यह हादसा देश की अमेजोनास की राजधानी मनॉस से करीब 400 किमी दूर बार्सिलोस प्रांत में भारतीय समय के मुताबिक रात 11:30 बजे हुआ। ब्राजील के सिविल डिफेंस ने सभी की मौत की पुष्टि की है।

ब्राजीलियन मीडिया के मुताबिक, हादसे के वक्त तेज बारिश हो रही थी। माना जा रहा है कि खराब मौसम के चलते पायलट प्लेन को लैंड कराने के लिए लैंडिंग स्ट्रिप का अनुमान नहीं लगा पाया।

### प्लेन की कैपेसिटी 18 पैसेंजर्स की थी

नेशनल सिविल एविएशन एजेंसी के मुताबिक, EMB-110 नाम का यह 18 पैसेंजर्स की क्षमता वाला एयरक्राफ्ट मनॉस टैक्सी ऐरियो नाम की कंपनी का था। ये प्लेन मनॉस से बार्सिलोस की तरफ जा रहा था। ये 90 मिनट की फ्लाइट थी। कंपनी ने भी इस हादसे की पुष्टि कर दी है।

कंपनी ने एक स्टेटमेंट जारी करके कहा कि पैसेंजर्स और क्रू की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, इसलिए हमें यकीन है कि दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान सिविल एविएशन अथॉरिटी के सभी मानकों को पूरा करता था। इस हादसे से संबंधित किसी भी तरीके की डिटेल साझा करने में हम सहयोग देंगे।

### रविवार को शव को लेकर रवाना होगा प्लेन

घटनास्थल से सभी शवों को निकाल लिया गया है। शहर में कोई कोल्ड स्टोरेज फैसिलिटी ने होने के चलते सभी शवों को पास के एक लोकल स्कूल ले जाया जा रहा है। भारतीय समय के मुताबिक, रविवार शाम को ब्राजीलियन एयरफोर्स का एयरक्राफ्ट बार्सिलोस पहुंचेगा और सभी शवों को उनके परिवार के पास ले जाएगा।

अमेरिका के कैलिफोर्नियो में 8 जुलाई को प्लेन क्रैश हुआ था। इसमें सवार सभी 6 लोगों की मौत हो गई थी। ये इलाके में पिछले एक हफ्ते में हुआ दूसरा बड़ा विमान हादसा है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक हादसा अमेरिकी समय के मुताबिक सुबह 4:15 बजे फ्रेंच वैली एयरपोर्ट के पास मुरिएटा कस्बे में हुआ।



# राठौड़ की जुबान फिसली कहा-चुनाव में जनता वर्सेज भाजपा रहेगा

## डोटासरा का पलटवार, बोले- आखिरकार सच जुबां पर आया, जीत जनता की होगी

जयपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की जुबान फिसलने पर एक बार फिर सियासी वार पलटवार शुरू हो गया है। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से मुकाबले का सवाल पूछा गया तो उनकी जुबान फिसल गई और कह दिया कि चुनाव में जनता वर्सेज भारतीय जनता पार्टी रहने वाली है, जनता हमारे साथ रहेगी। राठौड़ के इस वीडियो को कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया पर शेयर करके उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राठौड़ का वीडियो शेयर करते हुए पलटवार किया है। डोटासरा ने लिखा- आखिरकार सच जुबां पर आ ही गया। राजस्थान का चुनाव जनता वर्सेज भाजपा के बीच होगा और जीत जनता की होगी।

सीकर में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राजेंद्र राठौड़ से सवाल पूछा गया था कि क्या चुनाव में डोटासरा वर्सेज राठौड़ रहने वाला है। इस पर राठौड़ ने कहा- चुनाव में जनता वर्सेज भारतीय जनता पार्टी रहने वाली है। डोटासरा जी मेरे मित्र हैं। कई बार चुनौती देते हैं। वो बड़े नेता हैं, मैं छोटा नेता हूं। मैं सात बार जीता हूं, वो तीन बार जीतकर तुर्रम खां बने हुए हैं। उनको अगर घमंड है तो आकर मुकाबला कर लेंगे।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बीच लंबे समय से जुबानी जंग चल रही है। डोटासरा के विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा की सभा में राठौड़ ने डोटासरा को अहंकारी रावण और लक्ष्मणगढ़ को पेपर चोरों की राजधानी बताया था। अब राठौड़ की जुबान फिसलने वाला वीडियो सामने आने के बाद डोटासरा ने राठौड़ पर पलटवार किया है।

राठौड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर कांग्रेस समर्थक खूब शेयर कर रहे हैं। कई यूजर्स ने तीखे कमेंट किए हैं। बीजेपी समर्थकों ने भी पलटवार किया है। राठौड़ के वीडियो पर राहुल गांधी फैन नाम के यूजर ने लिखा- हार को देखकर राठौड़ साहब के दिमाग ने काम करना बंद कर दिया है। डर बहुत कुछ सामने ले आता है और राजेंद्र राठौड़ को हार का डर सता रहा है, लेकिन डरो मत राठौड़ साहब। राजस्थान में बीजेपी की हार का ठीकरा गजेंद्र शेखावत पर डाल देना। जय चोरड़िया ने लिखा- चुनाव जनता और भाजपा के बीच होगा तो जीतेगी तो जनता ही।

राजेंद्र सिंह भाटी ने लिखा- इसका मतलब यह हुआ कि कांग्रेस कहीं फाइट में नहीं है। यह आपके कथन से स्पष्ट हो रहा है। आज आपने ही मान लिया कि जनता बीजेपी की सरकार बना रही है। राजेंद्र राठौड़ की सीकर में कुछ दिन पहले भी एक सभा में जुबान फिसल गई थी। उन्होंने चंद्रयान की सफलता पर इसरो की जगह अमेरिकन स्पेस एजेंसी नासा का नाम बोल दिया था। इस पर भी राठौड़ को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया गया था।

# खाचरियावास बोले- बीजेपी वाले दंगे करवाकर चुनाव जीतना चाहते हैं

## कहा- बीजेपी सांसदों की लोग शक्ल नहीं जानते; हम तो रोड-मास्टर, रिक्शेवाला भी जानता है

जयपुर, जयपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी पर चुनाव से पहले दंगे करवाने की साजिश करने का आरोप लगाया है। खाचरियावास ने कहा- बीजेपी वाले दंगा और हंगामा करके चुनाव जीतना चाहते हैं। बीजेपी वालों ने हनुमान जयंती पर दंगा करवाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। बीजेपी लोगों को भड़काने का काम करती है। रामनवमी के जुलूस सब जगह निकल रहे थे,कांग्रेस नेता भी जुलूस निकाल रहे थे। इन्होंने ऐसा माहौल खराब करने का प्रयास किया। प्रताप सिंह खाचरियावास जयपुर में मीडिया से बात कर रहे थे।



खाचरियावास ने कहा- बीजेपी को अपने 25 सांसदों को सामने लाना चाहिए। बीजेपी के सांसदों की लोग शक्ल नहीं जानते हैं। हमारी तो रिक्शा वाला भी शक्ल जानता है।

हम तो राजस्थान में जहां भी निकलते हैं सब जानते हैं। हम तो रोड मास्टर हैं। आपके एमपी कहां है? बीजेपी नेता झूठे आंकड़े पेश करते हैं। रेप के मामलों में यूपी और मध्य प्रदेश राजस्थान से आगे है। कानून व्यवस्था के मामले में बीजेपी शासित राज्यों के हालत खराब है। वहीं, बीजेपी वाले राजस्थान पर आरोप लगाते हैं। बीजेपी के लोगों को तथ्य बताने चाहिए। चुनाव में बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हो, पूरे देश का राज दे दिया लेकिन जनता के लिए कुछ नहीं किया।

### विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव करवा दीजिए, हम तैयार हैं

खाचरियावास ने कहा- केंद्र सरकार देश में दहशत का माहौल बनाकर राज करना चाहती है। वन नेशन वन इलेक्शन चाहते हैं। इस पर माहौल बना रहे हैं। अरे भाई, तो कौन मना कौन कर रहा है? हम तो तैयार हैं। राजस्थान के विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव करवा दीजिए, हम तो तैयार बैठे हैं।

खाचरियावास ने कहा- बीजेपी वालों,आप हनुमान जी के भक्त बनने का दावा करते हो। कर्नाटक में क्या हुआ? कर्नाटक में बीजेपी ने बजरंग बली कहकर कमल का बटन दबाने का नारा दिया था, लेकिन बजरंग बली ने राहुल गांधी को आशीर्वाद दे दिया। कर्नाटक में हम जीत गए तो बीजेपी वालों ने बजरंग बली का नाम लेना छोड़ दिया। आजकल एक भी बीजेपी का नेता बजरंग बली का नाम नहीं लेता। बीजेपी वाले हनुमान चालीसा पढ़कर सियासी लाभ लेना चाहते हैं। देश के अधिकांश लोग हनुमान चालीसा पढ़ते हैं, लेकिन नाटक नहीं करते। हनुमानजी सबका भला करते हैं। सबकी सुरक्षा करते हैं।

### खुद ने कोई काम नहीं किया अब चंबल रिवर फ्रंट पर आरोप लगा रहे

खाचरियावास ने कहा- चंबल रिवर फ्रंट पर जो काम हुआ है, वह शानदार है। एनजीटी का ऑर्डर कहां है। बीजेपी वाले बेवजह आरोप लगा रहे हैं। बीजेपी ने कोटा में खुद कुछ किया नहीं। खुद विकास किया नहीं और चंबल रिवर फ्रंट के नाम पर आरोप लगा रहे हैं।

जयपुर से लेकर कोटा हो या कोई और शहर जितने विकास के बड़े काम हुए हैं। वे सब कांग्रेस की सरकारों ने करवाए हैं। बीजेपी ने कुछ नहीं किया वे केवल आरोप लगाना जानते हैं।

# उम्मीदवारों की घोषणा से पहले कमजोर सीटों पर फोकस

## भाजपा ने 75 से ज्यादा नेता-ब्यूरोक्रेट्स को जोड़ा, अभी 40 से ज्यादा कतार में

जयपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। टिकट घोषणा से पहले भाजपा उन कमजोर सीटों की रिपेयरिंग करने में जुटी है, जहां पिछले चुनाव में वोट शेयरिंग के लिहाज से कांग्रेस के मुकाबले उसकी हालत कमजोर थी। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश इकाई को जाति-समुदायों को साधने पर पूरा जोर लगाने के लिए कहा है ताकि 'डी' और 'सी' कैटेगरी की सीटों पर चुनाव का परिणाम पार्टी के पक्ष में किया जा सके।




डी कैटेगरी में 19 सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है जबकि सी कैटेगरी में दो बार हारी हुईं 76 सीटें शामिल हैं। इनमें पूर्वी राजस्थान, शेखावाटी और मारवाड़ क्षेत्र की सीटें ज्यादा हैं।

यही कारण है कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, पार्टी का पूरा जोर विरोधी दलों में सेंध लगाकर उनके नेताओं को तोड़ने और सामाजिक हैसियत रखने वाले रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स व सामाजिक नेताओं को खुद के पक्ष में करने पर हो गया है। खासकर एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। बीते तीन माह में अलग-अलग वर्ग के प्रभावशाली नेताओं, ब्यूरोक्रेट्स और सामाजिक संगठनों के करीब 75 प्रमुख लोगों को भाजपा ने पार्टी में शामिल किया है। वहीं आने वाले दिनों में 40 से ज्यादा प्रमुख नेताओं और रिटायर्ड अफसरों को पार्टी से जोड़ने पर अंदरखाने काम चल रहा है। भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पिछले छह माह में सत्ताधारी कांग्रेस ने जिस गति से वोटर कनेक्ट पॉलिसी पर काम करते हुए सरकारी योजनाएं जनता के बीच पहुंचाने पर फोकस किया है, उसको देखते हुए पार्टी को अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ रहा है।

राजस्थान में इस बार के चुनाव में पार्टी जीत को आसान मानकर नहीं चल रही। यही वजह है कि सिर्फ कांग्रेस की एंटीइंकबेंसी के भरोसे न रहकर पार्टी को राजस्थान जीतने के लिए वोट स्विंग कराने की रणनीति पर पूरी ताकत लगानी पड़ रही है। बदली हुई रणनीति के तहत कांग्रेस से तोड़कर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया से लेकर पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा और पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र ओम प्रकाश पहाड़िया को भाजपा जॉइन कराना इसी रणनीति का हिस्सा है। हाईकमान के निर्देश पर भाजपा ने पिछले दिनों प्रदेश की हर सीट पर प्रभावशाली जातियों और इंफ्लुएंसर्स की रिपोर्ट तैयार की थी। वोट स्विंग कराने के लिए करवाए गए इस सर्वे के आधार पर अब भाजपा ग्राउंड पर काम कर रही है। सर्वे में पता लगाया गया था कि किस सीट पर चुनावी समीकरण पलटने के लिहाज से किस जाति और किस प्रमुख व्यक्ति का असर है? साथ ही यह भी खोजबीन हुई थी कि किस सीट पर दूसरी पार्टियों में कौन-कौन स्थानीय नेता असंतुष्ट है? अब इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा प्रमुख जातिगत नेताओं को पार्टी से जोड़कर खुद को मजबूत और विरोधियों को कमजोर करने में जुटी हुई है।

भाजपा का दावा है कि अब तक 30 रिटायर्ड अफसरों और 45 सामाजिक प्रभाव वाले नेताओं को पार्टी ने जोड़कर करीब 50 सीटों पर अपने समीकरण सुधारने की कोशिश की है। इनमें जमवारामगढ़, वैर, लक्ष्मणगढ़, विराटनगर, कोटपूतली, उदयपुरवाटी, बस्सी, थानागाजी, सपोटरा, कठूमर, बानसूर, अलवर ग्रामीण, खंडेला, डूंगरगढ़, सिरोही, आदर्शनगर, जोधपुर, भोपालगढ़, गंगापुरसिटी, निवाई, भादरा, बगरू, राजाखेड़ा, डेगाना, सुजानगढ़, खींवसर जैसी कमजोर सीटें शामिल हैं।

रिटायर्ड अफसरों में आईपीएस, आईएएस, आयकर, ज्यूडिशियरी समेत अलग-अलग सेवाओं के अफसर शामिल हैं। नेताओं में कांग्रेस, बसपा, आरएलएपी से चुनाव लड़ चुके लीडर सहित कुछ ऐसे भी हैं जो पिछली बार भाजपा छोड़कर चले गए थे। इसके साथ ही ज्यादातर स्थानीय स्तर पर प्रभाव रखने वाले पंचायत समिति और पंचायत स्तर के सामाजिक नेता भी शामिल हैं।

देवनानी कहते हैं- अपने क्षेत्र और समाज में प्रभाव रखने वाले विभिन्न समाजों खासकर एससी-एसटी और ओबीसी के प्रभावशाली लोग और रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स पार्टी से जुड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में 40 से 50 प्रमुख लोगों को पार्टी में शामिल किया जाएगा।

# अतिभारी बारिश की चेतावनी

## 3 जिलों में रेड अलर्ट; 5 बांधों के गेट खोले

जयपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर मानसून एक्टिव हो गया है। बीते तीन दिन से राजस्थान के अलग-अलग जिलों में हो रही तेज बारिश से प्रदेश के 5 बड़े बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। वहीं, 10 से ज्यादा जिलों में फसलें चौपट हो गई हैं। इधर, मौसम विभाग ने आज 6 जिलों में भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए रेड और ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

बंगााल की खाड़ी से आए वेदर सिस्टम के कारण बीते 24 घंटे में 29 जिलों में बारिश हुई। इनमें से 8 ऐसे जिले है, जहां 2 से 4 इंच या उससे ज्यादा पानी बरसा। तेज बारिश के कारण नदियों और बांधों में जलस्तर बढ़ने से माही बजाज, जवाई, कालीसिंध, सोमकमला और कोटा बैराज के गेट खोलकर पानी की निकासी की गई है।

पिछले 24 घंटे में अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर और बीकानेर में बारिश हुई।

उदयपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, नागौर, झालावाड़, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा में 50 से लेकर 95 मिमी तक बरसात हुई। बांसवाड़ा-डूंगरपुर जिले में पिछले दो दिन से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण माही और सोमकमला नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे इन पर बने बांधों में पानी की आवक बढ़ गई। इसे देखते हुए प्रशासन ने शनिवार को माही बजाज के 16 गेट और सोमकमला आंबा बांध के 2 गेट खोलकर पानी की निकासी की।

इधर, झालावाड़ और मध्य प्रदेश में हो रही भारी बारिश के कारण कालीसिंध नदी में भी पानी तेज आना शुरू हो गया, जिसके बाद कालीसिंध बांध के 4 गेट खोलकर पानी छोड़ा गया। इसके अलावा जवाई बांध के 2 गेट और कोटा बैराज का एक गेट खोलकर पानी छोड़ा गया।

दक्षिणी राजस्थान के जिलों में हो रही भारी बारिश के कारण यहां दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने लगा है। शनिवार को उदयपुर, डूंगरपुर, भीलवाड़ा में दिन का अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इधर, जोधपुर, चूरू, जैसलमेर, बाड़मेर, फलोदी में भी दिन का तापमान 2 से लेकर 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक लो-प्रेशर सिस्टम आगे बढ़कर वेलमार्क लो-प्रेशर सिस्टम में तब्दील हो गया। ये सिस्टम वर्तमान में मध्य प्रदेश की सीमा पर एक्टिव है। वहीं वेस्टर्न विंड भी अभी कमजोर हो गई है, जिसके कारण ये सिस्टम लगातार बंगाल की खाड़ी से आगे निकलकर उड़ीसा, छत्तीसगढ़ होते हुए मध्य प्रदेश तक आ गया है और आगे बढ़कर गुजरात सीमा तक आने की संभावना है। ये सिस्टम इतना प्रभावशाली है कि इसके असर से मध्य प्रदेश, राजस्थान के दक्षिणी हिस्से, महाराष्ट्र के कुछ हिस्से और गुजरात के जिलों में भारी बारिश हो रही है।

इसी सिस्टम के कारण आज बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ में भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। इसके चलते इन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है।

# 4 मंत्रियों और 22 विधायकों के टिकट काटेगी कांग्रेस! नए चेहरों पर दांव लगाएगी पार्टी

जयपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। प्रदेश में 'मिशन रिपीट' का लक्ष्य लेकर चल रही कांग्रेस पार्टी इस बार टिकट वितरण में किसी भी तरह की रियायत बरतने के मूड में नहीं दिख रही। हालांकि, गहलोत सरकार की योजनाओं के दम पर कांग्रेस नेताओं का मानना है कि एंटीइंकम्बेंसी इस बार नहीं है।

लेकिन विधानसभा सीट वार अब तक कराए गए 5 सर्वे में 80 सीटों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। ऐसे में संबंधित मंत्रियों-विधायकों के क्षेत्रों में एंटीइंकम्बेंसी कम करने के लिए पार्टी चेहरे बदलना चाहती है।सूत्रों का कहना है कि आलाकमान ने फिलहाल उन 33 सीटों पर चेहरे बदलने की मंजूरी दी है, जहां सर्वे में पार्टी की सीधे-सीधे हारने की रिपोर्ट आई है। इनमें 2 कैबिनेट मंत्री, 2 राज्यमंत्री, 22 विधायक और 7 पूर्व प्रत्याशी शामिल हैं।

इन सभी के टिकट काटकर नए चेहरे मैदान में उतारने की शीर्ष नेतृत्व ने मंजूरी दे दी है। हालांकि कुछ मामलों में टिकट संबंधित उम्मीदवार के परिवार में से ही किसी को दिए जा सकते हैं।

कांग्रेस इस साल की शुरुआत से ही विधानसभा सीट वार सर्वे करा रही है। एआईसीसी सहित माइंड शेयर (सुनील कोणुगुलू) और डिजाइन बॉक्स्ड (नरेश अरोड़ा) के जरिए अब तक कुल 5 सर्वे हो चुके हैं। इनमें मौजूदा विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों की मौजूदा स्थिति के अलावा 5-5 नए नामों पर भी राय ली गई।

वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली थी। ऐसे में 2018 यानी पिछले चुनाव में पार्टी ने लगभग 100 टिकट काटे थे। इनमें से 10 टिकट संबंधित परिवार में से ही किसी को दिए थे। इस बार कांग्रेस सत्ता में है लेकिन विधायकों और मंत्रियों को लेकर एंटीइंकम्बेंसी के कारण पार्टी टिकट बदलना चाहती है।

# कुआं ढहने से मजदूर नीचे दबा, मौत

## बीते 7 दिनों से कर रहे थे कुएं की खुदाई

बाड़मेर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। कुआं खुदाई का काम रहा एक मजदूर फर्मा टूटने व रेत ढहने से नीचे दब गया। कुआं खुदाई का काम बीते 7 दिनों से तीन मजदूर कर रहे थे। जानकारी मिलने पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे। सिविल डिफेंस, प्रशासन और बीएसएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरु किया। 3 जेसीबी, दो ट्रैक्टर की मदद से मजदूर को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। मामला बाड़मेर जिले के जाखड़ों की ढाणी गांव का है। टीमें बीते चार घंटे से रेस्क्यू कर रही है। पुलिस के अनुसार सदर थाना इलाके जाखड़ों की ढाणी गांव में शनिवार को तीन मजदूर कुआं खुदाई का काम कर रहे थे। शाम को करीब 5 बजे कुआं ढहने से एक मजदूर नीचे दब गया। बाहर खड़े दो मजदूरों ने कुएं से दबे मजदूर को बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन रेत व मलबे के नीचे दबने से बाहर निकाल नहीं पाए। मौके पर सिविल डिफेंस ने स्थानीय लोगों से रेस्क्यू किया लेकिन निकाल पाने में असफल रहे। प्रशासन ने तीन जेसीबी मशीन व दो ट्रैक्टरों की मदद से कुएं के पास खुदाई कर निकालने का प्रयास कर रही है। डीएसपी आनंद पुरोहित के मुताबिक सूचना मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंच गया।

# कोचिंग की बालकनी में जालियां लगा रहे संचालक

## सीएम की विजिट और मंत्रियों की नाराजगी का असर; हादसों को रोकने की कवायद शुरू

कोटा, 17 सितंबर (एजेंसियां)। कोटा में अब कोचिंग और हॉस्टलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काम होना शुरू हो रहा है। हालांकि, प्रशासन की गाइडलाइन को कोचिंग हॉस्टल गंभीरता से नहीं ले रहे थे। नए कोटा में डकनिया रोड नंबर एक पर स्थित एक कोचिंग संस्थान की छठी मंजिल से स्टूडेंट कूद गया था।

इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की विजिट और मंत्रियों की नाराजगी को देखते हुए यहां हॉस्टलों में सुरक्षा व्यवस्थाएं तेजी से सुधारने की कवायद शुरू हो गई है। अब कोचिंग संस्थान की तरफ से बिल्डिंग को जालियां लगाकर कवर करने का काम किया जा रहा है।

सीढ़ियों के रास्ते जहां-जहां बालकनी और खाली जगह है वहां पर लोहे की जालियां फिट करवाने का काम हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम जरूरी था। आठ मंजिला इस भवन की बालकनी को कवर किया जा रहा है।

इसी तरह हॉस्टलों में भी सिक्योरिटी डिवाइस पंखों में लगाने के निर्देश जिला प्रशासन ने दिए थे।

ज्यादातर हॉस्टलों में सिक्योरिटी डिवाइस लगाने का काम पहले ही शुरू हो गया था, लेकिन कई हॉस्टल वाले गंभीरता से नहीं ले रहे थे।

बुधवार को ही कई हॉस्टलों में सिक्योरिटी डिवाइस फिट करवाए गए। जिस हॉस्टल में छात्रा ने सुसाइड किया था वहां भी सिक्योरिटी डिवाइस नहीं था, घटना के बाद शाम तक सभी कमरों में आनन-फानन में सिक्योरिटी डिवाइस लगाया गया।

# जयपुर में वैश्य समाज ने मांगे 35 विधानसभा टिकट

## महापंचायत में ईडब्ल्यूएस की सीमा बढ़ाने पर भी जोर; नेता बोले- समाज के लिए लड़ो

जयपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्य महापंचायत में समाज ने आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टियों से 35 टिकटों की मांग की है। साथ ही ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने पर भी जोर दिया गया है। चुनाव से पहले जयपुर में हो रही महापंचायत में प्रदेशभर से समाज से जुड़े नेता, बिजनेसमैन सहित हजारों की संख्या लोग पहुंचे हैं। ऑल राजस्थान इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एन के जैन ने बताया कि महापंचायत के जरिए हमने समाज की एकजुटता दिखाने का प्रयास किया है।

समारोह के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने कहा- हमारी राजस्थान में जितनी संख्या है। उसके आधार पर कभी भी प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। आज इस महापंचायत के जरिए हम सभी पार्टियों को यह संदेश देना चाहते हैं कि समाज को संख्या के आधार पर विधानसभा चुनाव में 30 से 35 टिकट दिए जाएं। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में भी समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिले। समाज के व्यापारी वर्ग के लिए सरकार व्यापारी कल्याण आयोग का गठन करे। समाज के जो पिछड़े लोग हैं उनकी सहायता के लिए ईडब्ल्यूएस की सीमा को 10% से बढ़ाकर 14% किया जाए।

कार्यक्रम संयोजक राकेश गुप्ता ने कहा- इस आयोजन में कोई भी बड़ा चेहरा नहीं है। जो समाज की बात करेगा, वहीं हमारे लिए बड़ा चेहरा है।

# जोधपुर में फल-सब्जी मंडी की कैंटीन में सिलेंडर फटा

## रेगुलेटर भभकते ही दूर भागे लोग; 2 मिनट बाद ब्लास्ट ने दहलाया

जोधपुर, 17 सितंबर (एजेंसियां)। जोधपुर के महामंदिर थाना इलाके में भदवासिया फल-सब्जी मंडी की कैंटीन में रखे सिलेंडर में शनिवार रात 11 बजे ब्लास्ट हो गया। हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए। उस समय कैंटीन के पास 20-25 लोग मौजूद थे। लेकिन, जैसे ही सिलेंडर के रेगुलेटर में आग भभकी, वे वहां से दूर चले गए।

महामंदिर थाना इंचार्ज मांगी लाल बिश्नोई ने बताया- मंडी में ब्लास्ट की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे। दो दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। नरपत खदाव (35) के पैर में सिलेंडर का टुकड़ा लगने से गहरी चोट आई। उसे भदवासिया के निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मथुरादास माथुर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। एक अन्य व्यक्ति के हाथ में हल्की खरोंच आई थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई।

पुलिस के मुताबिक- भदवासिया मंडी में रात में किसान फल और सब्जी लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में रात भर यह मंडी खुली रहती है। रात में किसानों और ड्राइवरों की भीड़ रहती है। कैंटीन में रात 11 बजे भट्टी पर चाय बन रही थी। मौके पर 20 से 25 लोग मौजूद थे।

अचानक सिलेंडर के रेगुलेटर ने आग पकड़ ली। पहले तो कैंटीन संचालक और किसानों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, जब आग पूरी कैंटीन में फैल गई और सिलेंडर तेजी से भभकने लगा तो सभी लोग सिलेंडर से दूर चले गए। करीब दो मिनट बाद सिलेंडर में तेज ब्लास्ट हो गया। सिलेंडर के टुकड़े दूर तक उछले। नरपत खदाव कुछ मीटर की दूरी पर था। सिलेंडर का एक टुकड़ा उसके पैर से टकराया और वह जख्मी होकर गिर गया। एक अन्य व्यक्ति के हाथ में खरोंच आई। बाकी लोग सुरक्षित हैं।

सिलेंडर ब्लास्ट से कैंटीन में रखा सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस का कहना है कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, फिर भी लापरवाही तो हुई है।

# सीरवी समाज शेरीलिंगमपल्ली का बीज महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगमपल्ली स्थित पी.जे.आर. एनक्लेव श्री आईमाता मंदिर में श्री आईमाँ के 608वें अवतरण दिवस व दसवाँ वार्षिकोत्सव समाज बंधुओ के सानिध्य मे दो दिवसीय कार्यक्रम भादवा सुदी बीज महोत्सव भव्यरुप से आयोजित किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में समाज के अध्यक्ष मनोज बर्फा व कोषाध्यक्ष विनोद गेहलोत ने संयुक्तरुप से बताया कि भादवा सुदी बीज महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार 16 सितम्बर भादवा सुदी एकम् आईमाताजी के मंदिर को पुष्प माला व लाइटिंग से सजाकर श्री आईजी का विशेष श्रृंगार किया गया। सायं 4.15 बजे से महिला मंडल अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत की अध्यक्षता मे विशेष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाज के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने नाचते-गाते हुए समाज बन्धुओं का भरपूर मनोरंजन किया। रात्रि 9.15 बजे से पूजा-अर्चना, साँची ज्योत प्रज्वलितकर,महाआरती के पश्चात् जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें श्री आईजी भजन मंडली ने आई माँ के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। रविवार 17 सितम्बर भादवा सुदी बीज प्रात: 7.15 बजे समाज बन्धुओं द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। प्रात: 9.15 बजे समाज बन्धुओं ने श्री आईमाताजी के चरणों मे श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंट करते हुए दर्शन व प्रसाद का लाभ लिया। कार्यक्रम मे पधारे बत्तौर मुख्यअतिथि विधायक आरके पुड़ी गांधी, सम्मानित अतिथियों व समाज के भामाशाहों का विशेष सम्मान किया गया। बत्तौर मुख्यअतिथि विधायक ने भादवा सुदी बीज महोत्सव की बधाई देते हुए समाज को भरोसा दिलाया कि जब भी उनकी जरुरत पड़ेगी, वे सहयोग करेंगे। कोषाध्यक्ष विनोद गेहलोत ने आय-व्याय का लेखा-जोखा प्रस्तुतकर मंदिर निर्माण के लिए समाज बन्धुओं

से तन-मन-धन से सहयोग के लिए निवेदन किया। अवसर पर अध्यक्ष मनोज बर्फा ने पधारे सभी समाज बंधुओ को बीज महोत्सव की बधाई दी तथा शेरीलिंगमपल्ली स्थित बडेर प्रांगण मे भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य समाज बंधुओ के सहयोग से अतिशीघ्र कराने का भरोसा दिलाया। महिला अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत ने भी समाज बन्धुओं को बीज महोत्सव व वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएँ की। महोत्सव के सफल आयोजन में समाज के अध्यक्ष मनोज बर्फा, मांगीलाल परिहारियां, खंगारराम, मांगीलाल सोनपरा, ताराराम लचेटा, विनोद गेहलोत, वेनाराम परमार, शेषाराम लचेटा, महिला अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत, प्रेमादेवी सेंणचा, रुक्मादेवी काग, गीतादेवी देवड़ा, रेखादेवी काग, पुष्पा गेहलोत, लीलादेवी राठौड़, सुकियादेवी, कार्यकारिणी सदस्य, व समाज बंधु प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन बालाराम सोनपरा ने किया। सचिव मांगीलाल सोनपरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# प्रेरणा संस्था द्वारा नि:शुल्क गणेश जी की मूर्तियां वितरित

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रेरणा संस्था के माध्यम से एचएमडीए के सहयोग से नगर में नि:शुल्क इको फ्रेंडली गणेशजी की मूर्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के अखिल भारतीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. के. लक्ष्मण थे। संस्था की संस्थापिका पूजा गुप्ता ने बताया कि यह तीसरा वर्ष है, जब संगठन ने सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत पर्यावरण अनुकूल गणेश मूर्तियों को वितरित करने का सामाजिक कार्य किया है। प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एनजीओ द्वारा यह एक छोटा सा कदम है। कार्यक्रम अशोक नगर स्थित अशोक नगर संगठन में रखा गया। कार्यक्रम में संगठन की संस्थापिका पूजा गुप्ता के अलावा संगठन के सदस्य रीटा भटनागर, आशा अग्रवाल, मेघा बदरुका, अर्चना शर्मा, खुशबू, पुष्पा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, कौशल्या राठी, सीमा अग्रवाल व अन्य सदस्यों ने भाग लिया। वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राम मूर्ति, सचिव सूर्यनारायण व अन्य संगठन के सदस्यों ने भाग



लिया। कार्यक्रम में वेलफेयर एसोसिएशन की महिला संगठन की सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि संजीव कुमार ने भी भाग लिया। पूजा गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की बैठक आयोजित



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज तेलंगाना की मैरेज डेटा कमिटी की वर्ष 2023-25 के कार्यकाल की पाँचवीं बैठक समाज के कार्यालय राघव रत्ना टॉवर, चिराग़अली कार्यालय में आयोजित की गई। एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा कमिटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में बालक एवं बालिकाओं के क़रीब 10 अभिभावक उपस्थित होकर नए बायोडेटा एवं उनके द्वारा दिए गये पहले के बायोडेटा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। कमिटी द्वारा इस कार्यकाल में 17 रिश्ते पक्के हुए। समाज की सभी शाखाओं के सदस्यों से आग्रह है कि समाज द्वारा जो निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है उसका पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें। अगामी रविवार 24 सितंबर को अग्रवाल समाज ट्रेजर हंट रैली होने के कारण मैरेज डेटा कमेटी की बैठक नहीं होगी। अगली बैठक 1 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक नियमित समय पर हर रविवार को होगी सभी अग्रबंधुओं से इस सेवा का लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह है। आज की बैठक में चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, कन्वेनियर रमेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमेन सतीश कुमार अग्रवाल, दीनबंधु अग्रवाल, सुनील कुमार मित्तल, अशोक कुमार दादरीवाला, गोविंद कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। वाइस चेयरमैन सतीश कुमार अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सांसद व विधायक ने डोंगली सोसायटी कार्यालय भवन का शुभारंभ किया



मदनूर, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जाहीराबाद सांसद बीबी पाटील, जुक्कल विधायक हनमंत शिंदे के सहयोग से 25 लाख रूपये निधि से डोंगली सोसायटी कार्यालय नूतन भवन का निर्माण किया गया। इस भवन का रविवार के दिन पुरोहित अक्षय, संगमेशवर के मंत्र उपचार के साथ पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस समय मंडल विकास अध्यक्ष वागमारे लक्ष्मी बाई, डोंगली सरपंच मधवी शशांक पाटील, भारसा पार्टी मंडल आध्यक्ष बंशी पाटील, विविध गांव के सरपंच एमपीटीसी के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के 73वें जन्मदिन पर जामबाग के पार्षद राकेश जयसवाल ने मलकपेट स्थित ब्लाइंड स्कूल में नेत्रहीन लोगों में मुफ्त सहायक स्टीक्स वितरित की। इसअवसर पर भाजपा नेता अमर सिंह, अनिल यादव, शिव गुट्टेदार, रामकृष्ण भी मौजूद रहे।



अग्रणी महिला मंच द्वारा हिमायत नगर कार्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया गया। उपस्थित हैं अध्यक्ष सुमन भुवानिया, लीला, अंजुम, राखी, पल्लवी, शोभा, रामकृष्णा, पवन भुवानिया व अन्य।



कोरेमुला स्थित श्री आईमाता मंदिर में भादवा सुदी एकम के पावन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम व जागरण मे भजन प्रस्तुत करते हुए मांगीलाल अटपड़ा। अवसर पर उपस्थित संरक्षक प्रभुराम परिहारियां, अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा, पदाधिकारी व समाज बन्धु।



धूलपेट स्थित आकाशपुरी हनुमान मंदिर में विशेष रूप से तैयार किये गये हनुमान चालीसा का विमोचन करते हुए श्रीनिवास जीयर स्वामी, गौभक्त राजा सिंह, कमलेश महाराज, जसमत पटेल, विरेन्द्र अग्रवाल, अच्युत रामानुजाचार्य, राजेश अग्रवाल, रिद्धीश जागीरदार, आरके जैन, चंचल सुगंध, अंशुल एवं अभिषेक अग्रवाल।



विश्वकर्मा जयंती पर हस्मतपेट में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेत हुए गोलू शर्मा, रंजीत शर्मा, सुशील शर्मा, कैलाश शर्मा, अखिल शर्मा, अजय शर्मा, राहुल शर्मा, मंटू शर्मा, गुड्डू शर्मा, छोटू शर्मा, मिलन शर्मा, अमर शर्मा व अन्य।



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नगरागमन पर उनका स्वागत करते हुए राजस्थानी समाज के सशक्त संघटन "आप और हम" के संरक्षक शशिकांत अग्रवाल, प्रधान सयोजक धर्मीचंद कुमावत।

## शिव महापुराण कथा की सभा आयोजित, संदीप जायलवाल बनाए गए प्रचार मंत्री

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नामपल्ली बालवीर हनुमान मंदिर में आज शिव महापुराण के आयोजन हेतु बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बालवीर हनुमान मंदिर के संत पूज्य महामंडलेश्वर प्रभु दास जी महाराज ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में सभी भाग्यनगर के भक्तों से अनुरोध किया कि लोक कल्याण के लिए में इस शिव महापुराण का आयोजन कर रहा हूं। कथा के प्रमुख संयोजक ठाकुर जयपाल सिंह नयाल ने बताया कि प्रभु दास जी महाराज एक संत हैं। संत का संकल्प ही लोक कल्याण और विश्व शांति के कामों हेतु होता है। बैठक में 15 अक्तूबर से



24 अक्तूबर तक शारदीय नवरात्र में होने वाली इस शिव महापुराण कथा के लिए पूज्य प्रभु दास जी महाराज ने रामदेव नागला को कथा का सह संयोजक तथा संदीप जयलवाल को कथा का प्रचार मंत्री नियुक्त किया। इस अवसर पर रामदेव नागला, संदीप जायलवाल, द्वारका प्रसाद उपाध्याय, पवन ओझा, घनश्याम उपाध्य, ओमप्रकाश व्यास, छगन व्यास, राम किशोर शर्मा रांकावत, महेश ओझा, बांकट लाला पांडिया, आचार्य रामाशंकर महाराज आदि भगवान दास, जानकी दास, रघुवर दास आदि उपस्थित रहे।

## अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों ने होटल के कमरे में दे दी जान

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अलग-अलग घटनाओं में, रविवार को पुंजागुट्टा और एसआर नगर में अपने होटल के कमरों में कथित तौर पर आत्महत्या करने से दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में, वारंगल के अविनाश रेड्डी (26) ने शुक्रवार को होटल में चेक इन किया था। हालांकि, शनिवार रात तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो होटल स्टाफ को संदेह हुआ। रविवार को जब उन्होंने जबरन दरवाजा खोला तो अविनाश पंखे से लटका हुआ था। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। एसआर नगर पुलिस जांच कर रही है।दूसरी घटना में, आंध्र प्रदेश के एलुरु से संजीव शांति कुमार (30), जो अपनी पत्नी अनुषा और बच्चों को देखने के लिए शहर आए थे, जो पंजागुट्टा में अपने ससुराल में रह रहे हैं, उन्होंने रविवार तड़के होटल के कमरे में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पंजागुट्टा पुलिस ने कहा कि हाल ही में दंपत्ति के बीच बहस के बाद अनुषा पिछले महीने अपने माता-पिता के साथ रहने के लिए हैदराबाद आ गई थी। आशंका है कि उसने परेशान होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुंजागुट्टा पुलिस जांच कर रही है।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर बोइनपल्ली मार्केट यार्ड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती हुई मार्केट यार्ड चेयरपर्सन श्रीमती हरिका बाबू, ए. गौतम जैन, वेणुगोपाल रड्डी, गोपाल बंग व अन्य।

## अग्रसेन बायोडाटा कमेटी ने की साप्ताहिक बैठक



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक सिकंदराबाद स्थित चेयरमैन दुर्गा प्रसादजी के कार्यालय में संपन्न हुई। विवाह संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया और अपने समाज में आज के जमाने में वैवाहिक संबंध बहुत कठिन से हो रहे हैं तो इस विषय पर गंभीर चर्चा की गई। सभा में उपस्थित अभिभावकों से उनकी राय जानी गई और सभी ने अग्रसेन बायोडाटा कमेटी के कार्य करने की प्रणाली पर संतुष्टि जताई। अवसर पर दुर्गा प्रसाद बंसल, पंकज कुमार संघी, नरेश, सत्यनारायण, विजय मित्तल, संतोष कुमार, आनंद अग्रवाल, पूनम गर्ग, जगदीश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, कमलेश, प्रकाश, मनोज, सुरेश अग्रवाल, प्रवीण आदि उपस्थित थे।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मोदी ने पीएम विश्वकर्मा ...

विश्वकर्मा साथियों के लिए ट्रेनिंग-टूल्स बहुत जरूरी है। ट्रेनिंग के दौरान भी आपको रोज 500 रुपये भत्ता सरकार की तरफ से दिया जाएगा। टूलकिट के लिए 15 हजार का वाउचर भी मिलेगा। मार्केटिंग में भी सरकार मदद करेगी। हमारे दो आग्रह हैं- सामान जीएसटी वाली दुकानों से खरीदें। दूसरा, टूल्स इंडिया मेड ही खरीदें।

भारत मंडपम की दुनिया में चर्चा हुई। यशोभूमि भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यानी इस भूमि पर जो भी होगा, उससे यश ही यश मिलेगा। भारत की राजधानी में हमारी चीजों को शो केस करने के लिए जो सेंटर चाहिए, वैसा ही है। ये एयरपोर्ट के पास है, मेट्रो से कनेक्टिविटी है।

हमारे यहां बहुत बड़ा मार्केट है। आज का नया भारत कॉन्फ्रेंस टूरिज्म के लिए तैयार कर रहा है। एडवेंचर, मेडिकल, हैरिटेज टूरिज्म वहीं होगा, जहां एडवेंचर, मेडिकल, हैरिटेज के साधन-संसाधन हों। भारत मंडपम और यशोभूमि दिल्ली को कॉन्फ्रेंस टूरिज्म का सबसे बड़ा हब बनाने जा रहे हैं। यशोभूमि विश्व में ऐसा स्थान बनेगा, जहां दुनियाभर से लोग कॉन्फ्रेंस, मीटिंग, एग्जीबिशन के लिए आएंगे।

विश्वकर्मा योजना की लॉन्चिंग के मौके पर देश के चुने गए 70 स्थानों पर 70 मंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम के लिए गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद, राजनाथ सिंह लखनऊ, महेंद्र नाथ पांडे वाराणसी, स्मृति ईरानी झांसी, गजेंद्र सिंह शेखावत चेन्नई, भूपेंद्र यादव जयपुर, नरेंद्र सिंह तोमर भोपाल, एस जयशंकर तिरुवनंतपुरम में रहे। नितिन गडकरी नागपुर, अश्विनी वैष्णव भुवनेश्वर और अनुराग ठाकुर शिमला में रहे।

कारपेंटर (बढ़ई), नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले (मरम्मतकार), हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली का जाल बनाने वाले।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना पर वित्त वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक 13,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना में देशभर में करीब 30 लाख पारंपरिक कारीगरों को फायदा मिलेगा। योजना के पहले चरण में कामगारों को 5 प्रतिशत ब्याज दर से 1 लाख रुपये का लोन मिलेगा। वहीं, अगले चरण में यह रकम 2 लाख रुपये कर दी जाएगी। योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को ट्रेनिंग भी मिलेगी।

### 'हैदराबाद लिबरेशन डे'...

17 सितंबर 1948 के दिन भारतीय सेना से 5 दिन जंग के बाद हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली खान ने सरेंडर कर दिया था। इसके बाद हैदराबाद भारत का हिस्सा हो गया। आज हैदराबाद के भारत में शामिल होने के 75 साल पूरे हो गए हैं। भाजपा और केंद्र सरकार का संस्कृति मंत्रालय आज 'हैदराबाद लिबरेशन डे' (मुक्ति दिवस) मना रहा है। इसके अलावा कांग्रेस 'विलय दिवस, बीआरएस राष्ट्रीय एकता दिवस और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम कौमी एकता दिन' मना रही है। निजाम के शासन में हैदराबाद राज्य में आज के तेलंगाना के अलावा महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के 8 जिले और आज के कर्नाटक के 7 जिले शामिल थे। इसलिए महाराष्ट्र और कर्नाटक की राज्य सरकारें भी 17 सितंबर को मुक्ति दिवस मनाती हैं।

**2022 में हुई हैदराबाद लिबरेशन डे मनाने की शुरूआत :**

तेलंगाना की भोंगिर सीट से सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य नाल्लू इंद्रसेन रेड्डी बताते हैं कि 2022 में पहली बार केंद्र सरकार ने हैदराबाद डे सेलिब्रेट करने का फैसला लिया। इसके बाद राज्य सरकार भी एक्टिव हुई है।



# भारत ने 8वीं बार एशिया कप जीता: फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया

## वनडे में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत

कोलंबो, 17 सितंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने 8वीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया।

यह मैच खत्म होते वक्त बची हुई गेंदों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत है। टीम ने 263 गेंद बाकी रहते जीत हासिल कर ली। इससे पहले, टीम इंडिया ने केन्या को 2001 में 231 गेंद रहते हराया था।

फाइनल मैच में श्रीलंकाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 15.2 ओवर में 50 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में टीम इंडिया ने 6.1 ओवर में 51 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली।

**जीत के हीरो**

मोहम्मद सिराज : 6 विकेट चटकाए मोहम्मद सिराज ने पहले ही स्पेल में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी शुरुआती 16 गेंदों में श्रीलंका के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा दी।

हार्दिक पंड्या : 3 विकेट लिए सिराज के बाद हार्दिक पंड्या ने श्रीलंकाई टीम को 50 रन पर सिमेटने पर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आखिरी बैटर्स के 3 विकेट हासिल किए।

गिल-ईशान की ओपनिंग जोड़ी 51 के छोटे से टारगेट को चेज करने के लिए भारतीय कप्तान ने ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किए। उन्होंने अपनी जगह ईशान किशन को ओपनिंग करने भेजा। दोनों ने टीम को तेज शुरुआत की।

**यहां से श्रीलंकाई पारी**

श्रीलंका 50 रन पर ऑलआउट, भारत के खिलाफ किसी टीम का सबसे छोटा स्कोर

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी श्रीलंकाई टीम 50 रनों पर ऑलआउट हो गई। यह भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को 15.2 ओवर में पवेलियन लौटा दिया।

मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट चटकाए, जबकि हार्दिक पंड्या को 3 विकेट मिले। एक सफलता जसप्रीत बुमराह के हिस्से आई।

**श्रीलंका ने बांग्लादेश का रिकॉर्ड तोड़ा**

यह भारत के खिलाफ किसी टीम का वनडे में सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले, वनडे में भारत के खिलाफ सबसे कम स्कोर बांग्लादेश के नाम था। बांग्लादेश की टीम 2014 में 58 रन पर ऑलआउट हुई थी। वनडे में ओवरऑल सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम है। जिम्बाब्वे की टीम 2004 में श्रीलंका के खिलाफ 35 रन पर ऑलआउट हो गई थी।







**सबसे कम बॉल पर 5 विकेट लेने वाले बॉलर**

| बॉल | बॉलर | बनाम | कब |
|---|---|---|---|
| 16 बॉल | चामिंडा वास | बांग्लादेश | 2003 |
| 16 बॉल | मोहम्मद सिराज | श्रीलंका | 2023 |

**श्रीलंका का कोई भी बैटर 20 पार नहीं**

भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाई बैटर जूझते नजर आए। टीम का कोई भी बैटर 20 का आंकड़ा पार नहीं कर सका। कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 17 रनों की पारी खेली, जबकि दुशन हेमंथ ने 13 रन बनाए।

**पावरप्ले: श्रीलंकाई पारी लड़खड़ाई**

पावरप्ले में श्रीलंकाई पारी लड़खड़ा गई। टीम ने 10 ओवर में 33 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। सिराज ने 5 और बुमराह ने एक विकेट लिया। आलम यह था कि टीम का कोई भी बैटर डबल डिजिट में नहीं पहुंच पाया।

**सिराज ने चामिंडा वास के रिकॉर्ड की बराबरी की**

मोहम्मद सिराज ने वनडे क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 5 विकेट लेने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिराज ने 5 विकेट के लिए 16 गेंदें ली। श्रीलंका के चामिंडा वास ने 2003 में बांग्लादेश के खिलाफ 16 गेंदों पर ही 5 विकेट लिए थे।

**श्रीलंका ने 16 रन पर 6 विकेट गंवाए**

पहले खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने महज 12 रन के स्कोर पर छठा विकेट गंवा दिए है। ओपनर कुसल परेरा, कप्तान दसुन शनाका, सदीरा समरविक्रमा और चरिथ असालंका जीरो पर आउट हुए, जबकि पथुम नसांका 2 और डी सिल्वा 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

**ऐसे गिरे श्रीलंका के विकेट**

पहला : (कुसल परेरा- 0 रन) : पहले ओवर की तीसरी बॉल पर जसप्रीत बुमराह ने विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

दूसरा : (पथुम निसांका- 2 रन) : चौथे ओवर की पहली बॉल पर सिराज ने जडेजा के हाथों कैच कराया। जडेजा ने पॉइंट पर शानदार कैच पकड़ा।

तीसराः (सदीरा समरविक्रमा- 0 रन): चौथे ओवर की तीसरी बॉल पर सिराज ने बोल्ड कर दिया।

चौथा : (चरिथ असालंका- 0 रन) : चौथे ओवर की चौथी बॉल पर सिराज ने ईशान किशन के हाथों कैच कराया।

पांचवां : (धनंजय डी सिल्वा- 4 रन) : चौथे ओवर की आखिरी बॉल पर सिराज ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

छठा : (दसुन शनाका- 0 रन) : छठे ओवर की चौथी बॉल पर सिराज ने बोल्ड कर दिया।

सातवां : (कुसल मेंडिस- 17 रन) : 12वें ओवर की दूसरी बॉल पर सिराज ने बोल्ड कर दिया।

आठवां : (दुनिथ वेल्लालागे- 8 रन) : 13वें ओवर की तीसरी बॉल पर हार्दिक पंड्या ने वेल्लालागे को केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

**आधे घंटे देरी से शुरू हुआ फाइनल**

फाइनल शुरू होने में बारिश के कारण देरी हुई। फाइनल 3 बजे की जगह 3 बजकर 40 मिनट पर शुरू हुआ। टॉस होने के तुरंत बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो बाद में तेज हो गई।

एक-एक बदलाव के साथ उतरीं दोनों टीमें फाइनल मुकाबले के लिए दोनों ही टीमों में एक-एक बदलाव किए गए हैं। श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका ने चोटिल महीश तीक्षणा की जगह दुशन हेमंथ को खिलाया है, जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने चोट के कारण बाहर हुए अक्षर पटेल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया है।

# नीरज चोपड़ा को डायमंड लीग में सिल्वर

## 83.80 मीटर भाला फेंककर दूसरे नंबर पर रहे, चेक रिपब्लिक के जैकब को गोल्ड




यूजीन, 17 सितंबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड चैम्पियन भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को डायमंड लीग फाइनल 2023 में सिल्वर से संतोष करना पड़ा है। वे पिछले साल जीता हुआ अपना खिताब बचाने में नाकाम रहे।

अमेरिका के यूजीन में खेले गए फाइनल इवेंट में नीरज ने मौजूदा सीजन के 83.80 मीटर का डिस्टेंस कवर करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि चेक रिपब्लिक के जैकब वादलेच ने 84.24 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। फिनिश थ्रोअर ओलिवर हेलांडर (83.74 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे।

25 साल के नीरज ने स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में इस लीग की 11वीं मीट में 85.71 मीटर के बेस्ट स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। उन्होंने लीग के पिछले सीजन में गोल्ड जीता था।

दूसरे प्रयास में आया नीरज का बेस्ट थ्रो

अमेरिका के यूजीन शहर में नीरज का बेस्ट थ्रो दूसरे प्रयास में आया। उनका पहला प्रयास फाउल रहा। उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 83.80 मीटर भाला फेंका। इस स्कोर के साथ वे स्कोरबोर्ड में दूसरे नंबर पर आ गए और आखिरी तक इसी पोजिशन पर कायम रहे।

वहीं, गोल्ड जीतने वाले जैकब ने 84.01 मीटर से शुरुआत की। उनका दूसरा, तीसरा और चौथा प्रयास फाउल रहा। फिर जैकब ने 82.58 का स्कोर किया। उन्होंने आखिरी प्रयास में अपना स्कोर सुधारते हुए 84.24 मीटर का डिस्टेंस कवर किया।

नीरज एक साथ ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप दोनों का गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। उन्होंने 2021 में हुए टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीता था।

भारत ओलिंपिक में साल 1900 से शिरकत कर रहा है, लेकिन ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में नीरज से पहले किसी भारतीय ने गोल्ड छोड़िए किसी भी कलर का मेडल नहीं जीता था।

नीरज से पहले मिल्खा सिंह और पीटी उषा का अलग-अलग ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रहना भारत का बेस्ट परफॉर्मेंस था।

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फिल्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है।

डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है।

हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है।13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्रॉफी और कैश प्राइज मिलता है।

# इलावेनिल ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड

## 10 मीटर राइफल फाइनल में 252.2 का स्कोर किया

## क्वालिफिकेशन राउंड में थी आठवें स्थान पर



रियो, 17 सितंबर (एजेंसियां)। ओलिंपिक मेडलिस्ट इलावेनिल वलारिवन ने रियो में हो रहे आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड जीत लिया है। फाइनल में उन्होंने 252.2 का स्कोर कर पहले स्थान पर रही। वह फाइनल में 24 शॉट में कभी भी 10.1 से नीचे स्कोर नहीं किया। वहीं फ्रांस की ओसिएने मुलर 251.9 स्कोर के साथ सिल्वर जीता। जबकि चीन की झांग जियाले को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

इला पांच शॉट के बाद 52.6 स्कोर के साथ दो अन्य शूटरों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि चीन की झांग जियाले 53.4 स्कोर के साथ पहले स्थान पर रही। 10 शॉट के बाद इला झांग यू के साथ टॉप पर रही। 12 वें शॉट के बाद ऑस्ट्रेलियाई शूटर मार्लीन प्रिबिट्जर बाहर हो गईं और आठवें स्थान पर रही। 16 शॉट के बाद भी एक अन्य शूटर के साथ इला पहले स्थान पर कायम रही। 17 वें शॉट के बाद वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। वहीं 2 शॉट शेष रहने पर वह 0.5 के अंतर से आगे रहीं। आखिरी शॉट में 10.6 स्कोर के बाद ओवर ऑल वह फ्रांसीसी शूटर से 0.3 अंकों से आगे रह कर गोल्ड जीता।

इला शनिवार सुबह 630.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाइंग राउंड में आठवें स्थान पर रही थी। जबकि फ्रांस की ओसिएने मुलर 633.7 स्कोर के साथ टॉप पर थी।

इलावेनिल मिक्स्ड टीम इवेंट में संदीप कुमार के साथ पांचवें स्थान पर रही। उन्होंने 629.1 स्कोर किया।

# वर्ल्डकप से पहले पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की टेंशन बढ़ी

## नसीम शाह की इंजरी गंभीर, हेड के अंगूठे में चोट; अय्यर पूरी तरह फिट नहीं

दुबई, 17 सितंबर (एजेंसियां)। वनडे वर्ल्ड कप से पहले चोट ने पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका जैसी टीमों की टेंशन बढ़ा दी है। भारतीय खेमा भी अछूता नहीं है।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह इस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं, जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ चौथे वनडे में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड को अंगूठे में चोट लग गई है। इधर, एशिया कप फाइनल में जगह बना चुकी श्रीलंका के महीश तीक्षणा और भारतीय टीम के अक्षर पटेल के भी चोटिल होने की खबर है, श्रेयर अय्यर भी पूरी तरह फिट नहीं है।

एशिया कप के दौरान तेज गेंदबाज नसीम शाह के कंधे में चोट लगी। वे पूरे वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। शनिवार को दुबई में स्कैन के बाद शाह की शोल्डर इंजरी की गंभीरता का पता लगा है। बताया जा रहा है कि नसीम इस पूरे साल मैदान से दूर रह सकते हैं। ऐसे में नसीम के ऑस्ट्रेलिया दौर पर जाने पर भी संशय है।

सेंचुरियन के मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड के बाएं हाथ के अंगूठे पर चोट



लगी है। इससे उनके वर्ल्ड कप खेलने पर संशय है। चौथे वनडे में 7वें ओवर में साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जे की शॉर्ट गेंद उनके बाएं हाथ के ग्लव्स पर लगी, जिसके बाद इस खिलाड़ी ने तीन और गेंद का सामना किया, लेकिन वे असहज दिखे और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया को इस मैच में 164 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

हेड की चोट पर ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा- 'फ्रैक्चर की पुष्टि हो गई है। उन्हें चोट से उबरने में कितना समय लगेगा, यह जानकारी कल ही मिल पाएगी।'

श्रीलंकाई स्पिनर महीश तीक्षणा भी पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मैच में चोटिल हो गए हैं। वे एशिया कप के फाइनल में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। तीक्षणा ग्रेड-3 हैमस्ट्रिंग इंजरी से परेशान हैं। उनकी जगह ऑफ स्पिनर सहान अरचिगे स्क्वॉड में शामिल किए गए हैं।

अएशिया-2023 की दूसरी फाइनलिस्ट भारतीय टीम से अक्षर पटेल के चोटिल होने की खबर है। उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को कोलंबो बुलाया गया है। सुंदर को फाइनल मुकाबले में मौका मिल सकता है।

वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की शुरुआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मुकाबले के साथ अहमदाबाद में होगी। वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगा।

# एशियन गेम्स के चुने गए भारतीय खिलाड़ी का कोच से झगड़ा, सिर पर लगी गंभीर चोट, अस्पताल में किया एडमिट



नई दिल्ली. 17 सितंबर (एजेंसियां)। चीन के हांगझू में 23 सितंबर से 19वें एशियन गेम्स की शुरुआत होने वाली है. इसमें भारत की ओर से 655 सदस्यों वाला दल जा रहा है, जिसमें चार खिलाड़ी कुराश में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. अब इनमें से एक, विशाल रुहिल के सिर पर गंभीर चोट लगी है, जिससे उनका शामिल होना मुश्किल लग रहा है.

चीन में होने जा रहे 19वें एशियन गेम्स ज्यादा दूर नहीं हैं. 23 सितंबर से हांगझू शहर में गेम्स की शुरुआत होगी. गेम्स के लिए 655 सदस्यों का भारतीय दल जाएगा लेकिन इसमें से एक खिलाड़ी का इन खेलों शामिल होना संकट में पड़ता दिख रहा है. चीन रवाना होने से कुछ ही दिन पहले कुराश (एक प्रकार की कुश्ती) के लिए चुना गया एक खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, विशाल रुहिल नाम का ये खिलाड़ी एक झगड़े में पड़ गया, जहां उसके सिर पर गंभीर चोट आई है. ऐसे में विशाल का अब हांगझू खेलों में हिस्सा लेना मुश्किल नजर आ रहा है. दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत के कुराश खिलाड़ी पिछले कुछ दिनों से अभ्यास कर रहे हैं. वहीं विशाल साउथ-वेस्ट दिल्ली की एक जूडो एकेडमी में ट्रेनिंग कर रहे थे. यहीं एक जूडो कोच के साथ विशाल की बहस हो गई, जो फिर लड़ाई में बदल गई और मारपीट होने लगी. इस दौरान ही विशाल को सिर में चोट आई, जिसके कारण गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा.

एक कोच के हवाले से बताया गया है कि विशाल को तुरंत ही पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके सिर पर कई टांके लगाने पड़े हैं.

# विदेशी कोच के बिना उतरेंगे शॉटगन निशानेबाज

## दोनों कोच तकनीकी कारणों के चलते नहीं होंगे शामिल



नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने जब हांगझोऊ एशियाई खेलों की आयोजन समिति को खिलाड़ियों और उनके साथ जाने वाले अधिकारियों की सूची भेजी थी तो उस दौरान ड्रैडी का भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ अनुबंध हुआ था।

भारतीय शॉटगन निशानेबाज आगामी एशियाई खेलों में विदेशी कोच के बिना खेलने उतरेंगे। शॉटगन में भारत के दो विदेशी कोच इटली के मार्सेलो ड्राडी और एन्नियो फाल्को हैं। दोनों का कोच के एक्रीडिटेशन (मान्यता पत्र) और अनुबंध संबंधी अन्य तकनीकी कारणों से एशियाई खेलों के लिए चीन के हांगझोऊ में जाना मुश्किल है। एशियाई खेल 23 सितंबर से शुरू होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस साल के शुरू में ट्रैप कोच ड्रैडी और स्कीट विशेषज्ञ फाल्को को भारत का शॉटगन कोच नियुक्त किया था।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने जब हांगझोऊ एशियाई खेलों की आयोजन समिति को खिलाड़ियों और उनके साथ जाने वाले अधिकारियों की सूची भेजी थी तो उस दौरान ड्रैडी का भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ अनुबंध हुआ था। एनआरएआई के सचिव राजीव भाटिया ने कहा कि भारतीय कोच विक्रम चोपड़ा ट्रैप टीम के साथ जाएंगे जबकि जितेंद्र बेनीवाल के स्कीट टीम के साथ यही भूमिका निभाने की संभावना है। विदेशी कोच ने तब अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे जब आईओए खिलाड़ियों और अधिकारियों की लंबी सूची तैयार करके उसे एशियाई खेलों के आयोजकों को भेज चुका था। यही वजह है कि उनका एशियाई खेलों में जाने की संभावना नहीं है।' भाटिया ने कहा, 'विक्रम ट्रैप टीम के साथ कोच की भूमिका निभाएंगे जबकि स्कीट में जितेंद्र बेनीवाल के जाने की संभावना है। हम स्कीट के लिए उनका नाम शामिल करने के लिए दबाव डाल रहे हैं।'

# एशियाड में चेस-क्रिकेट की वापसी

## ई-स्पोर्ट्स-ब्रेकडांसिंग करेंगे डेब्यू

नई दिल्ली, 17 सितंबर (एजेंसियां)। 2018 एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स को नुमाइशी खेल के तौर पर शामिल किया था। इसकी लोकप्रियता देखते हुए इसे होंगझोऊ में पदक स्पर्धा के रूप में शामिल करने का फैसला लिया गया।

एशियाई खेलों के शुरू होने में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। ये खेल पिछले साल आयोजित होने थे, लेकिन कोरोना के चलते इनका आयोजन इस साल चीन के होंगझोऊ शहर में 23 सितंबर से होगा। हालांकि, एशियाड में कई ऐसे खेल हैं जिस पर सभी की निगाहें रहेंगे। ई-स्पोर्ट्स और ब्रेकडांसिंग इन खेलों में पहली बार हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, शतरंज और क्रिकेट की वापसी हो रही है।



**2018 में नुमाइशी के तौर पर शामिल हुआ ई- स्पोर्ट्स**

2018 एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स को नुमाइशी खेल के तौर पर शामिल किया था। इसकी लोकप्रियता देखते हुए इसे होंगझोऊ में पदक स्पर्धा के रूप में शामिल करने का फैसला लिया गया। इसमें दर्शक वीडियो गेमर को एक-दूसरे से भिड़ते देखते हैं। इसमें सात वीडियो गेम डोटा 2, फीफा ऑनलाइन-4, लीग ऑफ लीजेंड्स, एरेना ऑफ वेलोर, ड्रीम थ्री किंगडम्स, पबजी मोबाइल और स्ट्रीट फाइटर फाइव खेले जाएंगे। भारत 15 सदस्यीय पुरुष टीम भेजेगा।

**ब्रेकडांसिंग, खेल या नृत्य की शैली**

पेरिस ओलंपिक में पदार्पण करने जा रहे ब्रेकडासिंग या ब्रेकिंग खेल को पहली बार एशियाड में शामिल किया है। आलोचकों में इस बात को लेकर बहस है कि यह खेल है या नृत्य की एक शैली, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इसे खेल के रूप में मान्यता दी। भारत इस खेल में हिस्सा नहीं ले रहा है क्योंकि खेल मंत्रालय के मानदंडों पर खरा नहीं उतरने के कारण चार सदस्यीय टीम को मंजूरी नहीं दी।

**13 साल बाद शतरंज लौटा**

64 खानों का यह खेल 13 साल बाद एशियाई खेलों में लौट रहा है। भारत के लिए इसकी वापसी का यह सबसे बेहतर समय है क्योंकि आर प्रगनानंदा, डी गुकेश और अर्जुन जैसे युवा खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। दोहा एशियाई खेलों 2006 में शतरंज शामिल था।

2018 के बाद क्रिकेट शामिल

एशियाई खेलों में 2018 के बाद क्रिकेट की वापसी टी-20 प्रारूप में होगी। ग्वांग्झू में 2010 और इंचियोन में 2014 खेलों में क्रिकेट शामिल था, लेकिन भारत ने टीम नहीं भेजी थी। इस बार भारत महिला और पुरुष दोनों वर्गों में टीमें भेज रहा है और टीम इंडिया स्वर्ण पदक की दावेदार है।

# लोगों के बीच एकता ने तेलंगाना की प्रगति में मदद की : केसीआर

## सीएम ने तेलंगाना को सभी मोर्चों पर नंबर एक राज्य बताया





हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने कहा कि तेलंगाना के लोगों की एकता के परिणामस्वरूप सभी मोर्चों पर राज्य की तेजी से प्रगति हुई और यह भारत का सबसे युवा राज्य बन गया, जो दूसरों के लिए एक आदर्श राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रगति विरोधी ताकतों द्वारा इसमें बाधा डालने की कोशिशों के बावजूद तेलंगाना में प्रगति का पहिया अजेय है। राज्य के गठन के बाद से तेलंगाना ने सभी मोर्चों पर जबरदस्त प्रगति हासिल की है और अब यह भारत में कई क्षेत्रों में नंबर एक स्थान पर है। रविवार को यहां पब्लिक गार्डन, नामपल्ली में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना देश का एकमात्र राज्य है, जिसने बहुत कम समय में बिजली संकट पर काबू पा लिया है और कृषि और अन्य क्षेत्रों को 24 घंटे मुफ्त गुणवत्ता वाली बिजली उपलब्ध करा रहा है। इसी तरह, तेलंगाना प्रति व्यक्ति बिजली की खपत में नंबर एक है और यह 3,12,398 रुपये की प्रति व्यक्ति आय के साथ भारत में नंबर एक है।

केसीआर ने कहा कि देश महात्मा गांधी द्वारा प्रचारित मूल्यों, भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता, पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की कूटनीतिक कौशल और देश को एकजुट करने वाले विभिन्न नेताओं के अथक प्रयासों के कारण एकजुट हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन के नेताओं के प्रेरक प्रयासों को पहचानने के महत्व को रेखांकित किया।

मुख्यमंत्री ने महसूस किया कि तेलंगाना में राजशाही के अंत और संसदीय लोकतांत्रिक शासन की शुरुआत का सम्मान करने के लिए इस ऐतिहासिक घटना को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाना उचित है। उन्होंने पूरे इतिहास में न्याय, संवैधानिक अधिकारों और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के लिए तेलंगाना के लोगों द्वारा किए गए विभिन्न संघर्षों और बलिदानों पर विचार किया।

उन्होंने कई नेताओं के योगदान को याद किया, जैसे डोड्डी कोमुरैया, चकली ऐलम्मा, कुमराम भीम, रवि नारायण रेड्डी, शोएबुल्लाह खान, सुरवरम प्रताप रेड्डी, स्वामी रामानंद तीर्थ, जमालापुरम केशवराव, बंदी यादगिरी, सुदाला हनुमंतु, कालोजी नारायण राव और दाशरथी, सभी जिन्होंने तेलंगाना के भाग्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपनी सरकार की विकास पहलों और कई कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए, चंद्रशेखर राव ने जोर देकर कहा कि तेलंगाना सरकार जरूरतमंद लोगों को धन वितरित करने के लिए समर्पित है। उन्होंने राज्य के विकास और कल्याण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि तेलंगाना द्वारा अपनाए गए व्यापक और एकीकृत विकास मॉडल का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों द्वारा तेलंगाना सरकार की योजनाओं का अनुकरण करना इस मॉडल की सफलता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना में शायद ही कोई परिवार हो जिसे सरकारी योजनाओं का लाभ न मिला हो, जिससे गरीबी में कमी आई और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र में तेलंगाना की उपलब्धियां, प्रति व्यक्ति बिजली खपत, प्रति व्यक्ति आय और 100 प्रतिशत घरों तक स्वच्छ पेयजल का प्रावधान राज्य की प्रगति का प्रमाण है।

यह कहते हुए कि तेलंगाना सरकार जरूरतमंद लोगों को धन वितरित करने के लिए समर्पित है, केसीआर ने राज्य के विकास और कल्याण के लिए अपनी गहरी प्रतिबद्धता दोहराई है और कहा है कि तेलंगाना द्वारा अपनाए गए व्यापक और एकीकृत विकास मॉडल का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खम्मम जिले में 36 टीएमसी क्षमता के बन रहे सीताम्मा सागर बैराज का काम तेजी से चल रहा है और इससे खम्मम जिले में करीब छह लाख एकड़ नई और पुरानी आयकुट की सिंचाई होगी। देवदुला लिफ्ट सिंचाई परियोजना के माध्यम से संयुक्त वारंगल जिले में जल्द ही पांच लाख एकड़ में सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार अगले तीन से चार वर्षों में कुल 1.25 करोड़ एकड़ अयाकुट को सिंचित करने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

### सीएम केसीआर ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी 17 सितंबर को 73 साल के हो गए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र में कहा कि तेलंगाना सरकार और जनता की ओर से और अपनी व्यक्तिगत ओर से, मैं आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। भगवान आपको कई वर्षों तक राष्ट्र की सेवा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य और लंबा जीवन प्रदान करें। इस बीच, राजनीतिक हलकों से नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, उनके नेतृत्व की सराहना की जा रही है और उनकी सफलता की कामना की जा रही है।

# तेलंगाना मॉडल देश के लिए मार्गदर्शक शक्ति : वेमुला

निज़ामाबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क एवं भवन मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के कुशल नेतृत्व में तेलंगाना ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास देखा है। रविवार को यहां राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेते हुए मंत्री ने कहा कि तेलंगाना विकास के लिए एकीकृत और समावेशी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों का 'तेलंगाना मॉडल' देश के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन गया है, उन्होंने कहा कि विकास और कल्याणकारी उपायों पर तेलंगाना सरकार के समान ध्यान ने इसे एक मॉडल राज्य बना दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता के कारण विकास और कल्याण का लाभ सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार की किसान समर्थक नीतियों ने फसल उत्पादन बढ़ाने और कृषक समुदाय के जीवन में बदलाव लाने में मदद की है। मंत्री ने बताया कि ऋण माफी योजना के तहत 61,353 किसानों के 281.02 करोड़ रुपये माफ किए गए हैं और रैतु बंधु योजना के तहत 2,71,482 किसानों को रुपये दिए गए हैं। उनके संबंधित खातों में अब तक 271.82 करोड़ रुपये हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 2022-23 के दौरान रैतु बीमा योजना के तहत 904 किसानों के नामांकित खातों में 45.20 करोड़ रुपये जमा किए गए थे। उन्होंने बताया कि जिले ने 15,295 डबल बेडरूम घरों को मंजूरी दी थी, जिसके लिए प्रशासनिक अनुमति दी गई है और 12,733 घरों के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 9,143 कार्यों में से 6,131 पूरे हो चुके हैं।

## हैदराबाद के अधिकांश हिस्सों में शुष्क और गर्म मौसम

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को हैदराबाद के अधिकांश हिस्सों में शुष्क और गर्म मौसम रहा और शहर का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)-हैदराबाद के क्षेत्र-वार पूर्वानुमान के अनुसार, शहर में मौसम का यह मिजाज 21 सितंबर तक बने रहने की उम्मीद है। आम तौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है अगले चार दिनों के लिए हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। सुबह के समय धुंध भरा मौसम रहेगा।

## कापू नेस्थम योजना: आंध्र सीएम ने महिलाओं के लिए 536 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की

पूर्वी गोदावरी, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को कापू नेस्थम योजना की चौथी किश्त के लिए 536.77 करोड़ रुपये जारी किए, जिससे कापू, ओंटारी, बलिजा, तेलगा और वोंटारी समुदायों की 3,57,844 महिलाओं को लाभ हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि शनिवार को यहां एक बटन के क्लिक के माध्यम से राशि जारी करने से पहले एक विशाल सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) से महिला लाभार्थियों को भुगतान कर रही है, क्योंकि उसका दृढ़ विश्वास है कि केवल महिलाएं ही घरेलू मामलों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर सकती हैं। रेड्डी ने आगे कहा कि सरकार ने अब तक कापू नेस्थम पर 2,069 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिससे 45 से 60 वर्ष की आयु वाली प्रत्येक कापू महिला को 60,000 रुपये का लाभ दिया गया है।

## शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर सलामी ली



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के तहत तिरंगे झंडे का अनावरण किया। रंगारेड्डी जिले के एकीकृत जिला कार्यालयों का परिसर में जिला प्रशासन द्वारा रविवार को आयोजित एकता दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने अतिथि के रूप में शामिल होकर पुलिस की सलामी ली। बाद में मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया और भाषण दिया। समारोहों में एमएलसी बोग्गारापु दयानंद, जिला परिषद अध्यक्ष अनिता हरिनाथ रेड्डी, जिला कलेक्टर हरीश, अतिरिक्त कलेक्टर भूपाल रेड्डी, महेश्वरम डीसीपी सीएच श्रीनिवास, एसीपी श्रीनिवास, जिला राजस्व अधिकारी संगीता, कलक्ट्रेट ए.ओ. प्रमिला की रानी, सभी शाखाओं के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## विश्वकर्मा जयंती रचनात्मकता, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का उत्सव : भगवंत खुबा



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने विजयवाड़ा में विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा जयंती कारीगरों और शिल्पकारों की रचनात्मकता, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का उत्सव है, जिनका समाज में योगदान अमूल्य है। भगवंत खुबा ने उन्हें वास्तविक कर्मयोगी बताया जो हमेशा कड़ी मेहनत और समर्पण में विश्वास करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा के अंतर्गत नाई, मोची, दर्जी, ईंट राजमिस्त्री, वेल्डर और बढ़ई आदि जैसे विभिन्न व्यवसायों के तहत काम करने वाले 18 उपसमूह हैं, जिनके बिना हमारा जीवन पूरी तरह से अकल्पनीय और अस्थिर है। श्री खूबा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य दृष्टिकोण की सराहना की, जो देश को वैश्विक स्तर पर ले गए हैं और पिछड़े वर्गों के उत्थान को सुनिश्चित करते हैं। प्रधान मंत्री का दृष्टिकोण कौशल विकास, प्रशिक्षण और बिना किसी गारंटी के आर्थिक सहायता प्रदान करने के माध्यम से उनका समर्थन करना है। इस तरह के समर्पित और दूरदर्शी कदम भारत को 2047 तक एक अग्रणी अर्थव्यवस्था बना देंगे। भगवंत खुबा ने यह भी कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में इन 9 वर्षों के दौरान सभी नागरिकों की औसत व्यक्तिगत आय में भारी परिवर्तन और कई गुना वृद्धि हुई है। इस शुभ अवसर पर उन्होंने समस्त विश्वकर्मा समाज से अपील की कि वे केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये इस सुनहरे अवसर का उपयोग स्वरोजगार के माध्यम से अपने जीवन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करें।

इस अवसर पर मल्लादी विष्णु, विधायक, विजयवाड़ा मध्य, नरेंद्र ए पाटिल, मंडल रेल प्रबंधक, विजयवाड़ा मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, एन. युवराज, आईएएस, सरकार के सचिव, आंध्र सरकार के उद्योग और वाणिज्य, एमएसएमई मंत्रालय के अधिकारियों, वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया। विजयवाड़ा और उसके आसपास के लगभग 2000 कारीगर, शिल्पकार इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आगे आए और पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के तहत पंजीकरण के लिए अपने नाम प्रस्तुत किए।

## हैदराबाद में टीडीपी के वरिष्ठ नेता के खिलाफ केस

हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नरसिंगी में पुलिस अधिकारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के आरोप में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद मगंती बाबू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार शाम को एपी सीआईडी पुलिस द्वारा टीडीपी प्रमुख नारा चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के विरोध में मगंती बाबू अन्य टीडीपी नेताओं के साथ आउटर रिंग रोड की ओर बढ़े। जब वे नरसिंगी के कोकापेट पहुंचे, तो जब पुलिस अधिकारियों ने उन्हें रोका, तो उन्होंने बहस शुरू कर दी और उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की, जिससे हंगामा मच गया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# तेलंगाना से 100 दिनों के अंदर बीआरएस सरकार हटेगी : राहुल गांधी



हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 100 दिन अंदर बीआरएस की सरकार यहां से हट जाएगी, इसे कोई नहीं रोक सकता। चाहे बीजेपी चाहे, चाहे ओवैसी की पार्टी चाहे। इसे बदल नहीं सकती। राहुल ने तेलंगाना की जनता को 6 गारंटियां दीं। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त सफर की व्यवस्था की जाएगी। 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। राज्य के युवाओं को कॉलेज में एडमिशन की तैयारी के कोचिंग की जरूरत होती है। हमारी सरकार बनने पर युवाओं को कोचिंग के लिए 5 लाख रुपए दिए जाएंगे। बुजुर्गों को 4000 पेंशन, हर नागरिक को 10 लाख स्वास्थ्य बीमा और किसानों को हर साल 15 हजार रुपए और मजदूरों को 12 हजार रुपए दिए जाएंगे।

सोनिया गांधी ने भी संबोधन के दौरान राज्य की जनता को सरकार बनने पर यही गारंटियां पूरी करने का वादा किया। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जनसभा को संबोधित किया। अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ही तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा दिलाया। वहीं, मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर जमकर हमला किया।

इससे पहले यहां कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग हुई। इस दौरान 14 सूत्रीय प्रस्ताव पास किया गया। इसमें भरोसा जताया गया है कि पार्टी साल के अंत में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल कर लेगी। साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में चुनाव होने हैं। मीटिंग के दूसरे दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा- ये आराम से बैठने का समय नहीं है। दिन-रात मेहनत करनी होगी। जहां हमारी राज्य सरकारें हैं, उनके अच्छे कामों को प्रचारित करना होगा। सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं को मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने पार्टी के लोगों से कोई भी ऐसी टिप्पणी करने से बचने को कहा है, जिससे कांग्रेस को नुकसान पहुंचे।

### तेलंगाना के लिए 5 गारंटी की घोषणा करेगी कांग्रेस

तेलंगाना के तुक्कुगुडा में कांग्रेस आज रैली करेगी, जिसमें पार्टी तेलंगाना के लिए 5 गारंटी की घोषणा करेगी। खड़गे ने कहा- आज ऐतिहासिक दिन है। 1948 में आज ही के दिन हैदराबाद आजाद हुआ। नेहरू और सरदार पटेल ने हैदराबाद को मुक्त कराया था।

# श्री राजस्थानी विश्वकर्मा समाज ने भव्यता से की विश्वकर्मा पूजा



**हैदराबाद, 17 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)।** श्री राजस्थानी विश्वकर्मा समाज, हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन सुभाषनगर, कुतुबुल्लापुर, जीडिमेट्ला में हुआ, जिसमें सभी समाज के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पूरी श्रद्धा के साथ अपने आराध्य देव श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज के सदस्यों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसमें श्री राजस्थानी विश्वकर्मा सुथार व जांगिड़ समाज के अध्यक्ष नेमीचंद जांगीड (कोसणा) ने श्री विश्वकर्मा मंदिर का भव्य एवं दिव्य मंदिर के निर्माण की योजना का विस्तार से सभी समाज बंधुओ को अवगत कराया। इसके साथ ही समाज की कमेटी का भी विस्तार किया और सभी का कमेटी सदस्यों का सामान कर समाज के प्रति कटिबद्धता के साथ विकास कार्यों में दृढ़ता पूर्वक अग्रसर रहने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर राजस्थान से समाज के पुखराज जांगिड़ परासर, सुरेश पधारे जिसका समाज के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रहे समाज के बंधुओं में सियाराम जांगिड़, देवकरण, पूजा राम, सागर राम, नागरमल, सीताराम, बनवारी लाल, विनोद, गोपालचंद, अंबालाल, मांगीलाल, नारायण राम, शंकर लाल, मगाराम, देवाराम, गोविंद, पंचशील हार्डवेयर परसराम, हनुमानराम, संतोष जांगिड़, गोनाराम, जसराज, किशनलाल, लूणाराम, शंकरलाल, दिलीप शर्मा, धर्माराम, श्रवण राम, ताराचंद, विश्नाराम, बुद्धालाल आदि शामिल रहे। शांतिलाल सुथार ने सभी समाज बंधुओं को धन्यवाद प्रकट करते हुए श्री राजस्थान विश्वकर्मा समस्त जांगिड एंड सुथार समाज धन्यवाद की ओर से आभार जताया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.